WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 244 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं उल्टे बांस बरेली को। संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम हो चुके थे। इसके बाद भी विपक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान पर विशेष चर्चा कराए जाने की भी मांग की। जिसे सत्ता पक्ष ने मान लिया विपक्ष के नेताओं ने लोकसभा में संविधान चर्चा के नाम पर अपनी भड़ास ही निकाली, संविधान पर कम बोले सरकार पर निशाना ज्यादा साधा। जवाब में पीएम मोदी भी लगभग दो घंटे बोले, और विपक्ष के दबे हुए राज खोले। कुल मिलाकर विपक्ष ने खुद ही आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर डाली।

माओवादियों ने बेल्लम और नेडरा के मुठभेड़ को बताया फर्जी

भोपालपटनम /नवप्रदेश। माओवादी संगठन मद्देड एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि ब्राह्मणी हिंदुत्व फासीवादी भाजपा आरएसएस देश की नरेंद्र मोदी राज्य के विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में नक्सली उन्मूलन के नाम पर आदिवासी जनता के ऊपर ऑपरेशन कगार दमन हमले को बर्बर तरीके से चलते हुए जनता को मारपीट नरसंहार महिलाओं पर अत्याचार हत्या करने का मद्देड एरिया कमेटी खड़े शब्दों में निंदा करती है। हालांकि 12 दिसंबर 2024 को सीआरपीएफ एसटीएफ ड्रग के द्वारा बिलम नंदर गांव पर रातों-रात हमला कर घरों में सोए हुए लोगों को उठाकर हमला बांदा पोयम सानू को डंडों से पीट-पीट कर अपने साथ बीजापुर ले गए इनको आज तक ओपन नहीं किया गया और घरों में घुसकर जनता को परेशान किए हैं उनके सामानों को क्षति किए हैं और बलराम नंदर गांव में नक्सली मौजूद होने की सूचना के आधार पर सीआरपीएफ एसटीएफ कोबरा बस्तर फाइटर ड्रग ने 13 दिसंबर 2024 को गौतमपारा में घेराबंदी कर जनता अपने खेत के धन पर सोए हुए थे कमलू सोमाद को वाशी ऊंगा पिता देव कमलू कुमार को पकड़ के गंभीर यातना देकर कमरू सोमाद कवासी ऊंगा को निर्माण तरीके से हत्या किया गया है या पुलिस द्वारा नक्सली और पुलिस के बीच हुए मुठभेड़ में जो वर्दी धारी नक्सली को मार गिराया ।

सरकार भ्रष्टाचार नहीं रोक पा रही: विपक्ष

नयी दिल्ली (वार्ता)। विपक्ष ने सोमवार को लोक सभा में कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को रोक पाने में असफल रही है और अनुदानों की अनुपूरक मांगे ला रही है। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने वर्ष 2024-25 के लिये अनुदानों की अनुपूरक मांगे, प्रथम बैच पर चर्चा की शुरुआत करते हुये अडानी शेयर घोटाले का मामला उठाया और कहा कि जो प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड-सेबी की प्रमुख हैं, वह शेयरों में घोटाले की जांच कैसे कर सकती हैं, जब खुद उन पर इस मामले में आरोप लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार साठगांठ वाली पूंजीवादी व्यवस्था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि अडानी मामले में लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं और सरकार को इन सब सवालों का जवाब इस मामले की जांच के लिये संयुक्त संसदीय समिति-(जेपीसी) का गठन करके देना चाहिये।

नेहरू पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया

नई दिल्ली । राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की तरफ से राज्यों को आरक्षण संबंधी पत्र के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनसे माफी मांगने की मांग की।

दक्षिण कोरिया के नेता हान ने दिया इस्तीफा

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया की सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के नेता हान डोंग-हून ने सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। योनहाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। इससे पहले, हान ने राष्ट्रपति के महाभियोग के लिए समर्थन व्यक्त किया। हालांकि वह शुरू में इसके खिलाफ थे। उन्होंने राष्ट्रपति के इस्तीफे की वकालत करते हुए अपनी पार्टी के सांसदों से अपनी अंतर्रात्मा की आवाज सुनकर मतदान करने का आह्वान किया। अंत में, पार्टी का आंतरिक निर्णय महाभियोग के खिलाफ मतदान करने के बावजूद 12 पीपीपी सांसदों ने उनके आह्वान का पालन किया और इसके पक्ष में मतदान किया।

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉक आउट

बारदाना खरीदी में भ्रष्टाचार को खाद्य मंत्री ने किया खारिज, विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की उठी मांग

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बारदाना खरीदी में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के जांच की मांग को खारिज करने से नाराज कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बारदाना खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा

कि 17 करोड़ से अधिक बारदाने एक हजार करोड़ से क्रय किए जा रहे हैं। इन बारदानों का वजन स्टैंडर्ड बारदाने से 100 ग्राम तक कम है। निजी जूट मिलों को फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास ने कहा -जांच में बारदाने नहीं मिले अमानक

इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि गौरीशंकर जूट मिल के बारदानों में शिकायत मिली थी। जिला प्रशासन ने इसकी जांच की, जिसमें बारदाने अमानक नहीं पाए गए। निजी जूट मिलों को फायदा पहुंचाने का आरोप गलत है। बारदानों को लेकर कहीं भी किसान परेशान नहीं हैं।

बारदाने के वजन में कांटामारी

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि बारदाना का वजन 580 ग्राम होता है। लेकिन जो बारदाना केंद्रों तक पहुंचा है, उसका वजन 480 ग्राम है। इस पर मंत्री ने कहा कि जूट मिल कमिश्नर परीक्षण के बाद बारदाना भेजते हैं। नेता प्रतिपक्ष तरेंगा सोसाइटी जाकर आरोप लगाए थे। वहां जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जांच की, इसमें बारदाना अमानक नहीं मिले। बारदाना का वजन नमी के कम हो जाता है। इसके बाद बारदाना का वजन 545 ग्राम है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि इस मामले में बड़ा भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। इसकी जांच विधानसभा की कमेटी से कराएं। इस पर मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि जांच की आवश्यकता नहीं है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस ने सदन से वॉक आउट किया।

धान खरीदी पर गरमाया सदन, मचा हंगामा

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने उठाया प्रदेश में धान खरीदी का मुद्दा उठाया। विपक्ष की मांग पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई। इसके साथ ही विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए हंगामा को शांत कराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि धान खरीदी में ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में किसान परेशान हैं। 16 दिसम्बर हो गया है, लेकिन अब तक एक-तिहाई धान नहीं खरीदा गया। धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था है। प्रदेश में बहुत सारे धान खरीदी केंद्र ऐसे हैं, जहां खरीदी नहीं हो रही है।

किसानों की परेशानी पर चर्चा की मांग

भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में किसानों को बारदाने की व्यवस्था नहीं हो रही है। राइस मिलर का पेमेंट नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी में किसानों की परेशानी पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष के आरोपों पर सत्ता पक्ष से अजय चंद्राकर ने कहा कि राइस मिलर का भुगतान कांग्रेस शासनकाल से अटका हुआ है।

सरकारी जमीन की अफरा-तफरी का मुद्दा

धिानसभा के शीतकालीन सत्र में पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान सरकारी जमीन की अफरा-तफरी का मुद्दा सदस्यों ने उठाया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शिकायतों की जांच कलेक्टर से कराने की आश्वासन दिया। प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते ही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा का मुद्दा उठाया। कहा कि जिले के कई जगहों पर भूमि पर अवैध कब्जा हुआ है।

टंकराम बोल- कराएंगे जांच

इस पर मंत्री ने कहा कि अभी पट्टा वितरण नहीं हुआ। पिछली सरकार में गलत ढंग से गलत पट्टा बंटा हो तो उसकी जांच कराएंगे। विधायक धरमजीत सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन की अफरा-तफरी हुई है। इस पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि शिकायतों की जांच कलेक्टर से कराएंगे।

खोटे सिक्के हैं ले आए : अजय चंद्राकर

पुराने नेताओं की घर वापसी के लिए कांग्रेस की समिति पर बीजेपी के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जो उपाय कर ले, उनकी नियति तय है। जनता ने एक साल पहले तय कर दी थी उनकी नियति। जितने भी खोटे सिक्के हैं ले आए।

अनियमितताओं पर घिरे पीएचई मंत्री

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा उठा. पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि पहले जल स्त्रोत की व्यवस्था करने के बाद ढांचा बनाए जाने के नियम है. लेकिन प्रदेश में 994 टंकियां बनाने के बाद अब जल स्त्रोत की व्यवस्था की जा रही है।

भाजपा विधायक ने उठाया जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले के कई गांवों में गड़बड़ी की गई। ग्रामीणों को नल कनेक्शन नहीं मिला। इस पर पीएचई मंत्री अरुण साव ने कहा कि कोविड के कारण योजना के क्रियान्वयन में विलंब हुआ। योजना के तहत अब तक 39 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिया गया है। इस पर अजय चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत सरकार की वेबसाइट और आपके द्वारा दिए आंकड़े में अंतर है. पहले जल स्त्रोत ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री साव ने दिया ये जवाब

मंत्री अरुण साव ने कहा कि पहले जल स्त्रोत की व्यवस्था करने के बाद ढांचा बनाए जाने के नियम है।अजय चंद्राकर ने कहा कि कितने गांव में टंकी ढांचा, बिना जल स्त्रोत के तैयार हुए हैं. मंत्री ने कहा कि 994 टंकियां तैयार हैं, इनमें जल स्त्रोत की व्यवस्था की जा रही है. भाजपा विधायक भावना बोहरा और कांग्रेस विधायक अंबिका मरकाम ने भी ध्यानाकर्षण में जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने शहीद जवानों के लिए लिखा संदेश

सर्वोच्च बलिदान के चलते आज बस्तर नक्सल मुक्त की राह पर

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे का सोमवार को दूसरा दिन है। अपने बस्तर दौरे के बीच उन्होंने शहीद जवानों के लिए संदेश लिखा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस के विजिटर्स बुक में लिखा कि आज प्रकृति के गोद में बसे बस्तर में राज्य और देश की सुरक्षा के लिए अमर शहीद के स्मारक पर उनको श्रद्धांजलि दी। जगदलपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर शहीद वाटिका पहुंचकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अमर जवान स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर नक्सल अभियान के दौरान शहीद जवानों की शहादत को नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

शहीदों की स्मृति में रुद्राक्ष का पौधा लगाया: इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अमर वाटिका परिसर में शहीदों के नाम के ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह को किया स्मृतिचिन्ह भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को सर्किट हाउस जगदलपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को स्मृति चिन्ह के रूप में धनुष बाण भेंट किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत, 7 जख्मी

बलोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सोमवार की सुबह ट्रक और यात्री कार के बीच जोरदार टक्कर होने से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार सुबह डोंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर चौरापावड़ के पास हुई। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक अन्य वाहन को जोरदार टक्कर मारी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक जोशी ने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही कार को टक्कर मार दी, इससे छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। एएसपी जोशी ने कहा कि आरोपी ट्रक चालक मौके से भाग गया ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने की पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली(ए.)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके तीन दिवसीय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अलावा रक्षा, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए व्यापक बातचीत की। बता दें कि श्रीलंका के राष्ट्रपति बनने के बाद दिसानायके की ये पहली विदेश यात्रा है, जिसके लिए वो रविवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली पहुंचे। वार्ता से पहले राष्ट्रपति दिसानायके का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया गया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी और अनुरा दिसानायके की वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों के देशों ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

संसद में हंगामे के बीच प्रियंका ने पूछा सवाल मंत्री ने दिया जवाब, क्यों उठा फिलस्तीन का मुद्दा?

नई दिल्ली (ए.)। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से जारी है। इस बार अभी तक का सत्र काफी ज्यादा हंगामेदार रहा। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी फिलस्तीन के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए एक थैला लेकर संसद पहुंची। इस थैले में फिलस्तीन लिखा था। संसद की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में सवाल पूछा। उनका सवाल अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में इंसान और जानवरों के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर था। उन्होंने बताया कि एक साल में जानवरों के हमले में 90 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस सांसद ने ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

खौफ पर विजय...

चार घंटे के अंतराल पर दूसरी बार किया हमला, गरियाबंद जिले के बारूका गांव में दहशत का माहौल

साहस को सलाम : मासूम को तेंदुए के खूनी पंजे से बचाया

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के ग्राम बारुका में महज 4 घंटे के अंतराल में तेंदुए के हमले की दूसरी बड़ी घटना सामने आई है। इस बार जंगली तेंदुए ने ढाई साल की मासूम रश्मि यादव पर हमला कर जख्मी कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब एक बजे रश्मि अपने घर के आंगन में खेल रही थी, तभी तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर पास में काम कर रहे गांव के ही देवानंद यादव ने हिम्मत दिखाते हुए बच्ची को बचाया।

इसके बाद गंभीर स्थिति में रश्मि की जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद ग्राम बारूका में दहशत का माहौल है। दिनदहाड़े तेंदुआ द्वारा आम लोगों पर हमला करने से गांव वाले अब दिन में भी बाहर निकालने के पहले डरने लगे हैं। घटना के बाद से गांव में दिन में भी विरानी नजर आने लगी है। मालूम हो की इसके पहले सोमवार की सुबह मनहरण यादव पर हमला कर दिया था, जो जिला अस्पताल में भर्ती है।

घटना को रश्मि के पिता विश्वकर्मा ने बताया कि घटना के दौरान रश्मि एवम उनकी पत्नी घर में अकेले थी। पत्नी ने फोन पर घटना की सूचना दी। इसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्ची का इलाज जा रही है। बच्ची को सिर, चेहरे और हाथ में गंभीर चोट आई है। हमले की दो बड़ी घटना होने के बाद आखिरकार तेंदुआ बारुका ग्राम के एक किसान के घर के कमरे में कैद हो गया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।

युवक पर किया जानलेवा हमला

गरियाबंद जिले के ग्राम बारूका में आज सुबह 10 बजे गांव से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर 30 वर्षीय युवक मनहरण यादव पिता बिहारी यादव पर अचानक एक तेंदुए ने हमला कर दिया। युवक के सिर, नाक और हाथ में गंभीर चोटे आई है। इसी स्थान पर दो वर्ष पूर्व एक तेंदुए को वन विभाग द्वारा जाल बिछाकर पकड़ा गया था। ग्रामीणों की मांग है कि इस आदमखोर तेंदुए को तत्काल पिंजरा लगाकर पकड़ा जाये। गरियाबंद जिले में आये दिन तेंदुए का आतंक बढ़ते जा रहा है। बरसाती फाल, चिंगरापगार इसी बारूका गांव में स्थित है, जहां बरसात के दिनों में बड़ी मात्रा में पर्यटक पहुंचते हैं। इस घटना के पूर्व भी गांव के लोगों ने वन विभाग को शिकायत किया है कि रात के समय तेंदुआ घरों में घुसकर छोटे बछिया, बछड़े, कुत्ता, बकरी तथा मुर्गियों को उठाकर ले जाते हैं। यहां तक जिस जगह वन विभाग का चेकपोस्ट और बच्चों के स्कूल है, वहां भी तेंदुआ द्वारा पूर्व में पालतु पशुओं का शिकार किया जा चुका है। युवक पर तेंदुआ का दिन दहाड़े हमला से ग्रामीणों में विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गहरा चिंता है।

वन विभाग द्वारा तत्काल इस प्रकार के हमले पर कोई कारगर कार्यवाही ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीलंकाई राष्ट्रपति दिसानायके ने की पीएम मोदी से मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई बातचीत

नई दिल्ली। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके तीन दिवसीय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अलावा रक्षा, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए व्यापक बातचीत की। बता दें कि श्रीलंका के राष्ट्रपति बनने के बाद दिसानायके की ये पहली विदेश यात्रा है, जिसके लिए वो रविवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली पहुंचे। वार्ता से पहले राष्ट्रपति दिसानायके का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया गया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी और अनुरा दिसानायके की वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों के देशों के बीच व्यापार, निवेश, विकास और सुरक्षा सहयोग को लेकर बात हुई।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा की शुरुआत में राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात करके खुशी हुई। श्रीलंका हमारे 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर आउटलुक' के लिए अहम है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत से दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ेगा।

दिसानायके का सोशल मीडिया पोस्ट

इससे पहले राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा था कि उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अपनी बैठकों में पारस्परिक हितों पर उपयोगी चर्चा की। दिसानायके ने एक्स पर लिखा, नई दिल्ली पहुंचा, जहां मुझे सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और अन्य अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आज रात एस. जयशंकर और अजीत डोभाल के साथ आपसी हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय का बयान

दिसानायके के भारत दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दिसानायके की यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को और गहरा करने तथा द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने पर केंद्रित होगी। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे।

'भारत की पड़ोस प्रथम नीति के लिए श्रीलंका अहम' : जयशंकर

भारत दौरे पर आएं श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने भारत की पड़ोस प्रथम नीति और सागर आउटलुक में श्रीलंका की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की प्रधानमंत्री मोदी के साथ होने वाली बैठक से भारत और श्रीलंका के बीच सहयोग और बढ़ेगा। बता दें कि राष्ट्रपति दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। इस दौरान वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

न्यूज गैलरी

चीन जाने वाले हैं सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर बीते दिनों कुछ नरमी देखने को मिली। देपसांग और डेमचोक के फ्रिक्शन पॉइंट पर डिसइंगेजमेंट के बाद दोनों देशों में बातचीत का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक जल्द ही भारत के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल चीन की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान वह अपने समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि वह दो से तीन दिन चीन के दौरे पर रह सकते हैं। दोनों ही देश इस दौरे की तारीख निश्चित करने पर लगे हैं। सूत्रों का कहना कि दिसंबर के आखिरी या फिर जनवरी की शुरुआत में ही एनएसए डोभाल चीन जा सकते हैं। इस दौरान वह विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता करेंगे। डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग के बीच रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर को बातचीत हुई थी। इसके बाद ही डिइंगेजमेंट को लेकर सहमति बननी शुरू हो गई और फिर 21 अक्टूबर को इसपर अंतिम निर्णय हो गया।

'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ मुख्यमंत्री स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी एक 'देश एक चुनाव' विधेयक के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने सोमवार को विधेयक के विरोध में सभी लोकतांत्रिक ताकतों और राजनीतिक दलों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधार की आड़ में लाए गए कानून के खिलाफपूरी ताकत से लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और संविधान को बचाने की पहल की जाए। सीएम स्टालिन ने दावा किया कि इस विधेयक से भारत की राजनीति के बदलने का खतरा है। हालांकि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के पास विधेयक को पारित करने के लिए बहुमत नहीं है।

याचिका में महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का अनुरोध

महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक खास याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई। दरअसल, याचिका में समाज में महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अखिल भारतीय दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों तथा उनसे संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया। साथ ही मामले की अगली सुनवाई जनवरी में तय की।

नपुंसक बनाने जैसी सजाएं मिलनी चाहिए

उन्होंने कहा कि स्कैंडिनेवियाई देशों की तरह अपराधियों को रासायनिक नपुंसक बनाने जैसी सजाएं मिलनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह याचिका में उल्लेख किए गए कई अनुरोधों को स्वीकार नहीं करेगी क्योंकि वे बर्बर और भयावह हैं, लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे हैं जो बहुत नए हैं और उनकी जांच की आवश्यकता है।

अदालत ने क्या कुछ कहा?

न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में उचित व्यवहार बनाए रखने का सवाल विचार करने लायक मुद्दों में से एक है और बसों, मेट्रो और ट्रेनों में किसी को कैसे व्यवहार करना चाहिए, इस पर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों में क्या करें और क्या न करें इसका प्रचार करने की जरूरत है।

पीठ ने कहा, 'सार्वजनिक परिवहन में उचित सामाजिक व्यवहार के बारे में न सिर्फ शिक्षा दी जानी चाहिए, बल्कि इसे सख्ती से लागू करने की जरूरत है क्योंकि एयरलाइनों में भी कुछ अनुचित घटनाएं सामने आई हैं।'

निर्भया मामले को भी रखा सामने

पवानी ने बताया कि सोमवार को 2012 के भयावह निर्भया मामले की बरसी है, जहां एक 23 साल की महिला फिजियोथेरेपी इंटर्न के साथ बस में सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उस पर हमला किया गया था। बाद में पीड़िता की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हालांकि कई मामलों में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। कड़े कानून और दंड का भी प्रावधान भी हैं, मगर क्या उन्हें लागू किया जा रहा है?

पीठ का केंद्र को निर्देश

इस पर पीठ ने कहा कि हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि नियम लागू होने में क्या कुछ कमी रह जा रही है। अदालत ने निर्देश दिया कि मंत्रालयों और उनके संबंधित विभागों को अटॉर्नी जनरल के कार्यालय क माध्यम से नोटिस जारी किया जाए।

'यौन उत्पीड़न की घटनाओं को नहीं किया जा रहा दर्ज'

याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महालक्ष्मी पवानी ने कहा कि छोटे शहरों में महिलाओं के खिलाफयौन उत्पीड़न की कई घटनाएं हो रही हैं और उन्हें दर्ज नहीं किया जा रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद यौन हिंसा की करीब 95 घटनाएं हुई हैं, लेकिन इन्हें उजागर नहीं किया गया।

निर्मला सीतारमण ने नेहरू का नाम लेकर घेरा

बेशर्मी से संविधान में संशोधन करती रही कांग्रेस

नई दिल्ली। संविधान पर बहस के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को अतीत में की गई कार्रवाई को लेकर घेरा। उन्होंने पार्टी पर बोलने की आजादी पर रोक लगाने के आरोप लगाए हैं। इस दौरान उन्होंने कवि मजरूह सुल्तानपुरी की गिरफ्तारी से लेकर 'किस्सा कुर्सी का' फिल्म बैन होने तक का मुद्दा उठाया। सीतारमण ने कहा, '...मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी को 1949 में जेल में डाल दिया गया था। 1949 में मिल मजदूरों की हुई एक बैठक में मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता सुनाई थी, जो जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ था और इसलिए उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया था और जेल भेज दिया गया था...।'

उन्होंने कहा, '...बोलने की आजादी पर लगाम लगाने का कांग्रेस का रिकॉर्ड सिर्फ इन दो लोगों तक सीमित नहीं है। 1975 में माइकल एडवर्ड्स की लिकी नेहरू एक राजनीतिक जीवनी किताब को बैन कर दिया गया था। उन्होंने किस्सा कुर्सी फिल्म पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध लगा दिया

था, क्योंकि वह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठा रही थी...।'

वित्त मंत्री ने कहा, '...कांग्रेस पार्टी ने परिवार और वंशवाद के लिए मदद करने के लिए बेशर्मी से संविधान में संशोधन किए...। ये संशोधन लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं थे, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की मदद करने के लिए थे। पूरी प्रक्रिया परिवार को सशक्त करने के लिए थी।' इस दौरान उन्होंने INDIA गठबंधन पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, '...मैं ऐसे राजनेताओं को भी जानती हूं, जिन्होंने अपने बच्चों के नाम MISA पर रख दिए, ताकि उन काले दिनों को याद रखा जा सके। अब वह उनके साथ गठबंधन से भी नहीं हिचक रहे हैं...।'

दिल्ली में सपा नहीं उतारेगी उम्मीदवार अखिलेश का आप को बिना शर्त समर्थन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार नहीं उतारेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप को बिना शर्त समर्थन देने की बात कही है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक बार फिर नई दिल्ली से चुनावी मैदान में हैं। दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

आम आदमी पार्टी ने मालवीय नगर से सोमनाथ भारती को उतारा है। ग्रैटर कैलाश से मंत्री सौरभ भारद्वाज प्रत्याशी हैं। बाबरपुर से मंत्री गोपाल राय और तिलक नगर से जरनैल सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सत्येंद्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, मुकेश कुमार अहलावत सुल्तानपुर माजरा से, रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से, सोम दत्त सदर बाजार से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पार्टी ने मनीष सिसोदिया को इस बार जंगपुरा से चुनाव मैदान में उतारा है।

आप ने 15 फीसदी महिलाओं को दिया मौका

पांच मुस्लिम समुदाय से उम्मीदवार उतारे हैं। 10 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। यानी 15 फीसदी महिलाओं को जगह दी है। अब आप ने 70 सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 11 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया था। वहीं, दूसरी सूची में 20 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। पार्टी ने अपनी तीसरी सूची में एक नाम की घोषणा की थी। चौथी व अंतिम सूची में 38 नामों की घोषणा की गई है। अगले साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव होना है। जिसकी तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरे जोश में काम कर रही है। अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान अभी हुआ नहीं है। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भाजपा के खाते में 8 सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस के हाथ खाली रहे थे।

एलजी ने सीएम आतिशी को लिखी चिट्ठी

14 लंबित सीएजी रिपोर्ट पेश करने और विशेष विधानसभा सत्र बुलाने को कहा दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को एक बार फिर लंबित सीएजी रिपोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने पत्र में दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है, जिससे लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जा सके। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में समय पर प्रस्तुत न करके दिल्ली सरकार अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करने में नाकामयाब रही। ये सभी रिपोर्ट उस समय की हैं जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे।

सत्येंद्र जैन की याचिका पर दिल्ली कोर्ट में हुई सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया है। उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत का मामला दर्ज है। राउज ऐवन्यू कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को नोटिस भेजा है। अब कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है। दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। जैन ने शिकायत में आरोप लगाया कि स्वराज ने 5 अक्तूबर 2023 को एक टीवी साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

मणिपुर सीएम ने की बिहार के किशोरों की हत्या की निंदा, 10 लाख के मुआवजे का एलान

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले में हुई बिहार के दो किशोरों की हत्या की सीएम एन बीरेन सिंह ने निंदा की है। उन्होंने दोनों मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को पकड़ने और मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। मणिपुर के काकचिंग जिले में बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी सुनालाल कुमार और दशरथ कुमार की काकचिंग-वाबागई रोड पर केराक में पंचायत कार्यालय के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। दोनों किशोर निर्माण मजदूर के रूप में काम कर रहे थे और मेटेई बहुल काकचिंग में किराये के मकान में रहते थे।

इसे लेकर एक्स पर पोस्ट में सीएम एन बीरेन सिंह ने लिखा कि मैं मणिपुर के

काकचिंग जिले में बिहार के युवा भाइयों सुनालाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। यह कृत्य हमारे मूल्यों पर सीधा हमला है और मेरी गहरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उन्होंने लिखा कि हम इस संभावना को नजर अंदाज़ नहीं कर सकते कि यह भयानक अपराध हमारे राज्य को अस्थिर करने और इसे अराजकता की ओर धकेलने की एक बड़ी साजिश है। हमें इन विनाशकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भय और असुरक्षा पैदा करने में सफल न हों। सीएम ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिवार को ?10 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। जिम्मेदार लोगों की पहचान करने, उन्हें पकड़ने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यदि जरूरी हुआ तो निष्पक्ष और गहन जांच के लिए मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया जाएगा। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियारों का जखीरा और गोला-बारूद जब्त किया।

फ्रांस में चक्रवात ने मचाई तबाही, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका...

पेरिस। फ्रांस के मायोट क्षेत्र में चक्रवात 'चिडो' के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। कई इलाकों पर तबाही का ऐसा मंजर पसरा हुआ है, मानो परमाणु हमले के बाद की तबाही हो। स्थानीय लोगों का हाल इतना बुरा है कि कई दिनों से पीने को पानी नहीं है, खाने को भोजन नहीं और कइयों के तो घर तूफान में उड़ गए। अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या हजारों में भी जा सकती है।

चक्रवात चिडो के कारण मायोट इलाके में 225 किमी/घंटा (140 मील प्रति घंटे)

से अधिक की गति से हवाएं चलीं। इससे वे क्षेत्र नष्ट हो गए जहां बेसहारा लोग टिन की छत वाली झुग्गियों में रह रहे थे। इलाके के एक स्थानीय ममूदज़ौ ने बीबीसी से बातचीत में कहा, "हमें तीन दिनों से पानी नहीं मिला है।÷ एक अन्य ने कहा, "मेरे कुछ पड़ोसी भूखे और प्यासे हैं।"

मलबे से शवों को निकालने में लगेंगे कई दिन

बचावकर्मी मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। बचाव कर्मियों का कहना है कि इलाके में तबाही इतनी ज्यादा है कि मलबे से शवों को निकालने में ही कई दिन लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या हज़ारों तक पहुंच सकती है। चक्रवात के कारण हवाई अड्डे सहित सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, इलाके तबाह हो गए हैं और बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

फ्रांस ने 90 साल बाद देखी ऐसी तबाही

फ्रांस के एक टीवी चैनल मायोट लाएरे की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 90 वर्षों में आया अब तक का सबसे भयंकर तूफान है। इस तबाही में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, शायद संख्या लगभग एक हजार के करीब हो सकती है या फिर हजारों में भी पहुंच सकती है।

ऐतिहासिक जीत... | **बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंतर्निहित रहेगा**

राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने विजय दिवस पर 1971 के भारत-पाक युद्ध के नायकों को किया नमन

नई दिल्ली। 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक विजय दिवस समारोह आज मनाया जा रहा है। सोमवार को कोलकाता स्थित भारतीय सेना की पूर्वी कमान फोर्ट विलियम में विजय दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों ने विजय स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में बांग्लादेश के सैनिक भी शामिल हुए। वहीं देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा

मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीद सैनिकों को नमन किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा कि विजय दिवस पर मैं उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारत को विजय दिलाई। राष्ट्र हमारे वीरों के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। उनकी कहानियां हर भारतीय को प्रेरित करती हैं और राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी रहेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विजय दिवस पर भारत की जीत के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने देश की रक्षा की। उन्होंने कहा कि यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अडिग भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंतर्निहित रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा।

भारतीय वायु सेना भी विजय दिवस सैनिकों के बलिदान को नमन किया। वायु सेना ने एक्स पर लिखा कि विजय दिवसः 1971 का भारत-पाक युद्ध 16 दिसंबर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाज़ी द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ। इसने एक स्वतंत्र बांग्लादेश को जन्म दिया।

यह ऐतिहासिक पल एक समन्वित सैन्य प्रयास के माध्यम से हासिल किया गया था। इसमें भारतीय वायु सेना ने 13-दिवसीय संघर्ष में त्वरित और निर्णायक भूमिका निभाई थी। इसे लाइटनिंग वॉर भी कहा जाता है। ट्वीट में लिखा गया कि वायु सेना ने एक गहन और घातक हवाई अभियान चलाया था। लड़ाकू विमानों ने पश्चिमी क्षेत्र में 2400 से अधिक आक्रामक मिशन और पूर्वी क्षेत्र में 2000 से अधिक उड़ानें भरीं थीं।

डीईओ की शवयात्रा निकालकर कलेक्ट्रेट का किया घेराव

शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ एनएसयूआई का हंगामेदार प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) टी. आर. साहू की कथित अनियमितताओं को लेकर एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) के नेतृत्व में एक अनोखा और प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ।

इस प्रदर्शन के माध्यम से एनएसयूआई ने शिक्षा विभाग और टी. आर. साहू के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। छात्रों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए साहू के खिलाफ जांच और उन्हें जिले से हटाने की मांग की। उनका कहना था कि अगर 20 दिनों के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी नाराजगी को जाहिर करने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाई। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की शवयात्रा निकाली, जो इस बात का प्रतीक थी कि वे

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को मृत मान रहे हैं। इस शवयात्रा के माध्यम से वे यह संदेश देना चाहते थे कि अगर प्रशासन समय रहते शिक्षा विभाग में सुधार नहीं करता, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। शवयात्रा के बाद एनएसयूआई के नेता और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। प्रदर्शन की सबसे अनोखी बात तब देखने को मिली, जब एनएसयूआई के नेता रंजीत सिंह और उनके साथियों ने अपने द्वारा फैलाए गए कचरे को खुद ही साफ करना शुरू कर दिया। पुलिस के साथ छीना-झपटी के दौरान शवयात्रा में इस्तेमाल किए गए बांस और पत्तों के फैल जाने के बाद, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने खुद इसे समेटा और साफ किया।

डीपी कॉलेज में परीक्षा फॉर्म को लेकर छात्र परेशान

डीपी विप्र महाविद्यालय के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने में हो रही परेशानियों को लेकर छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन ने परीक्षा नियंत्रक तरुण दिवान के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन देकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। छात्र सचिव सुरेंद्र साहू ने बताया कि वर्तमान में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर यूजी प्रथम सेमेस्टर और पीजी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। छात्र-छात्राएं इन फॉर्म की हार्डकॉपी जमा करने के लिए डीपी विप्र महाविद्यालय पहुंचे, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें अस्वीकार कर दिया। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि डीपी विप्र कॉलेज अब

ऑटोनोमस हो गया है, इसलिए छात्रों को परीक्षा फॉर्म कॉलेज द्वारा जारी अलग पोर्टल से भरना होगा। साथ ही, छात्रों से यह भी कहा गया कि जिन्होंने विश्वविद्यालय के पोर्टल पर फॉर्म भरे हैं, वे शुल्क वापसी के लिए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में आवेदन करें।

पुलिस के साथ झूमाझटकी

प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर इतने उत्तेजित थे कि पुलिस को उनके साथ काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालात को संभालने के लिए पुलिस ने शांति बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों का जोश देखते ही बन रहा था।

न्यूज गैलरी

जुआ खेलते 5 जुआरी पकड़ाए

बिलासपुर/नवप्रदेश। अलग अलग थाना क्षेत्र में हार जीत का दावा लगाते जुआरियों को पुलिस से गिरफ्तार किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। सिटी कोतवाली पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि यादव मोहल्ला टिकरापारा बिलासपुर मे 13 दिसंबर के दरमियानी रात 52 पत्ती तास से रूपये पैसों के हार जीत का दाव लगाकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर कुछ जुआरियों को पकड़ा गया। साथ ही कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 3000 रूपये एवं ताशपत्ती के 52 पत्ते जब्त किया गया। जुआरियो के खिलाफ धारा 3,(2) छ.ग जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। पकड़े गए जुआरी विनोद कश्यप पिता स्व सुनील कश्यप उम्र 34 साल निवासी यादव मोहल्ला टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली, संजय मानिकपुरी पिता मुन्ना मानिकपुरी उम्र 28 साल निवासी यादव मोहल्ला टिकरापारा, अनिश उर्फ कर्य साहू पिता रामू साहू उम्र 22 साल निवासी यादव मोहल्ला टिकरापारा, लक्की गुप्ता पिता प्रनोद गुप्ता उम्र 30 साल निवासी कृष्णा नगर साव धर्मशाला जुना बिलासपुर, मनीष छाबडा पिता अमरलाल धामका उम्र 27 साल सिटी कोतवाली बिलासपुर हैं।

धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के विरूद्ध जारी रहेगी कार्रवाई

निःशक्तजनों को रोजगार मुहैया कराने शहर में खुलेगा दिव्यांग बाजार

■ **कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा**

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर शहर निःशक्तजनों के लिए अलग से दिव्यांग बाजार विकसित किया जायेगा। दिव्यांग जनों को इनका आवंटन कर उन्हें शासन की अन्य योजनाओं से भी जोड़ा जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक टीएल बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को उचित स्थान चिन्हित कर इसकी कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।*

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। उन्होंने अनुबंध के बावजूद धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने समिति की बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर मद से चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मद में राशि की उपलब्धता पर्याप्त है। यूटिलाईजेशन प्रमाण पत्र देकर अगली किश्त लिया जाए। कलेक्टर ने सभी शासकीय वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स रखने के निर्देश दिए। रेडक्रास सोसायटी द्वारा सभी शासकीय वाहनों के लिए बाक्स उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने इस माह के 19 से 25 दिसम्बर तक मनाये जाने वाले सुशासन सप्ताह के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। अब तक लंबित समस्याओं का निराकरण कर अपलोड किये जाने पर जोर दिया। टीएल बैठक के बाद अर्बन पब्लिक सोसायटी की बैठक में हुई। जिसमें पीएम-ई बस सेवा के लिए बस डिपों में आधारभूत संरचना निर्माण के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

स्कूलों के समय में बदलाव के निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की भर्ती पूर्ण हो चुकी है। इसलिए आस-पास के स्कूलों से संलग्न किये गये शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया जाये। बढ़ती ठण्ड को देखते हुए दो पालियों में लगने वाले स्कूलों के समय में बदलाव करने के निर्देश डीईओ को दिए। अनियमित भवनों के नियमितीकरण कार्य की भी समीक्षा की।

रक्सौल में 2 करोड़ से अधिक का प्रतिबंधित माल पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों ने राजकीय रेल पुलिस और कस्टम के साथ मिलकर प्रतिबंधित वस्तुओं का एक बड़ी खेप पकड़ी है जिसकी कीमत करोड़ों में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त अभियान चलाकर रक्सौल स्टेशन पर कुल 2 करोड़ 63 लाख रुपए से अधिक मूल्य वाले डिस्पोजेबल आई पॉड बरामद किए गए। रविवार की सुबह 08.35 बजे प्लेटफार्म संख्या 01 पर खड़ी गाड़ी संख्या 15273 रक्सौल-आनंद विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस के एसएलआर की जांच के दौरान उपरोक्त माल को पकड़ा गया और स्टेशन पर उतार लिया गया । गाड़ी संख्या 15273 के एसएलआर कोच से कुल आठ पैकेट उतारे गये। उसके बाद रेल सुरक्षा बल, रक्सौल, राजकीय रेल पुलिस, रक्सौल एवं कस्टम,रक्सौल द्वारा एसएलआर कोच से उतारे गये आठ पैकेटों को जीआरपी थाना, रक्सौल पर लाया गया जहां पर फाड़ कर देखा तो उसमें कुल 6598 अदद डिस्पोजेबल पॉड डिवाइस (प्रतिबंधित विदेशी वस्तु, नेपाल) मिला जिसे जप्त कर लिया गया । अंतरराष्ट्रीय बाजार में जप्त की गई सामग्री की कीमत 26302600/- रुपये आकलित की गयी है।

प्रतिमा अनावरण में नहीं बुलाया, विधायक धर्मजीत पर समूह की महिलाएं भड़की

■ **कहा-नारी शक्ति का अपमान**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के तखतपुर क्षेत्र में स्वसहायता समूह की महिलाओं को बुलाए बगैर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण कराने पर जमकर बवाल हुआ। नाराज महिलाओं ने हंगामा मचाते हुए सरपंच और विधायक धर्मजीत सिंह को खरी-खोटी सुनाई और चक्काजाम कर दिया। इसके चलते पुलिस अफसरों के हाथ-पांव फूल गए और लाइन से अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। बाद में नाराज महिलाओं ने गांव की छोटी बच्ची से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण कराया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान सरपंच ने महिलाओं से माफी भी मांगी। दरअसल ग्राम गनियारी के बस स्टैंड के पास पंचायत भवन का निर्माण काराया गया है। वहीं पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। पंचायत भवन के लोकापर्ण कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक धरमजीत सिंह मुख्य अतिथि थे। दोपहर करीब तीन बजे पंचायत भवन का

बुलाना पड़ा पुलिस बल

आक्रोशित महिलाओं को संभालने के लिए वहां बल की कमी थी। महिलाओं का आक्रोश इतना भड़क गया कि वह किसी की बात मानने के लिए तैयार नहीं थी। मौके पर एएसपी अर्चना झा, एसडीओपी नुपुर उपाध्याय ने उन्हें समझाइश देने की कोशिश की। इसके बाद आसपास के सभी थानों के टीआई के साथ ही पुलिस लाइन से एक्स्ट्रा बल बुलाया गया। तब तक महिलाओं ने सड़क को घेर लिया था। भीड़ से किसी तरह विधायक के काफिले को बाहर निकाला गया, जिसके बाद विधायक धर्मजीत सिंह वहां से रवाना हो गए।

लोकापर्ण किया। इसी दौरान सरपंच सहित स्थानीय लोग विधायक के सामने अपना नंबर बढ़ाने उन्हें प्रतिमा के अनावरण के लिए ले गए। सरपंच और विधायक मौके पर पहुंचे ही थे कि इससे पहले कुछ लोगों ने प्रतिमा का लोकापर्ण कर दिया। महिला का कहना था कि प्रतिमा के निर्माण में नारी शक्ति स्व सहायता समूह की महिलाओं का विशेष योगदान दिया था।

नदारद शिक्षक व कर्मचारियों को कारण बताने अंतिम नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में तीन साल अथवा इससे ज्यादा समय से नदारद 5 शिक्षक व भृत्यों को अनुपस्थिति का कारण बताने अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद नियमानुसार सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। जिन लोगों को नोटिस जारी की गई है उनमें यशवंत साहू, मदन लाल श्यामले, राकेश मिश्रा, अमन मिरी भृत्य एवं शशिकांत यादव भृत्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सीस शामिल हैं।

सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठजनों का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठजनों से संबंधित विषयों पर परिचर्चा के साथ-साथ उनके सम्मान का कार्यक्रम प्रार्थना सभा भवन में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठजनों द्वारा मुख्य रूप से चर्चा में यह बात कहीं कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु आयोग/मंत्रालय की स्थापना तथा उनके संघ को प्रतिनिधित्व एवं आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठजनों को विशेष सहायता योजना ग्राम पंचायत स्तर से वरिष्ठजनों के देख-रेख के लिये योजना तैयार की जावे ताकि शहर के अंतिम छोर तक वरिष्ठ नागरिक अपने आपको असहाय और अकेलापन महसुस न कर सके। इस अवसर पर विभागीय कलापथक दल ने



वरिष्ठजनों तथा नशा से दूर रहने हेतु गीत संगीत के माध्यम से प्रस्तुति दी। मंचस्थ कार्यक्रम में संयुक्त संचालक श्रद्धा एस. मैथ्यू, दिलीप पात्रीकर, चन्द्रप्रकाश देवरस, राजेन्द्र दवे ने अपने विचार रखे एवं सरस्वती रामेश्री ने स्वागत भाषण में माता-पिता भरण पोषण नियम पर अपने विचार रखे। मंचस्थ वरिष्ठजनों के साथ-साथ सभी वरिष्ठजनों का फूलमाला, बुके साल एवं मोमेन्टो से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी हरीश सक्सेना, उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस प्रशांत मोकाशे सहायक नोडल अधिकारी जी आर चन्द्रा कु. आकांक्षा साहू, दीक्षांत पटेल, सौरभ दीवान के साथ-साथ बरिष्ठ नागरिक संघों से अरविन्द दीक्षीत परसराम कौशिक आरपी शर्मा रागधन सोनी आर.एन. राजपूत संतोष देवांगन, रमाशंकर बसंत, पूर्णिमा, रेखा, राजेश, उपस्थित थे।

जनदर्शन में कलेक्टर ने दो दिव्यांगों को सौंपे अंत्योदय राशन कार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी साप्ताहिक नियमित जनदर्शन में सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ही दो दिव्यांगों का तत्काल राशन कार्ड बनाकर वितरित किया।

जनदर्शन में रतनपुर तहसील के ग्राम सेमरी की महिला सुशीला बाई ने आवेदन दी। उन्होंने बताया कि उनके घर पहुंचने की निस्तारी रास्ता को एक आदमी बेजा कब्जा

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

कर रास्ता बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने उनका आवेदन एसडीएम कोटा को भेजकर निदान करने के निर्देश दिए। ग्राम धुमा के रहने वाले सेक्यूरिटी गार्ड ने अपनी कम्पनी नेशनल सेक्यूरिटी सर्विस के विरूद्ध दो महीने का वेतन नहीं दिये जाने की शिकायत की। सहायक श्रम आयुक्त को उनका आवेदन भेजते हुए दिलाने को कहा गया है।

नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी आलोक चंद्र मौर्य ने ज्ञापन देकर शुल्क माफ करने का अनुरोध किया। लगभग 29 हजार रूपए की फीस जमा नहीं कर पाने के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें टीसी एवं मार्कशीट नहीं प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर ने प्राचार्य को उनका आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिपं. सदस्य ने किया 35 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सीपत/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेंद्र कौशिल ने ग्राम पंचायत कुली में 12. 5 लाख रुपए के निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत कुली के राजीव सेवा केंद्र ने जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेंद्र के द्वारा 10 लाख रु की लागत से पेवर ब्लॉक का काम स्वीकृत कराया गया साथ ही 2. 1 लाख की लागत से वाटर पाइप लाइन निर्माण कार्य की स्वीकृत कराया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत ऊनी में 10 लाख रु के नाली निर्माण का काम स्वीकृत कराया गया तथा 12 . 5 लाख की लागत राशन गोदाम स्वीकृत कराया गया। कुल लगभग 35 लाख रू के कार्यो का भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए भाजपा नेता दिलेंद्र कौशिल बी कहा कि पंचायत का चुनाव आने वाला है आप सभी अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करे और योग्य व्यक्ति को जिताकर भेजे ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। मुख्य अतिथि नूरी दिलेंद्र कौशिल ने कहा की आप सभी के आशीर्वाद से मैं जिला पंचायत सदस्य के रूप में पिछले पाँच साल से आपकी सेवा कर रही हूँ ,आगे अगर आरक्षण हमारे अनुकूल हुआ तो फिर से आपकी सेवा के लिए तत्पर रहूँगी।

विवाद

किसान ने लगाया समिति प्रबंधक पर आरोप

धान खरीदने से किया इनकार, अन्य समिति में पंजीयन का दिया हवाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनहरण लाल कौशिक, जोकि के परसदा गाँव के निवासी और एक पंजीकृत किसान हैं ने जिला कलेक्टर को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि उन्हें सेवा सहकारी समिति तिफरा पंजीयन क्रमांक 17 से धान बेचने में विवाद का सामना करना पड़ रहा है। कौशिक का कहना है कि उनकी भूमि का कुल रकबा 7.73 एकड़ है और वह सेवा सहकारी समिति तिफरा के कृषक सदस्य हैं। उन्होंने अपना धान कोसगाई दाई बीज

उत्पादक बहु सहकारी समिति मर्यादा पौसरा, बिल्हा में पंजीकृत कराया था। हालांकि, उक्त समिति ने यह स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए आवंटित नहीं किया गया है, जिसके कारण उनके द्वारा धान नहीं खरीदा जा सकता। इसके चलते, उन्हें एक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिसे उन्होंने सेवा सहकारी समिति तिफरा में प्रस्तुत किया ताकि धान खरीदी के लिए टोकन काटा जा सके। समस्या तब उत्पन्न हुई जब तिफरा समिति के प्रबंधक, नंदलाल कौशिक ने बताया कि चूंकि उनका पंजीकरण पहले से कोसगाई समिति में है, इसलिए उनका टोकन काटा नहीं जा सकता। यहां तक कि अगर वह तुहर हाथ एप से टोकन काटते भी हैं, तो भी उनका धान नहीं खरीदा जाएगा। जब कौशिक ने लिखित आदेश की मांग की, तो उन्हें मौखिक रूप से बताया गया कि यह आदेश मौखिक है।

केसीसी से लिया है कर्ज

कौशिक ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी खरीफ फसल के उत्पादन के लिए बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अन्य आवश्यकताओं के लिए ऋण लिया हुआ है, जो अब 1,47,149.44 रुपये हो गया है। यदि उनके धान की खरीदी नहीं की जाती है, तो उन्हें आर्थिक हानि का सामना करना पड़ेगा और वे ऋण चुकाने में असमर्थ हो जाएंगे। इसके अलावा, वह केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य और राज्य सरकार की किसान समृद्धि योजना के लाभ से भी वंचित हो जाएंगे। कौशिक ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि सेवा सहकारी समिति तिफरा को निर्देशित किया जाए कि उनके धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि वह आर्थिक संकट से बच सकें और सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें।

सुविचार

दुनिया में दो ही चीजें हैं जो इंसानों के बीच दूरियां बढ़ाती है। पहली है जुबान और दूसरा है पैसा। - अज्ञात

पीएम मोदी की खरी-खरी

भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष में लोकसभा में संविधान पर हुई दो दिवसीय विशेष चर्चा का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया। चर्चा की शुरूआत विपक्ष की ओर से कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने की थी और चर्चा के अंत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय संविधान पर अपने विचार रखे थे। उन्होंने सदन में मनु स्मृति और संविधान की प्रति लहराते हुए आरोप लगाया था कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भारतीय संविधान का गला घोटने की कोशिश कर रही है और मनु स्मृति के अनुसार देश चलाना चाहती है। इसी तरह के आरोप समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव तथा तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा आदि ने भी लगाये थे और सरकार पर निशाना साधा था। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान जब भाजपा ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया था तब कांग्रेस सहित आईएनडीआई में शामिल सभी राजनीतिक दलों ने इस नारे को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था और यह आरोप लगाया था कि भाजपा इस बार चार सौ पार का नारा इसलिए लगा रही है ताकि वह प्रचंड बहुमत से सरकार बना सके और संविधान को बदल सके। तथा आरक्षण को खत्म कर सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी हर चुनावी सभा में भारतीय संविधान की प्रति लहराते थे और भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। भाजपा इसका कोई काट नहीं कर पाई और भाजपा सहित एनडीए की सीटें कम हो गई। जबकि विपक्ष मजबूत होकर उभरा, यही वजह है कि संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष ने सरकार से मांग की थी कि वह संविधान पर संसद में विशेष चर्चा कराए। विपक्ष ने सोचा था कि वह संविधान पर चर्चा के दौरान एक बार फिर सरकार को कटघरे में खड़ा करने में सफल होगी। किन्तु विपक्ष के नेता आधी अधूरी तैयारी के साथ लोकसभा में आये थे। और संविधान पर चर्चा के दौरान उन्होंने सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया। वे वही बात सदन में दोहराते रहे जो वे चुनाव के दौरान जनसभाओं में कहते रहे है। उन्होंने कुछ भी नया नहीं कहा जबकि सत्ता पक्ष के नेता पूरी तैयारी के साथ सदन में पहुंचे थे। और अनुराग ठाकुर से लेकर ललन सिंह तक सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्षी सांसदों के आरोपों की धज्जियां उड़ाकर रख दी। इस चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लगभग दो घंटों के धाराप्रवाह उद्बोधन में विपक्ष की और खासतौर पर कांग्रेस की बखिया उधेड़कर रख दी। पीएम मोदी ने कांग्रेस का कालाचिठ्ठा खोल दिया। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस आज भारतीय संविधान की रक्षा करने की दुहाई दे रही है। उसने लगातार संविधान का गला घोटा है। इसकी शुरूआत तो देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ही की थी जो आजादी के बाद मनोनीत प्रधानमंत्री बने थे और उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाने का प्रस्ताव सांसद से पारित कराया था। यही नहीं बल्कि कांग्रेस तो खुद अपनी पार्टी के संविधान को स्वीकार नहीं कर पाई है। पार्टी के संविधान के मुताबिक उस समय देश की 12 कांग्रेस सीट प्रदेश कमेटियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के पक्ष में मतदान किया था। एक भी कमेटी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के पक्ष में वोट नहीं दिया था। इसके बावजूद सरदार वल्लभ भाई पटेल की अवहेलना करके पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया गया था। ऐसी पार्टी जो अपने पार्टी के संविधान को ही नहीं मानती वह भारतीय संविधान की परवाह कैसे करेगी। पीएम मोदी ने तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक के कार्यकाल में हुए संविधान संशोधन की चर्चा करते हुए कहा कि इन लोगों ने अपनी सत्ता बचाने के लिए और तुष्टीकरण के लिए संविधान में कई बार संसोधन किये है। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन हमारी सरकार ने भी किये है लेकिन वे देश की एकता को मजबूत बनाने के लिए और वंचित वर्ग को उसके अधिकार देने के लिए किये है। पीएम मोदी की इस खरी-खरी के बाद विपक्ष में सन्नाटा पसर गया। कांग्रेस के नेताओं ने सोचा कुछ था और हो गया और कुछ पीएम मोदी ने कांग्रेस की कई पीढ़ियों के कारनामों को उजागर कर विपक्ष की बोलती बंद कर दी। खासतौर पर उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि 1975 में तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ अपनी सत्ता बचाने लिए देश पर आपातकाल थोप दिया था। और इस दौरान लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिये थे और प्रेस पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। भारतीय संविधान पर यह सबसे बड़ा हमला था। ऐसी कांग्रेस पार्टी के मुंह से भारतीय संविधान की बात शोभा नहीं देती। कुल मिलाकर संसद में भारतीय संविधान पर विशेष चर्चा कराने की मांग करके कांग्रेस में आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। यदि कांग्रेस ने संविधान पर चर्चा की पेशकश की थी तो उसे पूरी तैयारी के साथ चर्चा में भाग लेना था। कांग्रेस ने अभी भी ऐसे कई वरिष्ठ नेता हैं जो संविधान पर चर्चा के दौरान सरकार को घेर सकते थे। किन्तु उन्हें मौका नहीं दिया गया और जिन्हें मौका मिला वे इस अवसर का लाभ नहीं उठा सके। उल्टे अपनी किरकिरी करा गये। राज्यसभा में भी संविधान पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता सरकार को घेरने में सफल हो पाएंगे इसकी उम्मीद कम हुई है। यदि विपक्ष के नेता पूरी तैयारी के साथ इस चर्चा में भाग लेते तो निश्चित रूप से भारतीय संविधान के 75 साल पूरा होने पर संसद में संविधान पर सार्थक चर्चा हो पाती और विपक्ष की ऐसी फजीहत ही नहीं होती।

रवि कुमार मांझी

मानसिक स्वास्थ्य: युवाओं के जीवन का अनदेखा संकट

युवाओं को भी सोचना होगा कि जीवन यूँ ही ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। बीते दिन कि बात है, मेरे मित्र अमर ने अपनी एक महिला मित्र के बारे में बताते हुए कहा कि वह लगभग 25 वर्ष की है और मानसिक पीड़ा से जूझ रही थी। उसका मानना था कि उसने जीवन के सभी उतार-चढ़ाव देख लिए हैं और अब उसके पास जीने का कोई कारण नहीं बचा। वह हर रात इस सोच के साथ सोती थी कि शायद यह उसकी आखिरी रात हो! वो इतनी हताश को चुकी थी कि जीने कि उम्मीद बहुत पीछे छोड़कर मृत्यु का इंतजार कर रही थी7 यह घटना इस बात को दर्शाती है कि आज के युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य कितना अहम और संवेदनशील मुद्दा है। यदि आप या आपका कोई जानने वाला मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहा है, तो विशेषज्ञ से संपर्क करें। याद रखें, मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि हिम्मत का प्रतीक है।

भारत जनसंख्या के मामले में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। वर्तमान में भारत सबसे युवा देश है और यहाँ कि जनसंख्या का लगभग 65 फीसदी हिस्सा 35 वर्ष की आयु से नीचे है। युवावस्था को आमतौर पर जीवन का स्वस्थ समय माना जाता है लेकिन भारत में युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) का विषय एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है। आधुनिक जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। मेंटल हेल्थ व अवसाद का सीधा अर्थ है हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की स्थिति। यह हमारी सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता को प्रभावित करता है। शायद आप जानकर हैरान हो जायेंगे कि दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्या के आंकड़े भारत में दर्ज किए गए हैं जिनमें से 41त्न प्रभावित लोगों की उम्र 30 वर्ष से कम है जिसका प्रमुख कारण ही मानसिक तनाव, एंग्जायटी और अवसाद है। WHO की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 5 करोड़ से भी ज्यादा लोग डिप्रेशन यानी अवसाद के शिकार हैं तो वहीं 3 करोड़ से ज़्यादा लोग एंग्जायटी से पीड़ित हैं। युवाओं को भी सोचना होगा कि जीवन यूँ ही ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें।

बीते दिन कि बात है, मेरे मित्र अमर ने अपनी एक महिला मित्र के बारे में बताते हुए कहा कि वह लगभग 25 वर्ष की है और मानसिक पीड़ा से जूझ रही थी। उसका मानना था कि उसने जीवन के सभी उतार-चढ़ाव देख लिए हैं और अब उसके पास जीने का कोई कारण नहीं बचा। वह हर रात इस सोच के साथ सोती थी कि शायद यह उसकी आखिरी रात हो! वो इतनी हताश को चुकी थी कि जीने कि उम्मीद बहुत पीछे छोड़कर मृत्यु का इंतजार कर रही थी7 यह घटना इस बात को दर्शाती है कि आज के युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य कितना अहम और संवेदनशील मुद्दा है। यदि आप या आपका कोई जानने वाला मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहा है, तो विशेषज्ञ से संपर्क करें। याद रखें, मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि हिम्मत का प्रतीक है।

युवाओं में मानसिक समस्याओं के प्रमुख कारण:

1. माता-पिता के सपने और बेरोजगारी – अक्सर देखा जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों से ढेरों उम्मीदें रखने लगते हैं जिसके कारण बच्चे मनोवैज्ञानिक दबाव में रहते हैं। देश में बैचलर्स और मास्टर्स डिग्री धारकों की काफी बड़ी तादाद है जो एक अच्छी नौकरी की तलाश में है। परंतु सरकारी व निजी क्षेत्रों में नौकरियों की संख्या में लगातार कमी आने के कारण यह पीढ़ी तनाव और अवसाद की गिरफ्त में आसानी से आ रही है।

2. सामाजिक दबाव – सही मायनों में देखा जाये तो युवाओं में मानसिक समस्याओं का सबसे बड़ा कारण यही है कि जब रोग को रोग न मानकर उस व्यक्ति को ही दिमागी तौर पर कमजोर बता दिया जाये। ऐसे में युवा अपनी समस्या के बारे में किसी को बता भी नहीं पाता है। वह डरता है कि लोग क्या कहेंगे? लड़कियों में यह समस्या लड़कों के मुकाबले अधिक गंभीर हो जाती है।

3. जातिगत भेदभाव – हम मानें या नहीं परन्तु यह एक कड़वा सच है। छोटे शहरों के संस्थानों से लेकर IIT जैसे बड़े संस्थानों तक में जातिगत भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना की खबरें सामने आती रही हैं7 वहीं यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के बारे में बहुत कम चर्चा होती है जबकि युवाओं व किशोरों में बढ़ती मानसिक समस्या का यह एक बहुत बड़ा कारण है।

अब बात यह आती है कि वजह कोई भी हो वह इतनी बड़ी नहीं हो सकती कि युवा, जिसके आगे उसका पूरा जीवन पड़ा हुआ है वह अचानक ही उसे यूँ ही समाप्त कर ले। यहाँ पर उसे एक ऐसे माहौल की जरूरत होती है जिसमें वह अपनी समस्याएँ खुलकर कह सके जिसका समय रहते निदान हो सके। जैसे-

1. उसे बताना चाहिये कि एक परीक्षा, एक डिग्री, एक नौकरी या एक विफल प्रेम संबंध मात्र ही उसके जीवन का निर्णय नहीं कर सकती। मानव जीवन को इनसे परे भी समझा जाना चाहिये।

2. मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े रोग का इलाज सम्भव है लेकिन मनोरोगों को छिपाने के कारण इन समस्याओं के 80त्न रोगी इलाज से वंचित है।

3. भारत में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 में आत्महत्या सम्बन्धी प्रावधान में संशोधन करना और विकलांगता अधिनियम 2016 में मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण घटक के रूप में शामिल करना7 इसके अलावा 2022 में टेली-मानस हेल्पलाइन (14416) शुरू की गयी थी, साथ में बजट 2022-23 में राष्ट्रीय टेली-मेंटल सेंटर बनाने का भी प्रावधान है।

4. भारत में मानसिक समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक 1 लाख की आबादी पर मात्र 0.75 मनोचिकित्सक है जबकि इन्हें न्यूनतम 3 होना चाहिये। इस दिशा में ध्यान देना चाहिये।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1803 में 17 दिसंबर को ही ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा (अब ओडिशा) पर कब्जा किया था। 1807 में आज ही के दिन फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट ने मीलान का ऐतिहासिक आदेश जारी किया था। 1902 में 17 दिसंबर के दिन ही इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया था। 1914 में 17 दिसंबर के दिन ही तुर्की अधिकारियों ने यहूदियों को तेल अवीव से बाहर खदेड़ दिया था। 1907 में आज ही के दिन उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने थे। 1927 में आज ही के दिन आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ही मैच में शानदार 118 रनों की पारी खेली थी। 1933 में 17 दिसंबर के दिन ही भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। 1940 में आज ही के दिन महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया था। 1949 में 17 दिसंबर के दिन ही बर्मा ने साम्यवादी चीन को मान्यता दी थी। 1971 में आज ही के दिन भारत और पाकिस्तान युद्ध समाप्त हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दुरी तय करने

दुरी तय करने में वक्त तो लगता है ठीक उसी तरह जिस तरह एक दिन एक ख्वाब ने सहेजते हुए ख्वाब से पुछा तुम इतना इतराते क्यों हो तो ख्वाब ने कहा मैं हक़ीक़त हूं इसलिए

– सोनू कुमार आकाश

आईने के टूटने

आईने के टूटने से चेहरा दिखता हजार हैं मुश्किल ये कि एक ही चेहरे की भरमार है हम सोचते है कि लोकतंत्र में वजूद होगा हर मंत्री का मगर केवल और केवल मुखिया ही सरकार है देखा जीत के अकड़ते मुंह फेरे हर विजेता को अदद जीत के वास्ते जो गिर गिर करते मनुहार हैं वादे और वचन सभी याद रखते विरोधी के और अपने सब भूल के कहते झूठी सरकार है! **– संत आर थवाइत**

खास पाती

थोड़ी धूप हिस्से की अपने

थोड़ी धूप हिस्से की अपने, देने चली हूँ मैं। पराए दर्द अपनाने, देखो चली हूँ मैं। ख्वाब कब से पल रहे थे। बावरे से इस मन मे। हकीकत ख्वाब वो देखो। करने चली हूँ मैं। जल रही है जो ज़माने में आजकल आग वो नफ़रत की उसको मिटाने देखो चली हूँ मैं। रोकेगा भला कोई क्यूँ राह मेरी। पत्थरो से आज देखो। टकराने चली हूँ मैं।। **– डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

उतना सामर्थ्य परम-पराक्रमी पयोधि

उतना सामर्थ्य परम-पराक्रमी पयोधि में भी नहीं कि कर सके अवशोषित इस नन्हीं सी तरंग-दैर्ध्य को ; अपनी सीमा को पहचान पराजय स्वीकार कर कर दिया परावर्तन नीलवर्ण का प्रज्ञवत् ने; नीलपरी ने देखा तो उड़कर पहुँची वहाँ ÷हे अपरिमेय, प्रदान कीजिये पेय मात्र अंजुरि भर , कि चाय बना सकूँ अपने प्रिय के लिए; बिन अभीष्ट-सिद्धि के पलटता नहीं कोई उदारमन के द्वार से ; नीलपरी अनवरत प्रिय-प्रेम-रत है! **– डॉ कविता माथुर**

समझौते वो क्या होते है इनको

समझौते वो क्या होते है इनको मैने जाना ही नहीं जो है सही जो है सच्चा साथी उसके सिवा मैने बनाया ही नहीं हूं वेणी मै कान्हा की जिसने झूठ पकड़ लिया एक नजर है जो पापी जो है चाटुकार उनसे बना संबंध मै कभी पाई नहीं जहां ईर्षा चालाकी होगी वेणी की वहां से दूरी होगी मै शांति प्रिय मै प्रेम पसंद मेरी दुनियां कुछ निराली होगी जहां लोभ मोह छल चालाकी वहां मेरी कोई राह नहीं तुम बांध सको षड्यंत्रों में ऐसा बना कोई पाश नहीं तुम चलो चाले करो षड्यंत्र इतने में ही रह जाओगे जो आगे बढ़ने सोचोगे अपनी नीच सोच से आगे न बढ़ पाओगे **– प्रिया मिश्र वेंणी**

जनता शासक के मुत्तालिक

जनता शासक के मुत्तालिक चले, जरुरी है क्या प्रशासक जनता के हिसाब से रहे, जरुरी है क्या लोग अपने अंदर के रावण को क्यूँ नहीं जलाते दशहरे पर रावण का पुतला जले, जरुरी है क्या जिंदगी अंधी दौड़ का नाम है, चलो मान लिया पग-पग पे ठोकर भी लग जाए, जरूरी है क्या परेशानी, किसकी जिंदगी में नहीं आती हैं बोलो पर उदासी को चेहरे से जाहिर करें,जरूरी है क्या सुना है, हरेक पैबंद सिल जाता है वक्त के साथ सभी ख्वाहिशें भी पूरी हो जाएं, जरूरी है क्या यहाँ कौन है ऐसा, जिसको संगीत नहीं पसंद है अब सबको नाचना भी आ जाए, जरूरी है क्या वो जो आपकी खुशियों में शामिल रहा है सदा उसको दर्द में तन्हा छोड़ा जाए, जरूरी है क्या आप विपक्ष में हैं, खूब लड़िए झगड़िए, हक है पर देशहित में भी तकरार रखिए,जरूरी है क्या जब सबकुछ बहुत सरलता से चल रहा हो तब पानी में जबरन आग लगाई जाए,जरूरी है क्या किसी को चाहो तो बहुत टूटकर चाहो "वंदन" मगर उस चाहत में फ़ना हो जाएं, जरूरी है क्या ? **– मनीष सिंह "वंदन"**

आने लगे मज़ा जो किसी इंतज़ार में

आने लगे मज़ा जो किसी इंतज़ार में ...!! समझो की रूह क़ैद हुई है दिवार में ...!! क्या बददुआ है इश्क़ को ,पूरा न हो सका... पंछी है ये ख़िज़ाँ का जो मरता बहार में ....!! ज़ियादा करने वाला ही खोएगा, रोएगा .. होता है ,हो रहा है ,यही होगा प्यार में ....!! करना वहीं जो सह सको , खुद पर भी वार तुम... आई ...ये बात उनको समझ चार बार में ....!! जब जंग सी छिड़ी हो कभी दिल दिमाग़ की... लुटती है कायनात ही फिर दिल की हार में!! साक़ी ने जाम भर तो दिया प्यास देख ,,पर... हमसे भी तिश्ना लब कई थे उस क़तार में ....!! अव्वल रहेगी वस्ल की मन्नत में ये कशिश... खामोश हिज्र की भी सदा थी पुकार में ..!! ख़ूवाबों को रात भर का बयाना चुका दिया.... देखा है उनको चोर नज़र से बज़ार में....!! **– पूजा बंसल**

प्रेरक प्रसंग

ईश्वर नहीं तो उसकी सृष्टि को पूजो

एक बार साधु ने आकर गांधी जी से पूछा- "हम ईश्वर को पहचानते नहीं, फिर उसकी सेवा किस प्रकार कर सकते हैं ?" गाँधी जी ने उत्तर दिया- "ईश्वर को नहीं पहचानते तो क्या हुआ, उसकी सृष्टि को तो जानते हैं। ईश्वर की सृष्टि की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।"

साधु की शंका का समाधान न हुआ, वह बोला- "ईश्वर की तो बहुत बड़ी सृष्टि है, इस सबकी सेवा हम एक साथ कैसे कर सकते हैं ?"

ईश्वर की सृष्टि के जिस भाग से हम भली-भाँति परिचित हैं और हमारे अधिक निकट है, उसकी सेवा तो कर ही सकते हैं। हम सेवा कार्य अपने पड़ौसी से प्रारंभ करें।

अपने आँगन को साफकरते समय यह भी ध्यान रखें कि पड़ौसी का भी आंगन साफ रहे। यदि इतना कर लें तो वही बहुत है।" गाँधी जी ने गंभीरतापूर्वक समझाया। साधु उससे बहुत प्रभावित हुए।

QUIZ TIME

1) शिक्षा का अधिकार किस संविधान संशोधन द्वारा मौलिक अधिकार में शामिल किया गया?

2) कहाँ की पहली एआई आधारित फिल्म इराह का ट्रेलर और गाना मुंबई में लॉन्च किया गया है?

3) एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफइंडिया (एकेएफआई) का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?

4) गन्ना को कायिक प्रवर्धन के द्वारा क्यों बोया जाता है?

5) अब्देल फतेह अल-सीसी किस देश के तीसरी बार राष्ट्रपति बने हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) छियासीवां संविधान संशोधन (2) भारत (3) जयपुर (4) गन्ने में बीज नहीं बनते हैं (5) मिस्र

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:01,सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय: 18:39, चन्द्रास्त: 07:58, अयन : दक्षिणायन,ऋतु: हेमंत, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत)5125, मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : ब्रह्म,प्रथम करण : कौलव (12:27 तक),द्वितीय करण : तैतिल (23:37 तक)।

॥ गोचर ग्रहा:॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मिथुन,मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, वक्री), गुरुः वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:01 से 12:44, राहुकाल : 15:00 से 16:30, यमगण्ड : 11:02 से 12:23, दुर्मुहूर्त : 12:44 से 13:27, अमृत काल : 15:41 से 17:13,विजय मुहूर्त : 14:10 से 14:53, गोधूलि मुहूर्त : 17:41 से 18:08, सायाह्न सन्ध्या : 17:42 से 18:08, निशिता मुहूर्त : 23:56 से 24:50, ब्रह्म मुहूर्त : 29:15 से 30:08, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, होमाहुति : चन्द्र (25:13 से मंगल), दिशा शूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (14:31 से पाताल), *चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : गौरी के साथ (12:27 से सभा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी परिजन की याद सता सकती है।

वृष: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर अपनी माताजी से बहसबाजी होने की संभावना है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपके घर आज किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। आप किसी नए मकान दुकान प्लाट आदि की खरीदारी भी कर सकते हैं।

कन्या: आज का दिन आपके लिए अपने बढ़ते खर्च पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चले।

तुला : आज का दिन आपके लिए कानूनी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपकी आय में वृद्धि होने से खुशी होगी और आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

धनु : आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

मकर : आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके कुछ नए मित्र बन सकते हैं।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है।

मीन : आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल

न्यूज गैलरी

सीएम ने सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मृत्यु पर दुख प्रकट किया

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले के भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में मृत लोगों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति तथा उनके शोक संतप्त परिवारजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने इस दुर्घटना में घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक एवं बालिकाओं को 25 हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। आवेदन 2 जनवरी 2025 तक पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर जीई रोड में महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा की जा सकती है।

राशनकार्डों का नवीनीकरण 28 फरवरी 2025 तक

धमतरी/ नवप्रदेश। जिले में अब तक कुल दो लाख 37 हजार 371 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.77 है तथा दो हजार 916 राशनकार्डों का नवीनीकरण शेष है। इसके मद्देनजर जिला खाद्य अधिकारी ने शेष बचे सभी राशनकार्डधारी परिवारों से आगामी 28 फरवरी 2025 तक अपने परिवार के सभी सदस्यों का नवीनीकरण कराने की अपील की है। इसके लिए आधार नंबर एवं राशनकार्ड लेकर ई-केवायसी कराकर राशनकार्ड का नवीनीकरण हितग्राहियों द्वारा स्वयं अपने मोबाईल से एप्लीकेशन के माध्यम से तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता के मोबाईल से एप्लीकेशन के माध्यम से किए जाने का प्रावधान गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी 2025 तक वृद्धि की गई है।

डोंगरीगांव में श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम शिविर 17 को

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित लाईवलीहुड कॉलेज के पीछे भवन स्थल ग्राम डोंगरीगांव में श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम शिविर का आयोजन मंगलवार 17 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। श्रम पदाधिकारी श्री ऐलन मिंज ने बताया कि इस शिविर में मजदूर चौड़ी, निर्माण स्थल, उद्योगिक क्षेत्र, श्रमिक बस्ती जैसे स्थलों पर श्रमिको की अधिक से अधिक संख्या में विभागीय योजनाओं एवं श्रम कानूनों के प्रचार - प्रसार तथा लोगों में जागरूकता लोने के यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने श्रम निरीक्षक परीक्षित कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तथा सहायक ग्रेड- 02 श्री फूलचंद साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए श्रम उप निरीक्षक सुश्री रश्मि ठाकुर, श्रम कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रीति ठाकुर, मनीष कुमार बंजारे एवं पूर्णानंद साहू , सहायक ग्रेड-03 निकेश सिन्हा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गणेश साहू एवं लुकेश सेन की ड्यूटी लगाई गई है।

पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक दीनबन्धु ध्रुव ने बताया कि इसके लिए जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति आवेदन कर सकते है। शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण एवं एक परिवार से एक व्यक्ति पात्र होंगे। इसमें कुल परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होगा। अधिकतम अनुदान 10 लाख प्रति उद्यमी होगा।

शहीदों के परिजनों की समस्या सुनने की पहल सराहनीय

जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी नक्सलवाद का करेंगे खातमा : शाह

शहीदों के बलिदान को चिर स्थाई बनाने उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री सायकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को कम नहीं किया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ है। शहीदों के त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसे किसी और को खोना न पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल मोर्चे पर काम कर रहे हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और ढेर सारे विकास के कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिये सरकार तीनों मोर्चो पर काम कर

रही है। माओवादी उग्रवाद का रास्ता छोड़कर आत्म सर्मपण करने वालों का स्वागत किया जा रहा है। नक्सल अभियान के दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है और जो दूसरे की जान लेने पर आमादा हैं, उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहीदों के परिजनों की समस्या सुनने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में सप्ताह में एक दिन नियत किया गया है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईजी कार्यालय में कलेक्टर भी मौजूद रहें और इस मुहिम का हिस्सा बने। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि अपनों को खोने का दर्द कोई कम नहीं कर सकता किंतु हम कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिससे आपकी पीड़ा को कम किया जा सके।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आपके परिजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार साथ मिलकर आपके हितों का ध्यान रखेगी। आप सभी के लिए जो बेहतर होगा वह कार्य करने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और शहीदों को नमन किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हर बार जब हमारे जवानों को नक्सल मोर्चे पर सफलता मिली है केंद्रीय गृह मंत्री जी ने उनकी हिम्मत बढ़ाई है और उनकी पीठ हमेशा थपथपाई है। आज भी वे आपकी हौसला अफजाई के लिए आये हैं और आपके साहस और संकल्प के लिए आपके अभिनंदन के लिए आये हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शहीद जवानों की स्मृतियों को सहेजने के लिए उनके गांवों में प्रतिमा की स्थापना करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति व उन्नति के लिए शहीद हुए जवानों और नक्सली हिंसा में पीड़ित परिवार के परिजनों से हम लोग मिलना चाह रहे थे। आप सभी हमारे परिवार का हिस्सा हैं और अपनों को खोने का यह दुःख हम सभी को समान पीड़ा दे रहा है। इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजन और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजन उपस्थित थे।

जिला प्रशासन की राइस मिलों को निर्देश, जल्द धान उठाव करें

■ **अनियमित्ता पाए जाने पर तीन राइस मिलों में सीलबंद की कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की टीम ने आज जिले के विभिन्न राइस मिलों की जांच की। समय पर धान उठाव समेत कई ढ्ढ बिंदुओं पर जांच की गई। जिला प्रशासन की टीम ने महामाया राइस मिल, लड्डू गोपाल राइस मिल, गोयल एनर्जी राइस मिल, मां संतोषी राइस मिल एवं रानू गांधी राइस मिल की जांच की। इस दौरान महामाया राइस मिल, मां संतोषी राइस मिल और रानू गांधी राइस मिल में अनियमित्ता पाए जाने पर सीलबंद की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रहीं। उल्लेखनीय है कि राइस मिलों की जांच निरंतर जारी रहेगी और धान उठाव भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

डिप्टी सीएम साव को राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए दिया आमंत्रण

■ **इण्डियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए दिया आमंत्रण**

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने रायपुर में होने वाले अपने 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं एसोशिएशन के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री साव से मुलाकात कर इसके लिए आमंत्रण दिया। साव ने अधिकारियों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता की सहमति दी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल और मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता सहित विभागीय अभियंताओं की टीम ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर आयोजन की अध्यक्षता का आमंत्रण दिया।

इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य के लिए आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन के 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रायपुर के जैनम मानस भवन में आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में वाटर वर्क्स से जुड़े देश-विदेश के जाने-माने 400 से अधिक वरिष्ठ एवं अनुभवी इंजीनियर हिस्सेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ को दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी मिली है।

जनदर्शन में मिले आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्या, मांग और शिकायतों को सुनीं और इनका संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में आज स्कूल में शिक्षा व्यवस्था, अमृत सरोवर के तहत किए गए कार्यों का मजदूरी भुगतान, रोजगार प्रदाय करने, राशन कार्ड

में बदलाव करने, गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण की जांच कराने, आर्थिक सहायता प्रदाय करने, बीमा राशि प्रदाय करने, शेड निर्माण की मजदूरी दिलाने सहित महाविद्यालय में पढ़ाई पूरी करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदाय कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। -

महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिकोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में वार्षिकोत्सव की तैयारियां बड़े ही जोर-शोर से चल रही है। इसे लेकर बच्चों और शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। उत्साह की एक बड़ी वजह यह भी है की संत ज्ञानेश्वर स्कूल के 42 साल के इतिहास में पहली बार यहां का वार्षिकोत्सव चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर बच्चों का जोश देखते ही बन रहा है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन के अनुसार महाराष्ट्र मंडल के भव्य वातानुकूलित सभागृह में सौ. कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर उन्हें परफॉर्मेंस करने का शानदार मौका मिल रहा है। यहां

अस्मिता कुसरे और चित्रा जावलेकर के निर्देशन में सभी शिक्षक अपने-अपने क्लास के बच्चों को डांस की तैयारी करा रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद बच्चों में जो आत्मविश्वास का संचार होगा, उसे वे भविष्य में बड़े और बाहर के कार्यक्रमों में भली-भांति उपयोग कर पाएंगे। बहरहाल नियमित अध्यापन के बाद बच्चे डांस और नाटक की प्रैक्टिस कर रहे हैं। स्कूल की कल्चरल इंचार्ज प्रभारी तृप्ति अग्निहोत्री ने बताया कि वार्षिक उत्सव में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आने की संभावना है। इसके चलते फिलहाल आयोजन की तिथि घोषित नहीं की गई है, लेकिन इतना तो तय है कि वार्षिकोत्सव अगले सप्ताह ही होगा।

एमआईसी बैठक में 11 एजेण्डों पर चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेष शर्मा, श्रीकुमार मेनन, रितेष त्रिपाठी, सुन्दरलाल जोगी, समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार, आकाष तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेष चन्नावार, श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल, अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यु.एस. अग्रवाल, निगम सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, श्रीमती

कृष्णा खटीक, सभी उपायुक्तगणों, जोन कमिष्नरों, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई । एमआईसी की बैठक में नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निर्धारित 11 एजेण्डों पर एजेण्डावार चर्चा एवं विचार विमर्श कर आवष्यक निर्देश संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को दिये गये।

सफलता की कहानी... *मोहित के साथ-साथ गांव वालों को भी मिला रोजगार*

डबरी निर्माण बना सहारा, किसान मोहित हुआ आत्मनिर्भर

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महाई के एक छोटे से किसान श्री मोहित/पिता श्री लल्ला की जिंदगी हर बीतते दिन के साथ सूखती फसल की तरह निराशा में घिरता जा रहा था । मोहित के पास तीन एकड़ जमीन तो थी, लेकिन बिना सिंचाई साधन के वह जमीन सिर्फ बारिश की भरोसे पर निर्भर था । हर साल अनिश्चित बारिश और पानी की कमी ने उनके लिए खेती को घाटे का सौदा बना रहा था । जैसे-जैसे फसलें असफल हो रही थीं, मोहित का आत्मविश्वास टूटता जा रहा था। खेती के घाटे ने उन्हें मजबूर कर दिया कि वे अब मजदूरी का सहारा लें।

एक किसान जिसकी जमीन कभी उसके जीवन का आधार थी, अब उसके लिए एक बोझ बन चुका था । लेकिन यह कहानी यहीं खत्म नहीं हुआ। यह कहानी मोहित के संघर्ष और उनकी किस्मत बदलने वाले एक अद्भुत बदलाव की है।

जब ग्राम पंचायत महाई में जिला प्रशासन ने किसानों की समस्याओं पर ध्यान दिया, तो मोहित की हालत ने अधिकारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनकी जमीन को देखकर यह साफ हो गया कि अगर सिंचाई की सुविधा मिल जाए, तो यह जमीन सिर्फउपजाऊ ही नहीं, बल्कि समृद्धि का साधन बन सकती है। यहीं से शुरू हुआ बदलाव का सफर। मनरेगा योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली। डबरी निर्माण के लिए 2 लाख 28 हजार रुपए का प्रशासनिक स्वीकृत बजट पास किया गया। लेकिन सिर्फ बजट ही पर्याप्त नहीं था। सही स्थान का चयन, निर्माण सामग्री की उपलब्धता और जल संग्रहण को सुनिश्चित करना, इन सभी चुनौतियों का सामना ग्राम पंचायत महाई और जिला प्रशासन ने किया। विशेषज्ञों की मदद से मोहित के खेत में जलभराव वाली उपयुक्त जगह का चयन किया गया और मनरेगा के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू हुआ।

इस डबरी निर्माण कार्य में न केवल मोहित का परिवार लाभान्वित हुआ, बल्कि गांव के कई मजदूरों को भी लाभ मिला । डबरी निर्माण ने पूरे गांव को 100 दिनों का रोजगार दिया । यह काम सिर्फ मोहित की जमीन को सिंचाई योग्य बनाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पूरे समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम था। जब डबरी का निर्माण पूरा हुआ, तो यह केवल एक जलाशय नहीं था, बल्कि मोहित के सपनों को नया आधार मिला । उनकी जमीन पर अब सिर्फ पानी का इंतजार नहीं था; यह एक ऐसी जमीन बन गई थी, जो सालभर पूरी तरह उपजाऊ होने वाला था । इस डबरी ने मोहित को न केवल पारंपरिक फसलों की पैदावार बढ़ाने का मौका दिया, बल्कि उन्हें नए प्रयोग करने का आत्मविश्वास भी दिया। उन्होंने अपनी जमीन पर सब्जी की खेती शुरू की और पहली बार मछली पालन का साहस किया। इस बार उन्हें मछली पालन से 50 हजार रुपए का मुनाफा हो रहा है। वहीं धान की फसल से 40 हजार रुपए की आय हो रहा है। मोहित कहते हैं कि ÷पहले मैं सिर्फ बारिश के भरोसे रहता था। फसल खराब होती थी, तो हाथ में कुछ भी नहीं बचता था। लेकिन अब मेरे पास अपनी डबरी है।

मार्गशीर्ष पूर्णिमा को खारुन गंगा की महाआरती

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार की संध्या को रायपुर के महादेव घाट में निरंतर क्रम में 26वीं बार बनारस की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती की गई। खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा करणी सेना छत्तीसगढ़ एवं समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में संपूर्ण विधि-विधान से प्रशिक्षित ब्राह्मणों के हाथों भक्तिपूर्वक माँ खारुन गंगा मैया की आरती कर सर्दी का स्वागत किया गया। आरती के उपरांत आगंतुक श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया जिसके पश्चात् दर्शनार्थियों ने अपने-अपने गंतव्य की ओर रुख किया। खारुन गंगा आरती के सूत्रधार वीरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि निरन्तर 2 वर्षों

से होती आ रही यह पावन आरती अब रायपुर वासियों के लिये एक मासिक लोक उत्सव बन चुकी है जिसमें हर महीने शहर भर के श्रद्धालु भारी संख्या में श्रद्धा भाव के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आनंद और पुण्य लाभ के भागी बनते हैं।

न्यूज गैलरी

19 दिसम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बिपिन मांझी के निर्देशानुसार 19 दिसम्बर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे से ग्राम कुंदला, विकासखण्ड ओरछा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के समस्त विभागीय अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर शासन की योजना के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

नारायणपुर/नवप्रदेश। देशी एवं विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं शासन के निर्देशानुसार जिले में गुरु घासीदास जंयती 18 दिसम्बर 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस के अवसर पर जिले में संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 18 दिसम्बर को कलेक्टर श्री बिपिन मांझी द्वारा पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया गया है। उक्त शुष्क दिवस में शराब का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

आवासीय भवनों का भूमि पूजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। व्यवहार न्यायालय नारायणपुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप द्वारा न्यायाधीशगण के निवास हेतु भवन का भूमि पूजन कर लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव कमलेश कुमार जुर्री, अपर सत्र न्यायाधीश कोंडागांव एवं नारायणपुर विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोंडागांव शिव प्रकाश त्रिपाठी, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव सुश्री गायत्री साय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेंद्र सिंह नाग एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण और पीडब्ल्यूडी के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

न्यायाधीशगण ने उप जेल नारायणपुर का किया मुआयना

नारायणपुर/नवप्रदेश। उप जेल नारायणपुर का नालसा के आदेशानुसार न्यायाधीशगण के द्वारा निरीक्षण किया गया। विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा कैदियों का स्वास्थ्य, खान-पान, प्रकरण में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में पूछताछ किया गया। कमलेश जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा कैदियों से जिसका विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता नियुक्त किया गया, उसे किसी प्रकार से फीस या रकम नहीं दिया जाना के संबंध में सलाह दिया गया। विक्रम प्रताप चंद्र अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा कैदियों और अपराध न करते हुए अच्छे जीवन यापन करने की अभीरक्षा में न रहकर परिवार सहित रहने की सलाह दिया गया। निरीक्षण के दौरान हरेंद्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव, शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोंडागांव, सुश्री गायत्री साय सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव, श्री चंद्रप्रकाश कश्यप रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर, अधिकार मित्र श्री घासी राम नेताम, श्री संजय नायक जेल अधीक्षक न्यायिक एवं कर्मचारिगण उपस्थित थे।

यूथ एवं इको क्लब के अंतर्गत उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। उच्च प्राथमिक शाला के इको क्लब नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर में 12 दिसम्बर एवं 13 दिसम्बर 2024 को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा एवं एपीसी दिनेश नाग ने प्रशिक्षण के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्लास्टिक साक्षरता विषय पर चर्चा किया गया। प्लास्टिक के प्रकारो को पहचानना, प्लास्टिक के उपयोग दुष्परिणाम 12 सप्ताह की गतिविधियो के पश्चात जमीनी स्तर पर मेला के आयोजन पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस विद्यालय में जैविक खादों के उपयोग से, रासायनिक दवाई और उर्वरकों के उपयोग किए बिना पोषण वाटिका का निर्माण कैसे करे, जीवामृत, बीजामृत और निमार्क बनाने की विधियों पर चर्चा किया गया।प्रशिक्षण के समापन

अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने मानव समाज के लिए प्लास्टिक का उपयोग कितना नुकसान दायक और जैविक खेती को बढ़ावा देना विषय पर अपनी बात रखते हुए जिला स्तर के सभी मास्टर ट्रेनर्स को अपने विकासखंडों में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल एवं एपीसी श्री दिनेश नाग द्वारा जिले के सभी बीआरसी साथियों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और इसके प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही उन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन की घोषणा की। राज्य स्त्रोत व्यक्ति जी.आर. साहू एवं चंद्रहास सिन्हा द्वारा बहुत ही अच्छी तरीके से सभी बीआरजी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रथम एजुकेशन के टीम लीडर श्री राकेश साहू जी का भी सहयोग मिला।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्ड स्तर के सभी बीआरजी को निर्देशित करते हुए दिनांक 16 और 17 दिसंबर 2024 को विकासखण्ड स्तर पर यूथ एवं इको क्लब का प्रशिक्षण कार्यक्रम को और बेहतर ढंग से किया जाना सुनिश्चित का आग्रह किया गया। साथ ही, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को पोषण वाटिका स्थापित करने और प्लास्टिक के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास करने की भी अपील की।

4 मुद्दों में अब तक नहीं बनी सहमति

पटवारी संघ ने किया ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार, अफसरों के ग्रुप से हुए लेफ्ट

कांकेर/नवप्रदेश। 16 दिसम्बर सोमवार से ऑनलाईन कार्यों के बहिष्कार को लेकर समस्त तहसील अध्यक्ष पटवारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तहसील ग्रुप सहित अधिकारी कर्मचारी ग्रुप से लेफ्ट होकर अपनी नाराज़गी जताई है।ज़िला पटवारी संघ अध्यक्ष जय कश्यप कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि राजस्व पटवारी संघ छ.ग. की आवश्यक बैठक रायपुर स्थित श्री हनुमान मंदिर मठपुरैना रायपुर में 07दिसंबर 2024 को आहूत की गई थी जिसमें सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के परिपालन में जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समस्त पटवारी प्रांतीय आव्हान पर ऑनलाईन समस्त कार्यों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।बहिष्कार का स्वरूप निम्नानुसार होगा 09दिसंबर 2024 को प्रदेश के सभी पटवारी अपने-अपने जिला मुख्यालय में विरोध स्वरूप काले ड्रेस कोड में अपने-अपने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेंगे तथा संसाधन उपलब्ध न कराये जाने तक प्रत्येक सोमवार को काले कपड़े धारण करके शासकीय कार्योंक का निर्वहन करेंगे। 09दिसंबर 2024 से आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जाने तक काली प?ट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15दिसंबर 2024 तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध न कराये जाने की दशा में प्रदेश के समस्त पटवारी सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्यों / ट्रेनिंग का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।16दिसंबर 2024 प्रदेश के समस्त पटवारी सभी प्रकार के शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप से बहिष्कार करने को बाध्य रहेंगे।

पटवारी संघ वाट्सएप ग्रुप से हुआ लेफ्ट ...

राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के तारतम्य में 16दिसंबर 2024 से प्रान्त के सभी पटवारी संसाधन के अभाव में ऑनलाइन कार्यक्रम का पूर्णतः बहिष्कार करेंगे और सभी शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट होंगे इसके तारतम्य में कांकेर अनुभाग के सभी पटवारी आज अनुभाग के इस आधिकारिक ग्रुप से लेफ्ट हो रहे हैं।

जनदर्शन में दिव्यांगजनों को मिली त्वरित सहायता

■ **कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग जयसिंह को मिला फ्री बस पास**

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कई जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल रही है। इसी क्रम में आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के संवेदनशीलता से फरसगांव नगर पंचायत के झुलनाडिही निवासी दिव्यांग श्री जयसिंह नेताम और श्रीमती सामबती को त्वरित राहत मिली।

जनदर्शन में पहुंचे श्री जयसिंह नेताम ने बताया कि वर्ष 2017 में ब्रेन ट्यूमर के कारण उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है और वे 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उन्हें इलाज के लिए बार-बार रायपुर जाने की आवश्यकता के चलते बस किराये की वजह से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्होंने फ्री बस पास की मांग की। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ को तुरंत फ्री बस पास जारी करने के निर्देश दिए। बस पास पाकर जयसिंह ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे उन्हें इलाज के लिए रायपुर आने-जाने में आसानी होगी और उनकी आर्थिक समस्या कम होगी।

दिव्यांग महिला को मिली छड़ी

ग्राम मोहलई से जनदर्शन में पहुंची दिव्यांग महिला श्रीमती सामबती राठौर ने चलने-फिरने में परेशानी और आवास की जरूरत को लेकर आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें समाज कल्याण विभाग से छड़ी प्रदान की गई और आवास उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया। जनदर्शन में कोण्डागांव निवासी श्रीमती गीता निषाद ने राशन कार्ड, श्री गोपाल दहिया ने कृषि भूमि में रास्ते की समस्या और बाल गृह बालिका के स्टाफ ने केंद्र के यथावत संचालन और मानदेय से जुड़ी मांग सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

कोण्डागांव में विजय दिवस पर भव्य आयोजन

लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने साझा की 1971 की गौरव गाथा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा 16 दिसंबर को विजय दिवस के उपलक्ष्य में बड़ेकनेरा मार्ग स्थित ऑडिटोरियम भवन एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी उपस्थित रहे। विजय दिवस के मुख्य कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने1971केभारत-पाकिस्तान युद्ध की गौरव गाथा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय सेना ने 13 दिनों के भीतर पाकिस्तान को हराते हुए 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को

आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया और एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण किया। यह विजय न केवल सैन्य क्षमता का प्रदर्शन थी, बल्कि मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी था। चतुर्वेदी ने कहा, पाकिस्तान में उस समय मानवाधिकारों का गंभीर हनन हो रहा था, और लाखों लोग भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हो रहे थे। ऐसे में भारतीय सेना ने ऑपरेशन लॉन्च कर केवल 13 दिनों में पाकिस्तान को पराजित कर दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की। यह युद्ध भारत की सैन्य रणनीति और साहस का अनूठा उदाहरण है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल ने कोण्डागांव के लोगों के राष्ट्रप्रेम और ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा, एक समय नक्सल प्रभावित रहा यह इलाका आज राष्ट्रभक्ति और सकारात्मकता की अद्वितीय मिसाल पेश कर रहा है।

जिले में बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश मे बढ़ते नशे क़े कारोबार प्रतिदिन राजधानी सहित सम्पूर्ण प्रदेश मे बढ़ रहे चाकूबाजी क़े प्रकरणों मे वृद्धि क़े खिलाफ व महिलाओ क़े साथ हो रहे अत्याचार अनाचार पर अंकुश लगाने युवाओं को रोजगार क़े अवसर उपलब्ध कराने की मांग क़े साथ किसानों क़े धान खरीदी मे हो रही परेशानियों से जुडी बातों को लेकर कलेक्टर कोंडागाँव को ज्ञापन सौंपा है,युवा कॉग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग ने कहा जबसे प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई

है प्रदेश मे गुंडागर्दी चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है जुआ सट्टा का कारोबार फल फूल रहा है छत्तीसगढ़ मे उड़ीसा क़े दारू को खपाने का मानो कम्पिटिशन चल रहा हो जैसा शराब गांव गांव मे बिक रहा है महिलाओ की सुरक्षा को लेकर सरकार की लापरवाही साफ दिखती है। यहां पर जबसे भाजपा की सरकार बनी है तब से महिला संबंधी प्रकरणों मे वृद्धि हो रही है,किसानों को अपने ही धान को लेम्पसों मे बेचने मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

प्रथम तीन का शेष

भाजपा विधायक ने उठाया ...

की व्यवस्था करनी चाहिए थी, या टंकी ढांचा का निर्माण करना था। इसके साथ ही उन्होंने इस संदर्भ में भारत सरकार की गाइडलाइन जानकारी मांगी।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ...

शिला पट्ट का अवलोकन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शाह ने एक पेड़ शहीदों के नाम (पोदला उरस्कना) अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया। उन्होंने परिसर में पीपल का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी परिसर में शहीदों की स्मृति में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

विजिटर बुक में व्यक्त किए विचार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अमर वाटिका में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत विजिटर बुक में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सुरक्षाबल के जवानों की शहादत को नमन करते हुए लिखा कि देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के चलते जो आज बस्तर नक्सली मुक्ति की राह पर है। उनके बलिदान पर सतत नमन करता हूं। यह लिख कर उन्होंने आज की तारीख डाली और अपना सिग्नेचर किया है।

भीषण सड़क हादसे में 6 की ...

और उसकी तलाश जारी है। ट्रक और कार की टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों तक कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। कार में सवार लोग डौंडी में कुम्भकार में किसी रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरेदा गांव लौट रहे थे।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने की पीएम ...

के बीच व्यापार, निवेश, विकास और सुरक्षा सहयोग को लेकर बात हुई।

जयशंकर ने किया सोशल मीडिया पोस्ट

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा की शुरुआत में राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात करके खुशी हुई। श्रीलंका हमारे पड़ोस प्रथम नीति और सागर आउटलुक के लिए अहम है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत से दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ेगा।

दिसानायके का सोशल मीडिया पोस्ट

इससे पहले राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा था कि उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अपनी बैठकों में पारस्परिक हितों पर उपयोगी चर्चा की। दिसानायके ने एक्स पर लिखा, आज शाम करीब साढ़े पांच बजे नई दिल्ली पहुंचा, जहां मुझे सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और अन्य अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एस. जयशंकर और अजीत डोभाल के साथ आपसी हितों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय का बयान

दिसानायके के भारत दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दिसानायके की यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को और गहरा करने तथा द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने पर केंद्रित होगी। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे।

संसद में हंगामे के बीच प्रियंका ...

सवाल किया कि जानवरों के हमले में प्रभावित होने वाले किसानों और आम लोगों के लिए मुआवजा का क्या इंतजाम है? उनके इस सवाल पर केंद्रीय मंत्र ने जवाब दिया।

केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रियंका गांधी के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा, वायनाड के तीन तालुका क्षेत्रों में मैं खुद भी गया था। हम लोगों ने पूरी टीम बनाई गई थी। प्रशासन और वन विभाग के साथ मिलकर काम किया गया। यह जो कॉन्स्टेंसी क्षेत्र है, वह केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक का बड़ा इलाका है, इसके तहत ही ये कॉन्स्टेंसी आती है। हमारी सरकार के द्वारा जो कार्य कराए गए, उसकी कॉपी मैं आपको उपलब्ध करा दूंगा।

वायनाड के लिए राहत पैकेज की मांग

इससे पहले शनिवार को प्रियंका गांधी और केरल के अन्य सांसदों ने वायनाड भूस्खलन त्रासदी के पीड़ितों के लिए राहत पैकेज की मांग की। उन्होंने इसके लिए संसद में प्रदर्शन भी किया। संसद भवन के मकर द्वार के पास प्रियंका गांधी सहित अन्य सांसदों के साथ वायनाड के साथ भेदभाव बंद करो, के नारे भी लगाए। इस दौरान वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, सरकार वायनाड को विशेष पैकेज देने से इनकार कर रही है। हमने गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध किया और प्रधानमंत्री को चिट्ठी भी लिखी। हिमाचल प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। वे भी केंद्र से मदद की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से केंद्र सरकार पीड़ितों को उनकी उचित सहायता से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा, भारत के नागरिक होने के नाते सभी के साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं को लेकर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

प्रियंका ने फ्लस्तीन के प्रति समर्थन दिखाया

फ्लस्तीन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को एक थैला लेकर संसद पहुंची। थैले में फिलस्तीन लिखा था। कांग्रेस सांसद गाजा में इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफअपनी आवाज उठा रही हैं।

नई दिल्ली में फिलस्तीन दूतावास के प्रभारी अबेद एलराजेग अबू जजेर ने पिछले हफ्ते प्रियंका गांधी को वायनाड उपचुनाव में जीत पर बधाई दी थी। इस साल जून के महीने में प्रियंका गांधी ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी। उन्होंने नेतन्याहू पर गाजा के लोगों पर बर्बरता का आरोप लगाया था। प्रियंका गांधी ने लोकसभा में कहा कि सरकार को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा पड़ोसी देश के सामने उठाना चाहिए। उन्होंने पीड़ितों के लिए सरकार से समर्थन मांगा।

युवक पर किया जानलेवा....

नहीं की जाती है, तो स्कूली बच्चों के साथ गंभीर घटना घट सकती है। युवक को गांव के लोगों ने तत्काल उपचार के लिये गरियाबंद जिला अस्पताल में ले जाया गया है। गरियाबंद जिले का बारूका ग्राम चारों तरफ जंगलों से घिरा हुआ है, जहां बरसात के दिनों में हाथियों का भी आतंक देखने को मिलता है, वहीं इन्सान पर हमले का यह पहला मामला है, इससे ग्रामवासी खासे भयभीत है। शासन प्रशासन को ग्रामीणों की जंगली जानवरों से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

जनदर्शन में दिव्यांगजनों को कलेक्टर के निर्देश पर मिला फ्री बस पास

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कई जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल रही है। इसी क्रम में आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के संवेदनशीलता से फरसगांव नगर पंचायत के झुलनाडिही निवासी दिव्यांग श्री जयसिंह नेताम और श्रीमती सामबती को त्वरित राहत मिली।जनदर्शन में पहुंचे श्री जयसिंह नेताम ने बताया कि वर्ष 2017 में ब्रेन ट्यूमर के कारण उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है और वे 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उन्हें इलाज के लिए बार-बार रायपुर जाने की आवश्यकता के चलते बस किराये की वजह से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए उन्होंने फ्री बस पास की मांग की। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ को तुरंत फ्री बस पास जारी करने के निर्देश दिए। बस पास पाकर जयसिंह ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे उन्हें इलाज के लिए रायपुर आने-जाने में आसानी होगी और उनकी आर्थिक समस्या कम होगी। वंही दिव्यांग महिला श्रीमती सामबती राठौर ने चलने-फिरने में परेशानी और आवास की जरूरत को लेकर आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर उन्हें समाज कल्याण विभाग से छड़ी प्रदान की गई और आवास उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नगर पालिक निगम, गांधी भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं 0771-2535780,90 फैक्स - 077122273395 ई मेल dcrmc@reddiffmail.com

क्रमांक/423/स्वा.वि./मु./न.पा.नि../2024 रायपुर, दिनांक 16/12/2024

CORRIGENDUM-01

विषय :- सेंट्रल गैंग ग्रुप 'बी' मुख्यालय अंतर्गत सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 50 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) रखे जाने बाबत।

संदर्भ :- सिस्टम टेंडर नम्बर 162420 NIT No. 404/HEALTH/NNR/2024 RAIPUR 04.12.2024

With refrence to above system tender no. NIT NO., Date of submission of online bid for the mentioned work has been extended as given below

Seq. No.	Nagar Nigam Stage	Contractor Stage	Previous Date		Extended Date	
			Date	Time	Date	Time
1	Bid Start Date		04-12-2024	17:30	04-12-2024	17:30
2		Bid Due Date	14-12-2024	17:30	17-12-2024	17:30
3		Physical Doc Submission End Dates	16-12-2024	17:30	19-12-2024	17:30
4	Bid Open Date (Scheduled)		17-12-2024	From 11:30	20-12-2024	From 11:30

The details can be vieved and downloaded online directly from the govt. of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

HEALTH OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G)

न्यूज गैलरी

गायत्री महायज्ञ में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंबागढ़ चौकी नगर में चल रहे 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ मे आज राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू जी पहुंच कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। यज्ञ हवन में शामिल होकर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है और इस पुण्य कार्य के लिए गायत्री परिवार एवं नगर वासियों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। श्रीमती साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्यक्रमों के माध्यम से अध्यात्म संस्कृति और जन चेतना को बढ़ावा देने का प्रयास गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है जो की अनुकरणीय है।

शासकीय पॉलिटेक्निक में हुआ वाद विवाद और रंगोली प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। संस्था में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष की योजनाओं÷ पर रंगोली एवं ÷छत्तीसगढ़ शासन के सरकार गठन के एक वर्ष का सुशासन÷ विषय पर संगोष्ठी, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संस्था की सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सम्पन्न किया गया 7

उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. आई.सी.भारती, सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमतीआम्रपाली धमगया, एन एस एस प्रभारी रोशन लाल कैवर्त एवं संस्था के सभी व्याख्याता उपस्थित रहे 7

आपने मुझे चुनकर अपना कार्य किया अब कार्य की बारी मेरी : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेशे। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोड़गीरी में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का श्रीफल साल भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया।

सकारात्मक परिवर्तन लाने होता हैं ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस उत्सव में जिलें के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद की विधाओं में हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं के बीच अंतिम प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा में नृत्य, संगीत, नाटक, चित्रकला, लोकगीत, और पारंपरिक खेलों जैसी विधाओं को प्रमुखता दी गई। बता दें कि जिलें में 9 से 13 तक विकासखंड स्तर मे विभिन्न विधाओं में युवा प्रतिभाओं ने अपना प्रतिभा दिखाया और आज जिला स्तरीय युवा उत्सव के कार्यक्रम मे युवाओं ने अपनी अंतिम प्रतिभा दिखाई। इस दौरान उन्होंने कला, संस्कृति और खेलकूद से संबंधित क्षमताओं का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित कि गई जिनमें सामूहिक लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत व नृत्य, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, कहानी लेखन, कविता, चित्रकला, और तत्कालिक भाषण की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रॉक बैंड और मोबाइल फोटोग्राफी की प्रतियोगिता आयोजित करी गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक दिपेश साहू ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों और युवाओं को जोश और आत्मविश्वास दिया। विधायक दीपेश ने कहा कि इस तरह के उत्सव युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उनकी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों और युवाओं की सराहना की और कहा कि ये बच्चे न केवल अपनी कला और कौशल से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। विधायक ने इस मौके पर बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।उनके उत्साहवर्धक शब्दों से युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ, जिससे समापन कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साही बन गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा युथ फेस्टिवल के आयोजन के दौरान अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए कहा कि वह भी बचपन में इस तरह के उत्सवों का हिस्सा रहे हैं और ऐसे आयोजनों ने उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने और व्यक्त करने का अवसर दिया।

युवाओं को प्रशस्ति पत्र-मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के समापन कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्सव के समापन समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी मेहनत और कला के प्रति समर्पण के लिए दिया गया, ताकि वे प्रेरित हों और अपनी प्रतिभा को और अधिक निखार सकें। इस सम्मान समारोह में प्रमुख अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सायबर ठग नाईजीरियन को राजनांदगांव पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

युवती से किया था 16 लाख रुपए की आनलाइन ठगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात आरोपी द्वारा shadi.com की प्रोफाईल आईडी आलोक देशपांडे के नाम से प्रार्थिया से विवाह के संबंध मे बात कर स्वयं को यूनाईटेड किंगडम मे कार्यरत होना बताया एवं जल्द ही भारत वापस लौटकर प्रार्थिया से शादी कर घर बसाने की बात कहीं गयी। उसी दौरान दिनांक 11.07.2024 को प्रार्थिया के पास एक अनजान महिला के द्वारा फोन कर बताया कि आलोक देशपांडे भारत में दिल्ली एयर पोर्ट में विदेशी मुद्रा के साथ आये हैं, उस मुद्रा को भारतीय मुद्रा मे एक्सचेंज करने के लिये प्रक्रिया के तहत फीस जमा करनी होगी, उसी दौरान अज्ञात आरोपी आलोक देशपांडे ने भी प्रार्थिया को कॉल कर बोला कि पैसों की अर्जेन्ट जरूरत है साथ ही लगातार इमोशनल ब्लेकमेलिंग कर विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तो मे कुल 15,72,000/- रूपये प्रार्थीया से डलवा कर ठगी कर लिया हैं साथ ही घटना मे प्रयुक्त सभी मोबाइल को बंद कर दिया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में अपराध क्रमांक 189/2024 धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था, विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त shadi.com की प्रोफाईल आईडी, मोबाईल धारक का पतासाजी किया गया एवं उपयोग किये गये shadi.com के आईडी के संबंध में तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी का पतासाजी किया गया। उक्त मोबाईल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया और घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगांव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखण्डी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्यवही किया गया जहाँ आरोपी किराये के मकान मे रह रहा था। आरोपी जानसन सेमुअल पिता सेमुअल, उम्र- 40 साल, वर्तमान निवासी डब्ल्यू.जेड.जी.-81 संत नगर एक्सटेंशन, शाहपुरा, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली, स्थायी पता- N-18 Ejigbo State lagos, Country – Nigeria (जो दिल्ली आने से पूर्व नाईजीरिया में निवासरत था) को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया एवं गवाहों के समक्ष धारा- 23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने अपने कथन मे अपराध घटित करते हुये ठगी में उपयोग किये गये 01 नग लैपटाप एवं 04 नग मोबाईल पेश किया, जिसे समक्ष गवाहों के जप्त किया गया ।

तकनीकी सहायता से पतासाजी किया गया

विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त shadi.com की प्रोफाईल आईडी, मोबाईल धारक का पतासाजी किया गया एवं उपयोग किये गये shadi.co के आईडी के संबंध में तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी का पतासाजी किया गया। उक्त मोबाईल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया और घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखण्डी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्यवही किया गया जहाँ आरोपी किराये के मकान मे रह रहा था।

छुरिया नगर में पहली बार ब्राह्मण सम्मेलन

समाज के उत्थान में युवाओं की भागीदारी जरूरी है : ललित मिश्रा, विक्रांत शर्मा

धमतरी/नवप्रदेश। छुरिया जिला राजनांदगांव जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव सर्व ब्राह्मण समाज शशिकांत तिवारी,प्रदेशाध्यक्ष ब्राह्मण युवा मंच विक्रांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय,प्रदेश संगठन सचिव सुभाष शर्मा,सुमित शर्मा,मौलेश तिवारी पोषण शुक्ला, धमतरी से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा लव मिश्रा , श्रीमती कनक दत्ता दुबे , श्रीमती विजेता शर्मा , श्रीमती अर्चना बाजपेयी , विनोद तिवारी ,गोपाल तिवारी ,दौवा प्रसाद तिवारी , रुखम प्रसाद दुबे , श्रीमती पूनम सुरेश शर्मा, पवन तिवारी ,लखन प्रसाद मिश्रा , मिथलेश दुबे आदि अतिथियों का सम्मेलन में आगमन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शनैश्वर धाम एंव मां दन्तेश्वरी मंदिर में विधि विधान से वैदिक पंडितों द्वारा मंत्रों के साथ पूजन अर्चना पश्चात बाजेगाजे के साथ ब्राह्मण समाज ने अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक भव्य स्वागत के साथ लाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के तैल चित्र में पूजा-अर्चना माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।

वनरक्षक सीधी भर्ती में 48 प्रतिशत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के बड़ेकनेरा मार्ग स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम मैदान में वनरक्षक सीधी भर्ती 2024 का आयोजन वन विभाग किया गया। यह भर्ती वन मंडल केशकाल, वन मंडल नारायणपुर और वन मंडल कोण्डागांव के 74 पदों के लिए आयोजित की गई थी। इन पदों के लिए कुल 14,071 पात्र अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। भर्ती प्रक्रिया के 10 से 15 दिसंबर तक शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। जो अभ्यर्थी इस अवधि में परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, उनके लिए 16 दिसंबर को रिजर्व डे निर्धारित किया गया था। कोण्डागांव वन मंडल अधिकारी और तीनों वन मंडलों के नोडल अधिकारी रमेश जांगड़े ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में 6868 अभ्यर्थियों ने भाग लिया,जो कुल आवेदकों का लगभग 48 प्रतिशत है। अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के लिए एक पद के विरुद्ध 10 अभ्यर्थियों की तुलना में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा का आयोजन व्यापम के माध्यम से संपन्न होगी।

पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों को कार्यशाला में दिए टिप्स

कोण्डागाँव/नवप्रदेश। जिले के माकड़ी आकांक्षी ब्लॉक में जनपद पंचायत सभागार में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिन्हित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच , सचिवों और 35 प्राथमिक शालाओं के प्रधानपाठक व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए ग्राम पंचायत, समुदाय और शिक्षकों के बीच सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना था। इस पहल में पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।प्रशिक्षण सत्र में शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु रणनीतियाँ, कार्यशाला में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड और लाइब्रेरी व टीचर्स लीड 100 दिवसीय लर्निंग प्रोग्राम जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को एल.एस.डी.जी. की 9 प्रमुख थीमों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शिक्षा सुधार योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। प्रतिभागियों ने शिक्षा सुधार के लिए समुदाय की भागीदारी और बच्चों के समग्र विकास के लिए सामूहिक योजनाएं तैयार की।प्रतिभागियों ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बेहतर समन्वय और ठोस कार्ययोजनाओं को अपनाने पर बल दिया। यह कार्यशाला पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और समुदाय के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जो आकांक्षी ब्लॉक से महत्वाकांक्षी की और लेकर जायेगी।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 162661/निविदा सूचना क्र. 24/व.ले.लि./2024-25 दिनांक-12.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 02.01.2025, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम : बिलासपुर जिले के आमामुड़ा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर / माईनर नहर लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 1458.29 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.12.2024, समय 17.31** बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते हैं।

नोटः

1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 **(संशोधित 01.08.2022)** के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242504577/8

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 1, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक : 08/ व.ले.लि./ 2024-25 दिनांक 06.12.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 27.12.2024 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ग्रुप क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	162360	छुईड़ांड जलाशय योजना के नहर में पक्का चैनल निर्माण कार्य।	रु. 97.12 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 13.12.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 1
अम्बिकापुर (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी-242504586/8

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 6970/NIT-04/2024-2025/ व ले लि दिनांकः 12/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 20/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने अंतिम तिथिः- 26/12/2024 अपरान्ह की 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथिः- 27/12/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / निविदा आमंत्रण	कार्य की लागत (लाख मे) अमानत राशि (रू.मे) बैंक साल्वेसी समयावधि
05 T0041	50 बिस्तरीय बालक छात्रावास लमना, विकासखण्ड पोडीउपरोडा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	18.48 13860.00 227200.00 05 माह
05 T0042	50 बिस्तरीय बालक छात्रावास लमना विकासखण्ड पोडीउपरोडा में अधीक्षक आवास निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	8.30 6225.00 124500.00 04 माह
05 T0043	50 बिस्तरीय बालक छात्रावास लमना विकासखण्ड पोडीउपरोडा में किचन सह भण्डार कक्ष, आई टाईप गार्ड रूम बोरिंग एवं पंप स्थापना तथा शौचालय निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	13.92 10440.00 208800.00 04 माह

टीपः-

1. निविदा फार्म A एवं निविदा फार्म की किमत 750.00 है।
2. उक्त कार्य की निविदाकार की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द वर्ग से अ वर्ग तक है।
3. ईपीएफ नम्बर उपलब्ध होने पर ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जावेगा।

निविदा संबंधी समस्त शर्ते संभागीय कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

Executive Engineer
P.W.D. Korba Div. Korba (C.G.)

जी- 242504603/4

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना कमांक-14
(प्रथम बार)

क्रमांक / 4498 / टेण्डर / ग्रायांसेवा / 2024 **कोरबा, दिनांक 13.12.2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में द वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यो हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, लोक निर्माण विभाग की दर अनुसूची जारी दिनांक 01.06.2015 एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की दर अनुसूची जारी दिनांक जून 2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 28.12.2024 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
162834	ग्राम पंचायत नानबांका में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य वि.खं. पाली	34.12
162836	ग्राम पंचायत पटपरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य वि. खं. पाली	34.12
162839	ग्राम पंचायत कांजीपानी में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य वि.खं. पाली	34.12
162840	ग्राम पंचायत अरसेना में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य वि. खं. कोरबा	34.12

उपरोक्तानुसार प्रत्येक सिस्टम टेण्डर नम्बर हेतु धरोहर राशि रू. 25590.00 है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 13.12.2024 समय 15.30 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

(ए.के. जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग

जी-242504600/4

कार्यालय
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय जांजगीर, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

Email-csjanjgir@gmail.com, Tel.-07817-222064

क्रमांक / अस्प.प्रशा./2024/5877 जांजगीर,दिनांक :- 11/12/2024

// निविदा सूचना //

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर में अंतः आंतिरक रोगियों एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत् प्रसव महिलाओं को आहार प्रदायगी एवं सुरक्षा सेवायें तथा सफाई सेवायें की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जिले की स्थानीय वेबसाईट जांजगीर-चंपा-गोव.इन से डाउनलोड कर करके प्राप्त करना होगा। आवेदन शुल्क प्रति निविदा शुल्क राशि 1000.00 (शब्दों में एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट अध्यक्ष एंड सचिव जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय जांजगीर (के नाम से देय) निविदा के टेक्नीकल बिड लिफाफा 'ब' के साथ जमा करना होगा तभी निविदा मान्य किया जावेगा।

क्र.	निविदा का विवरण	निविदा जमा की तिथि		खोलने की अंतिम तिथि		निविदा प्रपत्र शुल्क
		तिथि	समय	तिथि	समय	
01	अंतः रोगियों आंतिरक एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत् प्रसव महिलाओं को आहार प्रदायगी हेतु	प्रकाशन तिथि से 04/02/2025	दोपहर 03 बजे तक	04/02/2025	दोपहर 04 बजे	1000.00
02	सुरक्षा सेवायें	प्रकाशन तिथि से 04/02/2025	दोपहर 03 बजे तक	04/02/2025	दोपहर 04 बजे	1000.00
03	सफाई सेवायें	प्रकाशन तिथि से 04/02/2025	दोपहर 03 बजे तक	04/02/2025	दोपहर 04 बजे	1000.00

नोट- निविदा के संबंध किसी भी जानकारी के लिए जिला जांजगीर के वेबसाईट janjgir-champa-gov.in से अवलोकन किया जा सकता है।

सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, जांजगीर (छ.ग.)

जी-242504534/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, (वि/यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Protal : eproc.cgstate.gov.in

नि.आ.सू. दिनांक 11/12/2024 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 24/12/2024 Physical Submission Last Date 31/12/2024

ऑनलाइन निविदा हेतु प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	64	162918	Providing LT & HT line, 11kv/33kv Transformer shifting and Other Electrical work at Sub Division Bilaspur Distt. Bilaspur (C.G.)	92.50
2	65	162919	Providing LT & HT line, 11kv/33kv Transformer shifting and Other Electrical work at E./M. Sub Division Mungeli Distt. Mungeli (C.G.)	98.00
3	66	162920	Providing LT & HT line, 11kv/33kv Transformer shifting and Other Electrical work at B./R. Sub Division Lormi Distt. Mungeli (C.G.)	95.00
4	67	162921	Providing Repairing of Air Washer, Control Switch Gears, Ducting Work, Softner Plant, Acoustic, Valves, Cooling Tower Base Frame Work of HVAC Plant and Other Electrification Work in Section No.-1 under High Court Sub Division, Bilaspur (C.G.)	50.00

नि.आ.सू. दिनांक 11/12/2024 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 20/12/2024 Physical Submission Last Date 24/12/2024

ऑनलाईन निविदा द्वितीय आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
5	68	162922	Providing Maintenance work of Air Conditioner Unit in CIMS Section Distt. Bilaspur (C.G.)	30.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242504580/4

बिलासपुर जिले में 2019 में पड़ी थी कड़ाके की ठंड, 6 डिग्री तक गिर गया न्यूनतम तापमान

शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन, पारा गिरकर 11 डिग्री पर पहुंचा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज होने के बाद कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने आने वाले 3 दिनों तक उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। वहीं रविवार की तरह सोमवार को भी न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक लुढ़क गया, जिसके चलते सुबह और रात में ठंड ने लोगों को परेशान किया। 5 साल पहले जिले में ठंड का कहर देखने को मिला था। तापमान 6.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। हालांकि, इसके बाद अब तक उतनी ठंड नहीं पड़ी है।

दरअसल, उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के चलते जिले में रात के पारा में गिरावट दर्ज की जा रही है। दो दिन दिन पहले शहर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। इस सीजन में इतना कम तापमान एक भी कम नहीं उतरा, जिसके बाद से लगातार ठंड के कारण कंपकंपी महसूस हो रही है। रविवार को भी न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। जबकि, अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर में भी ठंड महसूस होने के कारण लोगों को धूप का सहारा लेना पड़ा। कड़कड़ाती ठंड के बीच स्कूली बच्चों को रोज स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। यही वजह है कि रविवार सुबह को बच्चों ने बिस्तर में छुट्टी का लुत्फ उठाया। ठंड के कारण बच्चे देर तक बिस्तर में दुबके रहे। वहीं, सरकारी दफ्तर जाने वाले कर्मचारी भी देर से सोकर उठे। बाहर निकलने के पहले उन्हें गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। धूप निकलने के बावजूद ठंड महसूस होती रही।

दिसंबर 2019 में पड़ी थी कड़ाके की ठंड

जिले में साल 2019 में कड़ाके की ठंड पड़ी थी। तब शहर का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। इसके बाद से अब तक उतनी ठंड नहीं पड़ी है। 2022 में 10.8 डिग्री तक ही पारा दिसंबर माह में लुढ़का था। हालांकि, 2023 में यह 10 डिग्री तक नीचे गया था। रविवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह रिकार्ड पिछले तीन दिनों से है, अगर यह 0.2 डिग्री और नीचे चला जाता तो 2022 के न्यूनतम तापमान की बराबरी हो जाती। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में न्यूनतम तापमान लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण मौसम विभाग ने शीतलहर चलने की आशंका जताई है, जिसका असर बिलासपुर में भी देखने को मिल सकता है। ठंडी हवाएं चलने के कारण अधिक ठंड पड़ने की संभावना है।

मौसम में हो सकता है बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार बिलासपुर समेत प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, जबकि बाद के दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। 17 दिसंबर को प्रदेश में आकाश साफ रहने की संभावना जताई जा रही है, जिसके कारण उस दिन मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं आएगा। इस बीच 17 और 18 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में मौसम के बदले हुए मिजाज की संभावना है, जिसमें हल्की वर्षा हो सकती है। इसके अलावा, उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ में शीत लहर के चलते तापमान में गिरावट देखी जा सकती है।

न्यूज गैलरी

मोबाइल छीनने पर 9वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में 14 साल की नवमीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

बताया जा रहा है कि परिजनों ने छात्रा से मोबाइल छीन लिया था, जिससे नाराज होकर खुदकुशी की आशंका है। 25 दिन में ये दूसरा सुसाइड है। मोबाइल के लिए एक छात्र ने भी खुदकुशी कर ली थी। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा का नाम एंजल जैसवानी है। शनिवार की रात वह अपने घर पर परिजन के साथ थी, तभी उसने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर रात में ही फंदा काटकर परिजनों ने उसे अपोलो अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा मोबाइल पर ज्यादा समय बिताती थी। दिनभर वह मोबाइल पर ही समय बिताती थी। व्यस्त देखकर परिजनों ने उसे मना किया। कमरे में जाकर पढ़ाई करने को लेकर कहा। आशंका है कि इसी से नाराज होकर छात्रा ने आत्मघाती कदम उठाया है।

धान का उठाव और कस्टम मिलिंग में उदासीनता, हनुमान राइस मिल बिल्हा व एसडी राइस मिल पंधी के विरुद्ध कार्रवाई

दो राइस मिलों में प्रशासन का छापा चावल और धान का स्टॉक जब्त

- **हनुमान राइस मिल को किया सील, बिजली कनेक्शन भी काटा**
- **समझाइश पर शुरू किया धान का उठाव**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने आज दो राइस मिलों में छापामार शैली में निरीक्षण किया।

बिल्हा स्थित श्री हनुमान राइस मिल और पंधी के एसडी राइस मिल पहुंचकर टीम ने जांच की। इनमें हनुमान राइस मिल में संदेहास्पद चावल और धान का स्टॉक जब्त किया। उनका बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया और आगामी आदेश तक मिल को सील कर दिया गया। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान के उठाव और कस्टम मिलिंग में उदासीनता बरतने पर जिला प्रशासन ने कठोर कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि इस तरह जांच की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस बीच प्रशासन की समझाइश पर राइस मिल एसोसिएशन भी मान गए हैं। धान का उठाव और कस्टम मिलिंग के लिए राजी हो गए हैं। संघ के अध्यक्ष ने लिखित में इस आशय का सहमति पत्र भी जिला प्रशासन को सौंप दिया है। धान का उठाव भी कई मिलरों ने तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया है। पंधी के एसडी मिल ने जांजी समिति से धान का उठाव किया है। इस बीच समझाइश पर जिला राइस मिल एसोसिएशन द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य हेतु पंजीयन, बारदाना जमा, अनुबंध, धान उठाव जैसे कार्य मे सहमति देते हुए उक्त कार्य में तत्काल प्रगति करने हेतु लिखित में सहमति प्रदान की गई। कार्यवाही उपरान्त एसडी एग्रो राइस मिल पंधी द्वारा जाँजी समिति से धान उठाव प्रारम्भ कर दिया गया।

आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन

गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु कस्टम मिलिंग में उदासीनता बरतने के कारण आज राजस्व, खाद्य, मार्कफेड, विद्युत विभाग की सँयुक्त टीम द्वारा बिल्हा स्थित श्री हनुमान राइस मिल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मिलर द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने के कारण मिल में उपलब्ध धान और चावल के स्टॉक को जब्त कर आगामी आदेश तक मिल को सील किया गया एवं मिल में लगे बिजली कनेक्शन को काटा गया। ज़िला प्रशासन द्वारा समस्त मिलर को धान का उठाव एवं कस्टम मिलिंग करने हेतु निर्देशित किया है।

लायंस इंटरनेशनल ने गर्म कपड़े बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व के सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल के लायंस परिवार बिलासपुर रीजन 6 व 7 के सभी 25 क्लब ने संयुक्त रूप से जोंकि गांव में कम्बल गर्म कपड़े, स्वेटर, साल, साड़ी, बच्चों के लोअर, बैट बॉल, फुटबाल, बिस्किट, समोसे नाश्ता फल, एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही साइबर ठगी के बारे मे सतर्क किया 200 लाभान्वित हुए। सामग्री पाकर ग्रामीण लोगों में खुशी देखी गयी। कार्यक्रम के चीफ कोऑर्डिनेटर लायन लायन मनजीत सिंह अरोरा ने बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन अरविंद दीक्षित व लायन चंदा बंसल, कॉर्डिनेटर लायन विष्णु गुप्ता, व मंच संचालन लायन निशेष वर्मा ने किया एवं आभार योगेश तिवारी ने की। आदि लायन सदस्यों की उपस्थिति रही।

इण्डियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 10-12 जनवरी को

- **उप मुख्यमंत्री अरुण साव को इण्डियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए दिया आमंत्रण**

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने रायपुर में होने वाले अपने 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं एसोशिएशन के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री श्री साव से मुलाकात कर इसके लिए आमंत्रण दिया। श्री साव ने अधिकारियों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता की सहमति दी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल और मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता सहित विभागीय अभियंताओं की टीम ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर आयोजन की अध्यक्षता का आमंत्रण दिया। इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य के लिए आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन के 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रायपुर के जैनम मानस भवन में आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में वाटर वर्क्स से जुड़े देश-विदेश के जाने-माने 400 से अधिक वरिष्ठ एवं अनुभवी इंजीनियर हिस्सेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ को दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी मिली है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 41 लोगों का सम्मान

मस्तूरी/नवप्रदेश। मस्तूरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदी (गोबरी) में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संभाग कमिश्नर महादेव कावरे रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर आरए. कुरुवंशी, सरपंच दीपक बंजारे आदि मौजूद रहे। कमिश्नर ने उत्कृष्ट कार्य करने पर 41 लोगों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अप्प दीपों भवः अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो।

बुजुर्गों को खुश देखकर मिलती है आत्मिक शांति: पायल

- **छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन महिला इकाई ने पायल लाठ का जन्मदिन मनाया**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन बिलासपुर महिला इकाई ने अध्यक्ष पायल शब्द लाठ का जन्मदिन वृद्ध आश्रम एवं तेजस्विनी छात्रावास में केक काट कर और फल बांट कर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापिका और अध्यक्ष पायल शब्द लाठ ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्गों की खुशी से आत्मिक शांति मिलती है। ऐसे अवसरों पर हमें उनकी सेवा करने और उनके साथ समय बिताने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। उनका आशीर्वाद हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम में सचिव डॉ. स्वाति मुरारका एवं वंदना जाजोडिया भी उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने मिलकर बुजुर्गों और बच्चों के साथ खूब मस्ती और डांस किया, जिससे बुजुर्ग बहुत खुश हुए और जन्मदिन का आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन बिलासपुर महिला इकाई के सभी सदस्य उपस्थित थे। पायल लाठ ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन बिलासपुर महिला इकाई के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कर्मचारी भवन में लाइब्रेरी शुरू करने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा के नेतृत्व में नगर विधायक अमर अग्रवाल से कर लाइब्रेरी की स्थापना के लिए सहयोग राशि की मांग की गई।

विदित हो कि राज्य में लगभग 4 लाख से अधिक अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं जो विभागीय जांच, निलंबन, पेंशन, पदोन्नति, समय वेतनमान आदि विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ में वाद दायर करने आते हैं। उन्हें निःशुल्क परामर्श देने संबंधित क्षेत्र के सेवानिवृत्ति एवं अनुभवी अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यकता के अनुरूप उपस्थित रहेंगे। जिन्हें मार्गदर्शन देने के लिए विभिन्न प्रकार के पुस्तकों एवं फर्नीचर आदि की आवश्यकता होगी। जिसके लिए नगर विधायक से मुलाकात कर 4 लाख रुपए की मांग रखी गई है। विधायक श्री अग्रवाल ने सहयोग देने का आश्वासन दिया है। मुलाकात करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, प्रांतीय सचिव पवन शर्मा, जिला सचिव किशोर शर्मा एवं अजय धुर्वे शामिल थे।

अमर से मिला प्रतिनिधि मंडल

नगर सैनिकों ने श्रमदान कर दिया सफाई का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरसेना एवं एस डी आर एफ के जवानों ने नेहरू चौक स्थित छत्तीसगढ़ भवन परिसर में श्रमदान किया। उन्होंने हाथों में झाड़ू थाम कर संपूर्ण परिसर की सफाई की और कचरा उठाया। लगभग 60 जवानों द्वारा महानिदेशक नगर सेना एवं कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देशानुसार सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर सेना विभाग के डीआईजी एस. के. ठाकुर एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दीपांकुर नाथ, चंद्रभान ठाकुर, रवि शर्मा, मनोहर ध्रुव भी अभियान में भागीदारी निभाई।

खास पहल

सड़क हादसों को रोकने कसौधन वैश्य समाज की अनोखी पहल

शादी में दूल्हा-दुल्हन को उपहार में भेंट किया जा रहा हेलमेट

बिलासपुर/नवप्रदेश। दोपहिया मोटर साइकिल चलाते समय बहुत से लोग हेलमेट का उपयोग नहीं करते, दुर्घटना घट जाने पर हेलमेट का महत्व याद आता है, वहां चालक की मृत्यु हो जाती है या वहां चालक घायल हो जाते हैं एव परिवार में मुखिया के चले जाने से भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है ऐसे मैं कार मैं सीट बेल्ट या दोपहिया वाहन में वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के लिए समाज के लोगों को जागृत किया जा रहा है।

इस अभियान को छत्तीसगढ़ में कसौधन वैश्य समाज की शादी में दूल्हा-दुल्हन को भेट में हेलमेट प्रदान कर जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही पैम्फलेट भी वितरण किया जा रहा है। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट पंजीकृत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव बिलासपुर जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा की सभी वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं तथा कमर में भी सीट बेल्ट का उपयोग करें, अक्सर आपने देखा होगा या देखा गया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट ना पहन कर लापरवाही करते हैं और ऐसे में दुर्घटना घट जाती है तो परिवार वाले के ऊपर दुख का पहाड़ टूट जाता है, ऐसा देखा भी गया है कि जब लाल सिग्नल हो तो वहां चालक जल्दीबाजी में सिग्नल को तोड़ कर आगे बढ़ जाता है। मोबाइल में बात करते हुए वाहन चलाते हैं जिसे भी बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं इसलिए हम सब की एक ज़िम्मेदारी बनती है कि समाज को लोगों को इस हेलमेट लगाने के अभियान को जागृत किया जाना चाहिए, बच्चे हो या बूढ़े या जवान सभी को हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करने के लिए निवेदन किया जा रहा है इस अभियान के लिए समाज के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

किसी भी पार्टी में हेलमेट उपहार में दें

इन दिनों संपन्न परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे भी जब किसी जन्मदिन की पार्टी से लौटते हैं, तो उन्हें रिटर्न-गिफ्ट मिलती है। यह न सिर्फ एक सामान की शक्ल में रिटर्न गिफ्ट के बजाए उन्हें उपहार स्वरूप हेलमेट दिया जाना चाहिए ताकि उनकी जिंदगी सुरक्षित रहे, यह एक पूरी जिंदगी का तोहफा भी है जिनके घर-दफ्तर, कारोबार में लोग काम करते हैं और दुपहिया चलाते हेलमेट नहीं लगाते। लोगों को जान बचाने वाले इस सामान के तोहफे का चलन बढ़ाना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

कुएं में डुबकर अधेड़ की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम अमदला में एक अधेड़ ग्रामीण व्यक्ति के कुआं में डुबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक सुखदेव दास अमदला खास पारा घर से बिना बताये निकला था। दोपहर तक वापस नहीं लौटा । घर के लोग परेशान अधेड़ की पता तलाश आस-पड़ोस में करने लगे । गांव में स्थित एक कुएं के पास अधेड़ का साल जुता दिखाई दिया। गीरने की आंशका पर गांव के एक व्यक्ति ने कुएं के अन्दर उतर कर पानी के सतह पर तलाश किया। जिससे मालूम हुआ कि सुख देव दास का कुएं के पानी डुबने से मौत हो चुकी है। हादसे की इतिला थाना में दिया गया। लखनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल के शव को कुएं से निकाल कर कब्जे में ले लिया है। देर शाम होने कारण शव का पोस्टमार्टम आगामी दिन सोमवार को हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक पुलिस आगे की कार्यवाही करने जुटी है। अधेड़ ग्रामीण की मौत महज एक हादसा है या क़त्ल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

खरीदी धीमी होने से निर्धारित तिथि तक लक्ष्य पूर्ण होने में संशय

खरीदी केंद्रों में लिमिट के चलते धान की खरीदी हो रही प्रभावित

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीदी केंद्रों में निर्धारित लिमिट के चलते धान की खरीदी प्रभावित हो रही है। लिमिट नहीं बढ़ने के चलते किसान परेशान नजर आ रहे है। खरीदी के लिए अभी कुछ दिन शेष बचे है, जिससे लक्ष्य पूर्ण करने में संशय बना हुआ है।

प्रदेश में सरकार तो बदली किन्तु नही बदली तो किसानों की समस्यायें। सोसायटियों में निर्धारित खरीदी लिमिट के चलते किसान हो रहे है परेशान। निर्धारित समय तक पूर्ण नही होने से खरीदी केंद्र के प्रभारी एवं किसान परेशान है। इसकी चिंता सोसाइटियों को भी है और किसानों को भी है। यही वजह है कि सोसाइटियों द्वारा लगातार लिमिट बढ़ाने की मांग की जा रही है। धान खरीदी केंद्र से जुड़े लोगों का कहना है कि कुछ दिन शेष बचे है यदि लिमिट बढ़ा दी जाए तो खरीदी 31 जनवरी तक पूरी की जा सकती है अन्यथा खरीदी तारीख आगे बढ़ाने के सिवाय कोई दूसरा चारा नहीं रहेगा। शासन स्तर पर किसानों के धान की खरीदी सोसाइटियों के माध्यम से केंद्रों में की जा रही है, लेकिन सोसाइटी में हालत यह है कि जनवरी तक टोकन फूल हो गया है। खरीदी के प्रारंभ से जो लिमिट समिति को दी गई है उसमें लगातार कटौती करने के कारण से 31 जनवरी तक पूरा धान नहीं खरीदा जा सकेगा। अब यदि किसानों का पूरा धान खरीदना है तो या तो लिमिट बढ़ानी होगी या फिर खरीदी की तारीख आगे बढ़ानी होगी। जिले में 105

खरीदी केद्रो में 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। 31 जनवरी तक किसानों का धान खरीदा जाना है। इसमें 60 प्रतिशत ऑनलाइन और 40 प्रतिशत ऑफ्लाइन टोकन सोसाइटियों द्वारा दिया जाना है। समस्या यह है कि जो लिमिट अभी तक सोसाइटियों को दी गई है उस लिमिट से धान की खरीदी निर्धारित समय तक पूरी नहीं की जा सकती। दूसरी बात यह भी देखा जा रहा है कि लिमिट कम होने के कारण 2 से 3 बजे तक धान की खरीदी पूरी हो जा रही है, जबकि लिमिट बढ़ाए जाने से शाम 5 बजे तक खरीदी हो सकती है। लगभग सभी सोसाइटियों में एक जैसी स्थिति है। किसानों का धान भी अब तैयार हो गया है। इस कारण से टोकन कटाने अब किसान काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। टोकन कटाने किसानों को लाइन लगानी पड़ रही है। किसान सोसाइटियों पहुंचकर ऋण पुस्तिका जमा कर रहे हैं। दिनभर लाइन लगने के बाद उनको टोकन की तारीख मिल रहा है इससे साफ जाहिर है कि अभी धान की आवक बड़ी है लेकिन लिमिट कम होने के कारण किसानों को धान बेचने के लिए लंबा समय का इंतजार करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र को लेकर जहां किसानों को संशय बना हुआ था भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्रों में धान खरीदी एवं बोनस को लेकर किसानों ने अपने धान रोक रखे थे। वही दूसरी तरफ मौसम की मार के चलते भी खरीदी केंद्रों तक धान नही पहुंच पाया। यही कारण है कि अब तक जिले में धान खरीदी अभी भी आधी नही हो पाई है। सोसायटियों के लिमिट के चलते किसान अपने धान बेचने को लेकर परेशान नजर आ रहे है।

सोलर प्लांट स्थापित करने 213 आवेदकों ने कराया पंजीयन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार योजनांतर्गत सरगुजा जिले में घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 213 आवेदकों ने ऑनलाइन पंजीयन किया है। इसके साथ ही 147 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 45 हितग्राहियों ने घरों में संयंत्र स्थापित करने फर्म का चयन किया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना फरवरी 2024 से प्रभावशील है। यह स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूउपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रुपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट या मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है।

पर्यटन में विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम

गगनई नेचर कैंप के विस्तृत जलाशय में नौकायन शुरू कराया

पेंड्रा/नवप्रदेश। बस्ती बगरा 10 फरवरी 2020 को बिलासपुर से अलग होकर एक नया जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही बनाया गया जहां पर्यटन की दृष्टि से देखें तो साल के घने वनों से आच्छादित और नैसर्गिक झरनों, गुफाओं, पहाड़ो-पठारों से युक्त, आठ नदियों-अरपा, सोन, तान, तीपान, बम्हनी, जोहिला, मलनिया एवं ऐलान के उद्गम स्थल के कारण प्राकृति सौन्दर्य से भरपूर है।

तो वही पृथक जिला बनने के बाद से जीपीएम जिले को पर्यटन जिला के नाम से एक नई पहचान दिलाने जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थलों का विकास, पर्यटकों की सुविधा और स्थानीय लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने के लिए सार्थक पहल कि शुरुआत किया गया ।

जिसमें जीपीएम जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने गगनई नेचर कैंप के विस्तृत जलाशय में नौकायन शुरू करा दिया है। राजमेरगढ़, ठाड़पथरा, लक्ष्मणधारा, माई का मड़वा, झोझा जलप्रपात, जोगी गुफा आदि स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सौंदर्यीकरण के साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए कैंटीन एवं बैरियर का निर्माण कराया गया है। इन स्थानों पर ट्रैकिंग, कैंपिंग व अन्य गतिविधियां कराई जा रही हैं, पर्यटन स्थलों की देखरेख एवं संधारण के लिए स्थानीय पर्यटन समितियों का गठन किया गया है और पर्यटन समितियों को रात्रि भ्रमण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, स्थानीय युवाओं को ट्रैकिंग, हॉस्पिटैलिटी आदि का प्रशिक्षण दिया गया है।

इसी के साथ स्थानीय पर्यटन समितियों के माध्यम से बस्ती बगरा और सोन बचरवार में होम स्टे संचालित किया जा रहा है, जहां झोझा जलप्रपात घूमने आने वाले पर्यटक प्रकृति की वादियों में बसे आदिवासी ग्राम बस्ती बगरा में संचालित होम स्टे का आनंद ले सकते हैं। और कम्युनिटी विलेज स्टे भी बस्ती बगरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लमना में स्थानीय पर्यटन समिती द्वारा संचालित कराया जा रहा है, जिसमें पर्यटकों को पारंपरिक संस्कृति से भी जोड़ा जाता है। तो वही दूसरी ओर सोन बचरवार जहां से सोन नदी का उद्गम स्थल माना जाता है, और पूरे विश्व में सिर्फ एक मात्र मंदिर जहां पर मां नर्मदा और

शोणभद्र जी की एक साथ प्रतिमा देखने को मिलती है, यह गांव धार्मिक महत्वता के लिए भी प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है यहां पर भी होम स्टे की सुविधा उपलब्ध है।पर्यटन स्थल ठाड़पथरा में मड हाउस बनाया जा रहा है जिले का धार्मिक स्थल धनपुर एक पुरातत्विक् स्थल है, जहां पर पर्यटन समिति के द्वारा विशालकाय पत्थर पर उभरी हुई मूर्ति बेनीबाई को संरक्षित किया जा रहा है। यहां खुदाई से प्राप्त मूर्तियों एवं अवशेषों का संरक्षण भी किया जा रहा है। पर्यटन विकास के तहत मलनिया डैम में खनिज न्यास मद से एक्वा टूरिज्म एवं वाटर स्पोर्ट्स की स्वीकृति दी गई है, जिसका संचालन मछुआ सहकारी समिति द्वारा किया जाना है, प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण जिले का पर्यटन स्थल स्थानीय पर्यटकों को ही नही बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी खूब भा रहा है।जिला प्रशासन जिले के सभी दुर्लभ एवं आकर्षक पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। कबीर चबूतरा से लेकर समुदलई तक प्रत्येक पर्यटन स्थल की जीवंतता एवं सुरम्यता आने वाले दिनों में पूरे देश में जिले की ख्याति बढ़ाएगी।

> **सार्थक पहल किया जा रहा है**
>
> गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले की प्राकृतिक सुन्दरता और पर्यटन की भरपूर संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा पर्यटन क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ स्थानीय जनजीवन के लिए भी कार्य किया जा रहा है।
>
> - **लीना कमलेश मंडावी,** कलेक्टर, जीपीएम

राइस मिल में छापा, मिली गड़बड़ी

सक्ती/नवप्रदेश। खरीफ वर्ष 2023-24 की कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने वाली राइस मिलों बालाजी फूड्स सक्ती, सती दादी ग्रो मालखरौदा, मे. राधारमन अग्रवाल सक्ती, शिव राइस मिल मालखरौदा की जांच खाद्य विभाग,मार्कफेड एवं एफसीआई की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जांच में कई अनियमितताएं मिली, सही तरीके से स्टेकिंग नहीं करते हुए धान का उचित रख रखाव मिलर द्वारा नहीं किया गया था। खाद्य अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मिलों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। भारतीय खाद्य निगम में स्टेक आबंटन के पश्चात 15 दिवस में चावल जमा करने का नियम है। तय समय पर चावल जमा नहीं करने और नान में संपूर्ण चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स पर प्रशासन के द्वारा नजर रखी जा रही है। धान और चावल की स्टॉक अनुसार गणना योग्य स्टेकिंग करने मिलरों को विशेष हिदायत दी गई है। खरीफ वर्ष 2024-25 की कस्टम मिलिंग हेतु जिले में 90 राइस मिलों द्वारा पंजीयन करा लिया गया है। जिसमें से समस्त मिलों को अनुमति जारी कर दी गई है।

21 मिलों द्वारा अनुबंध निष्पादित कर धान का उठाव भी प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में 840000 क्विंटल की खरीदी हुई है, 94160 क्विंटल का डिलीवरी ऑर्डर जारी कराया गया है, जिसमें से 12080 क्विंटल का उठाव कर लिया गया है। राइस मिलों को अधिक से अधिक मात्रा में डिलीवरी ऑर्डर जारी कराकर उपार्जन केंद्रों से धान का तेजी से उठाव करने निर्देश दिए गए हैं।

रासेयो व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम- पांडेय

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत फंद्वानी में 7 से 13 दिसंबर तक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में ग्राम पंचायत उपसरपंच रामकुमार लहरे, उपसरपंच, पंचगण, के अहमद विभागाध्यक्ष गणित द्वारा किया गया।

शिविर समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि सरपंच परमा हेम कुमार यादव, जिला संगठक रासेयो एनके पुरले, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शोभित कुमार बाजपेई किए। आशीर्वाद वचन में सीईओ पाण्डेय ने बताया कि एनएसएस के स्वयं सेवक प्रतिभाशाली होते है और निस्वार्थ समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करते है। एनएसएस स्वयं सेवक में अनुभव, अनुशासन, लीडरशिप, टीम भावना, सकारात्मक सोच वाले होते है और कैंप लगना कोई छोटी बात नहीं है इससे जीवन की पाठ सीखते है और ग्रामीण जीवन

को प्रत्यक्ष अनुभव कर गांव में मतदाता, शिक्षा, स्वच्छता जागरूकता, सेवा भावना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आदर्श नागरिक बोध का अहसास कराते हैं, साथ ही सभी को लक्ष्य बनाकर परीक्षा की तैयारी करने की नसीहत ओर शुभकामनाएं दिए।

प्राचार्य डॉ. शोभित बाजपेई ने सभी स्वयं सेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अच्छे कार्य करने के लिए बधाई देकर उत्साह एवम लगन से स्किल बढ़ाने प्रेरित किए। विभागाध्यक्ष गणित के अहमद ने स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभागियों को पुरस्कृत किए। जिला संगठक एनके पुरले द्वारा रासेयो पत्रिका भेट किए एवं स्वयं सेवकों को मन लगाकर कार्य करने का सलाह दिए। सरपंच फंद्वानी परमा हेमकुमार यादव द्वारा बताया गया कि गांव में स्वयं सेवक ने मतदाता जागरूकता, चबूतरा निर्माण, तालाब की सफाई, आंगनबाड़ी, सोसायटी, स्कूल परिसर मुख्य मार्ग, मंदिर आदि की सफाई एवम जनसमस्या निवारण शिविर में विशेष सहयोग दिए। जिसके लिए आभार जताया और कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार भारती ने शिविर के विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट बताएं। प्रभात फेरी, योगा, पीटी, परियोजना कार्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, रासेयो खेल, ग्राम सम्पर्क, समीक्षा, कार्य सफ्लता पूर्वक सम्पन्न कराये। बौद्धिक परिचर्चा में शिविर थीम युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा के अनुसार व्याख्यान आयोजित किया गया।

कलेक्टर ने धान उठाव और कस्टम मिलिंग पर की चर्चा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा बीते दिनों राइस मिलरों की बैठक ली गई जिसमें उन्होंने राईस मिलरों द्वारा धान उठाव एवं एफसीआई-नान में चावल जमा की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही राईस मिलरों द्वारा बताये गये समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा राईस मिलरों की विभिन्न मांगों और समस्याओं का निरंतर निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। किसान सहजता से अपना धान खरीदी केन्द्रों में बेच रहे है जिससे खरीदी केन्द्रों में धान की आवक भी बढ़ी हुई है।

अधिकारी-कर्मचारियों ने जेल परिसर में किया श्रमदान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष सफलता पूर्वक बीत जाने पर राज्य सरकार के मंशानुसार सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर में रविवार को श्रमदान की परिभाषा-जन कल्याण की अभिलाषा के तहत जेल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जेल परिसर एवं जेल के बाहरी भागों में स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलीथीन बैग, झाड़ियों एवं अन्य कचरों को निपटान किया गया। केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर के जेल अधीक्षक योगेश क्षत्री ने बताया कि स्वच्छता अभियान के साथ ही जेल बाड़ी

में विभिन्न सब्जियों के पौधा रोपण किया गया, जिसमें टमाटर, फूलगोभी, पत्ता गोभी आदि के पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम में जेल प्रशासन की ओर से उप जेल अधीक्षक आर.आर. मातलाम, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी बानी मुखर्जी, सहायक जेल अधीक्षक ए.के. बाजपेयी, और संजय कुमार खैरवार, वरिष्ठ बढ़ई प्रषिक्षक प्रभाकर महाराणा, शिक्षक डिगम्बर सिंह कंवर एवं समस्त अधिकारी और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत में जेल विभाग को सौंपे गये गतिविधियों का सुचारू रूप से सम्पादन किया गया।

खदान विस्तार रोकने परसोड़ीकला में ग्रामीणों की गोलबंदी

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत परसोडीकला लखनपुर में अमेरा परियोजना के विस्तार हेतु ग्राम परसोडीकला और कटकोना की भूमि को लिया जाना है इन्ही विषयों को लेकर बैठक अयोजित किया गया था, पिछले कुछ दिनों पहले ग्राम के निस्तारी तालाब को एसईसीएल द्वारा रात में मनमाना तरीके से चोरी छिपे जेसीबी से खोदना चालू कर दिया था जिसे लेकर खूब विवाद भी हुआ था और तहसीलदार को बुला कर ग्रामीणो की उपस्थित में आवेदन भी दिया गया था! इन्ही विषयों को लेकर स्थाई समाधान हेतु आज कोर्ट के मार्गदर्शन हेतु कोर्ट के विख्यात वकील डॉ जे

पी श्रीवास्तव जी और रणविजय सिंह देव जी के उपस्थिती में ग्रामवासियों की बैठक आयोजित हुई, बैठक में भूमि अधिग्रहण, पेशा कानून पर चर्चा हुआ सभी लोगों ने एकमत होकर जमीन किसी भी स्थिति में नहीं देने का निर्णय लिए। आज तक ग्राम पंचायत परसोडीकला हो या कटकोना के किसी भी सरपंच के द्वारा हां ग्रामवासियों द्वारा खदान खोलने या विस्तार हेतु सहमति नहीं दी गई है इसके बावजुद एसईसीएल के दबाव में आकर प्रसाशन के संरक्षण में किसानो के भूमि से सटाकर खुदाई कार्य चालू कर दिया था जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है और मेड टूटकर खदान की ओर चला गया हैं इन सभी विषयों को लेकर ग्रामीण एक मत होकर ज़मीन नहीं देने का और कोर्ट का रुख अपनाने का निर्णय लिए। बैठक में वकील साहब डॉ जे पी श्रीवास्तव , रणविजय सिंह देव , पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र कुमार झारिया, सरपंच नंदलाल सिंह , उपसरपंच गोवर्धन राजवाड,अदवंस राजवाड़े, सुनील राजवाड़े, हलेश्वर राजवाड़े जी,जगत राम, मुनेश्वर, सोना बाई, कांता राजवाड़े, दिनेश राजवाड़े, अदिबल, शिवपाल राजवाड़े आदि ग्राम के सभी वरिष्ठगण व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

खेल स्पर्धा

प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

शिक्षक को खेल के मैदान से जोड़ने का प्रयास, डिफेंडिंग चैंपियन गौरैला शिक्षक की टीम विजेता

पेंड्रा/नवप्रदेश। खेल को बढ़ावा देने और शिक्षक को मैदान से जोड़ने का प्रयास लगातार तीसरे सप्ताह जारी रहा जो की शिक्षा विभाग के खिलाड़ियों के लिए फिजिकल कालेज मैदान पेंड्रा में आयोजित प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया 6 टीम शिक्षक गौरेला, शिक्षक मरवाही, फिजिकल पेंड्रा, बैगा शिक्षक जीपीएम, बस्ती बगरा शिक्षक, सिवनी मरवाही टीचर्स ने हिस्सा लिया। पहला मैच फिजिकल और गौरेला का हुआ जिसमें फिजिकल ने इस मैच को आसानी से 34 रन से जीत लिया मैन ऑफ़ द मैच संजय रहे दूसरा मैच बैगा एकादश और सिवनी मरवाही शिक्षक के बीच हुआ जिसमे बैगा शिक्षक टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुये इस मैच को 25 रन से जीता मैन ऑफ़ द मैच अंसुल रहे तीसरा मैच और पहला सेमीफइनल फिजिकल और मरवाही शिक्षक के बीच हुआ जिसे मरवाही ने रोमांचक मुकाबले मे 7 रन से जीता दूसरा सेमी फाइनल और आज का चौथा मैच गौरैला गौरैला शिक्षक और बैगा शिक्षक के बीच हुये जिसमें एकतरफा स्कोर करते हुये 125 रन बनाये और मैच को जीता मैन ऑफ़ द मैच अम्बुज मिश्रा रहे अब फाइनल की बारी थी फाइनल मैच गौरैला शिक्षक और मरवाही शिक्षक के बीच हुआ टॉस जीतकर गौरेला के कप्तान अम्बुज ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया उनका फैसला थोड़ा गलत साबित हुआ क्योंकि टीम 58 रन

पर ढेर हो गयीं जीत मरवाही के लिए एक दम आसान लग रही थी शुरुआत ठीक रही पर लगातार ब्रेक मे विकेट गिरते रहने से 59 का लक्ष्य मरवाही को पहाड़ साबित हुआ और अंतिम ओवर मे 9 रन से मरवाही को हार का सामना करना पड़ा इस तरह गौरेला टीचर्स लगातार दूसरी बार विजेता बनी पुरे टूर्नामेंट मे शानदार खेल के लिए अम्बुज मिश्रा को मैन ऑफ़ द सीरीज दिया गया विजेता टीम गौरैला को 6600 रूपये नगद व ट्रॉफी दी गयीं जबकि उप विजेता को 4400 व मोमेंटो दिया गया जबकि तीसरे चौथे स्थान पर आने वाली टीम को मोमेंटो दिया बेस्ट ड्रेस कोड व अनुशासन का ट्रॉफी बस्ती बगरा शिक्षक को दिया गया इस तरह से आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टीका दास मराबी राज्य पाल पुरुस्कार शिक्षक माध्यमिक शाला मुरमुर राजेश यादव गोलू अग्रवाल रहे कार्यक्रम के अतिथियों ने कहा के इस तरह के आयोजन शिक्षक को एक मंच प्रदान करते है जहाँ वो अपने खेल का प्रदर्शन करते हुये खेल को सीख भी सकते है प्रतियोगिता मे टीम का बढ़ना शिक्षक की रूचि को बताता है ऐसे आयोजन लगातार होते रहना चाहिए शिक्षक मैत्री समूह के लगातार इस तरह के आयोजन को अतिथि और खिलाड़ियों ने खूब सराहा आभार विनोद तिग्गा व्याख्याता हायर सेकेंडरी विद्यालय बस्ती बगरा ने किया।

सामुदायिक भवन लोकार्पण तथा निर्माण कार्य का नपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत लखनपुर में वार्ड क्रमांक 11 स्थित दशहरा तालाब के पास 8.83 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू ने विधायक प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल पार्षद बृजकिशोर पांडेय के उपस्थिति में किया। साथ ही नगर के वार्ड क्रमांक 02 झिनपुरी पारा के सत्तीघाट पर स्थित 8.83 लाख लागत से बनकर तैयार नव निर्मित सामुदायिक भवन का फ़िता काटकर लोकार्पण किया। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के पहल एवं नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू की नेतृत्व में लगातार नगर में विकास कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के वार्ड क्रमांक 06 स्थित सामुदायिक भवन में सुशासन का सुर्योदय , गौरवपूर्ण एक वर्ष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को उनके नये आवास का चाभी एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत् स्वच्छता दीदीयों , आंगबाडी कार्यकर्ता , एवं मितानिनों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

चेहरे धुलवाएं... कुछ तो करें

छत्तीसगढ़ में पिछले साल यानी 2023 में 14 हजार से अधिक सड़क हादसे हुए। इस साल के आंकड़े शायद इससे भी अधिक हों। बिलासपुर जिले में होने वाले सड़क हादसे इस आंकड़े के 8 प्रतिशत के करीब हैं। पिछले साल जिले में हुए हादसों में 337 लोगों की जान चली गई। आंकड़ों से पता चलता है कि सड़क हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। ये आंकड़े यह भी बताते हैं कि सड़क हादसों को रोकने के गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं और न ही बढ़ते हादसों के कारणों का विश्लेषण ही हो रहा है। एक अध्ययन बताता है कि 40 प्रतिशत सड़क हादसों की वजह चालक को झपकी आ जाना है। इस निष्कर्ष के सामने आने के बाद हैदराबाद पुलिस ने सड़क हादसे रोकने के लिए रात 11 बजे से तड़के 5 बजे तक चालकों का चेहरा धुलवाना शुरू किया है। इस कार्रवाई का नतीजा क्या सामने आता है, यह देखा जाएगा, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि पुलिस हादसों की रोकथाम के लिए कितनी गंभीर है।

छत्तीसगढ़ पुलिस को भी कारणों के विश्लेषण के आधार पर हादसों को रोकने के गंभीर प्रयास करने होंगे। हादसों का दूसरा और बड़ा कारण नशा है। अगर नशा करके और झपकी आने की स्थिति में वाहन चलाने से चालकों को रोकने के गंभीर प्रयास हों तो सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है। राष्ट्रीय राजमार्गों से शराब की दुकानें हटाने का भी उद्देश्य यही था कि राह चलते लोगों को नशा करने से रोका जाए। शराब दुकानें हट जाने मात्र से इस बात की गारंटी नहीं हो जाती कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब नहीं बिक रही है। इन मार्गों पर शराब को अवैध बिक्री पर भी कड़ाई से लगाम लगाने की जरूरत है।

हमर BILASPUR — बिलासपुर डायरी

बयानों में आ गया चुनाव

चुनाव लोकसभा के हों या स्थानीय संस्थाओं के चुनाव तो चुनाव ही है। जीतने का जज्बा तो वही रहता है। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। सालभर पहले ही कांग्रेस की सरकार को हटाकर भाजपा ने राज्य की सत्ता हासिल की है। उसके लिए इन चुनावों का महत्व समझा जा सकता है। चुनावों में पार्टी कार्यकर्ता भी भड़ास निकालने का मौका नहीं चूकते। बिलासपुर नगर निगम के भाजपा के एक सीनियर पार्षद को इसी चक्कर में पार्टी से निष्कासन का नोटिस जारी किया गया है। इस पार्षद ने सीधे नगरीय प्रशासन मंत्री को निशाना साधते हुए वार्ड में विकास कार्य नहीं होने के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। मीडिया में इस तरह का बयान को पार्टी अनुशासन के खिलाफ मानते हुए पार्षद को यह नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में पार्षद को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करने तक की चेतावनी देते हुए जवाब-तलब किया गया है। भाजपा अनुशासित पार्टी कहलाती है, किसी पार्षद का यह बयान कैसे आया, नेताओं को गौर करना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को नेताओं से अपेक्षाएं बहुत होती हैं। कुछ तो निजी लाभ तक की अपेक्षा रखते हैं। कुछ की पूरी भी होती हैं। विभागीय मंत्री पर आरोप लगाने वाले पार्षद ने तो अपने वार्ड की कथित उपेक्षा की बात कही है। पार्टी में नेताओं के खिलाफ बोलने की मनाही नहीं है, कार्यकर्ता बोल भी सकते हैं पर चर्चा मीडिया का विषय नहीं बनना चाहिए। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की छवि सबको साथ लेकर चलने वाले नेता की है। अब तक ऐसा देखा-सुना नहीं गया कि कोई उनसे असंतुष्ट भी हो। कोई ऐसा हो भी तो कम से बयानबाजी के स्तर तक कभी आया नहीं। शायद सामने चुनाव देखकर चर्चा में आने के अवसर की कोई तलाश हो। राजनीति में यह सब समझते हैं।

स्मार्ट है इसलिए तीन लाख

स्मार्ट होने की चाहे जो कीमत हो पर यह आम आदमी ही क्यों चुकाए। बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिल आने की शिकायतें बढ़ गई है। पांच- सात सौ रूपए महीने का बिजली बिल चुकाने वाले एक उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगाने के बाद 2.98 लाख रुपए का बिल आ गया। अधिकारी इसकी जांच कराने की बात कह रहे हैं। आखिर इस तरह की गड़बड़ियों की क्या वजह हो सकती है, इस पर कुछ कह नहीं पा रहे हैं। स्मार्ट मीटर बिजली कंपनी ने ठेके पर लगवाए हैं। मीटर लगाकर ठेका कंपनी के लोगों ने अपना कर दिया। मीटर सही तरीके से काम कर भी रहा है नहीं, यह देखना बिजली कंपनी के अधिकारियों का काम है। लगता है कि यही काम नहीं हुआ, जो उपभोक्ताओं के मानसिक तनाव का कारण बन रहा है। अभी हजारों घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम बाकी है। बिलिंग संबंधी इस तरह की शिकायतों के बाद कौन यह मीटर लगवाना चाहेगा। उत्तर प्रदेश में तो इसी तरह की शिकायतों के कारण वहां की सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय ही वापस ले लिया। कहीं यहां भी यह नौबत न जाए, बिजली कंपनी के अधिकारियों को बिल संबंधी शिकायतों को देखना चाहिए। बिजली के पुराने मीटरों की रीडिंग के काम का बोझ स्मार्ट मीटरों से उतरने वाला है। बिजली बिल जमा नहीं होने पर यह स्मार्ट मीटर बिजली बंद कर देगा। बिजली कंपनी को अब लाइन बंद करने के लिए भी लाइनमैन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन सिर्फ स्मार्ट मीटर लगा देने से सब कुछ होने वाला नहीं है बिजली आपूर्ति व्यवस्था को भी स्मार्ट बनाना होगा। अभी शहरों में बिजली कि अधोसंरचना उस स्तर का नहीं है, जैसा होना चाहिए। फ्यूज काल अटेंड करने में घंटों लग जाते हैं। बिजली अधिकारियों को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। जो अधिकारी उपभोक्ताओं का फ़ोन रिसीव नहीं करते उन्हें कैसे स्मार्ट बनाया जाए, इस पर भी उच्चाधिकारियों को गौर करना चाहिए।

बच्चों की सेहत के लिए

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बच्चों को आंगनबाड़ियों में मीनू के अनुसार रेडी टू ईट और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने को कहा है। हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर भी नियुक्त किया है, जो देखेंगे कि इसमें कितना सुधार हुआ है। अधिकारी कोर्ट के निर्देश के बाद व्यवस्था में सुधार के प्रयास में लग गए हैं पर अपेक्षित सुधार नहीं आया है। अभी भी निम्न स्तर का भोजन परोसा जा रहा है। यह व्यवस्था जिनके हाथों में है पहले उन्हें सुधारना जरूरी है। इनमें यह मानने वाले भी हैं कि महंगाई के इस दौर में सरकारी रेट पर मीनू के अनुसार भोजन देना संभव ही नहीं है? अगर ऐसा ही है तो समझ लीजिए इसमें सुधार की कोई संभावना नहीं है। फिर गेंद सरकार के पाले में चली जाती है। यह ठीक उसी तरह है कि जब कि गांवों में 1.40 लाख में प्रधानमंत्री आवास नहीं बन सकता। जब यह योजना शुरू हुई थी और आवास निर्माण की लागत निर्धारित की गई थी तब से निर्माण सामग्रियों की कीमत 60 प्रतिशत तक बढ़ गई है। लोग कहते हैं कि इसलिए आवास का निर्माण में पैसे रहते तक होता है और बाद में आधा-अधूरा पड़ा रह जाता है। हजारों आवास अब भी ऐसे ही पड़े हैं। बच्चों की भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता और लागत का पुनर्निर्धारण की आवश्यकता पर भी विचार होना चाहिए। सिर्फ दबाव देकर गुणवत्ता नहीं लाई जा सकती। व्यवस्था चलाने वालों को सक्षम अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए। यह बच्चों की सेहत का मामला है, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं हो सकती। प्रशासनिक अधिकारी इसमें क्या कर सकते हैं, उन्हें भी व्यवस्था की बुनियादी बातों को समझना चाहिए क्योंकि गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उन पर ही है।

वार्डों की भी होगी सफाई

बिलासपुर नगर निगम में 70 वार्ड हैं। 22 नए वार्ड नगर सीमा के विस्तार के बाद वर्ष 2019 में बढ़े थे और तब से लेकर अब तक इन वार्डों की सफाई व्यवस्था की सुध नगर निगम शिकायत मिलने पर ही ले लिया करता था। शहर के पुराने वार्डों की सफाई व्यवस्था ठेका कंपनी के जिम्मे है। अब नगर निगम ने इन नए वार्डों की सफाई का काम ठेका कंपनी से कराने का फैसला किया है। कंपनी के पास सफाई का मेकेनाइज्ड सिस्टम भी है। इससे इन वार्डों की सफाई भी अब ठीक तरीके से हो सकेगी, वार्डवासी भरोसा कर सकते हैं। उनकी मांग भी थी कि उनके वार्ड में भी गली-गली कचरा उठाने वाली गाड़ी आनी चाहिए। नालियों की नियमित सफाई होनी चाहिए। नगर निगम के अधिकारी यह भी मानते हैं कि नए वार्डों के विकास में काम होना चाहिए। अभी पानी, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं पर काम होना बाकी है। इसकी योजना बनाई गई है। विभागीय मंजूरी के बाद इसका काम भी होना है। स्वच्छता के लिए जरूरी है कि इसमें समस्या न आए। गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां ही नहीं होंगी तो सड़कों पर बहने से कैसे रोका जाएगा? नए वार्डों की सफाई का काम ठेका कंपनी को देने का फैसला करते समय अधिकारियों ने इस बात का ख्याल जरूर आया होगा। कांग्रेस की सरकार ने नगर सीमा का विस्तार तो कर दिया था, लेकिन वहां कोई काम नहीं हुआ। भाजपा की सरकार आने के बाद यहां काम कराने की मांग भी उठने लगी है। सफाई भी उनमें शामिल हैं। सफाई होगी तो दूसरी समस्याएं भी अधिकारियों को दिखाई देगी और उन पर काम शुरू होगा।

■ न्यूज गैलरी

ख्रीष्ट जयंती 25 को

राजनांदगांव। नवप्रदेश। ईसाई समाज के परम आराध्य ईसा मसीह का जन्मदिन हर साल की तरह इस साल भी 25 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा सेंट जॉन द बेपटिस्ट चर्च के पेरिस काउंसिल के सदस्य हैंरी जोसेफने बताया कि जयंती त्यौहार को लेकर समाज में भारी प्रसन्नता व्याप्त है। सब अपने-अपने तैयारी में लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि गिरजाघर में सामूहिक प्रार्थना एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ जयंती की बहुरंगी छटा बिखरेगी।

जोसेफ ने आगे बताया कि प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन 25 दिसंबर क्रिसमस पर्व को पारंपरिक रूप से मनाने के लिए ईसाई समुदाय द्वारा तैयारी की जा रही है। इससे पूर्व चर्चों और घरों की सजावट की जा रही है। पारंपरिक रूप से घरों में पहुंचकर प्रभु यीशु की स्तुति गान से जुड़े कैरोल सांग गाया जा रहा है। क्रिसमस पर्व को लेकर ईसाई समुदाय जुट गया है। क्रिसमस के लिए गिरजाघरों को जहां आकर्षक रूप दिया जा रहा है। साथ ही घरों में परपंरागत कैरोल सांग की आवाज सुनाई दे रही है। ईसाई समाज के घरों में लोग सामूहिक रूप से भक्ति गीत गाते नजर आ रहे हैं। विभिन्न चर्च में पर्व को खास बनाने के लिए भक्तिमय गीत का अभ्यास किया जा रहा है। शहर के ज्यादातर चर्च में देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी हुई है। माह भर से चर्च में रंगरोगन किए जा रहे हैं। कई गिरजाघरों को आकर्षक विद्युत झालरों से रौशन किया जा रहा है। ईसाईयों के इस बड़े त्यौहार को लेकर बाजार में हलचल बढ़ गई है। स्थानीय वेसलियन चर्च के सामने सेंटा क्लॉज के पोशाक व घरेलू सामानों की बिक्री होने लगी है। चर्च के भीतर प्रभु यीशु के जन्मदिवस से जुड़ी गाथाओं की झांकियां बनाने की तैयारी चल रही है। प्रभु यीशु के जन्मदिन के साथ उनके जीवन में हुई घटनाक्रम की भी झांकी बनाया जा रहा है।

ग्रामीणों से अपील सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और विकास में योगदान दें

उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से शीतलपानी में माध्यमिक शाला भवन का भूमिपूजन

■ क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और तेजी आई है। आज ग्राम शीतलपानी में 21 लाख 59 हजार रुपए की लागत से एक नई माध्यमिक शाला भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों को एक और बेहतर शैक्षिक सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला, मंडल अध्यक्ष रेंगाखार कला, झलमला सोसायटी अध्यक्ष, ग्राम पंचायत शीतलपानी के सरपंच एवं भूतपूर्व सरपंच, मंडल महामंत्री, और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा का विकास किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस नए शाला भवन के निर्माण से शीतलपानी क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में वनाचल क्षेत्र ग्राम शीतलपानी में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी शीघ्र नए योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और क्षेत्र के समग्र विकास में अपना योगदान दें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह योजना इसके अंतर्गत एक अहम कदम है।

सरकार के प्रयासों की ग्रामीणों ने की सराहना

भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी इस पहल को लेकर आभार व्यक्त किया और सरकार के प्रयासों की सराहना की। गांव के नागरिकों ने कहा कि यह शाला भवन बच्चों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा, जिससे भविष्य में उनकी शिक्षा और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री और राज्य सरकार का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी और शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की योजनाओं को लेकर सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि इस शाला भवन के बनने से शीतलपानी सहित आसपास के क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे उनका भविष्य उज्जवल होगा।

संकुल मनेरी में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

■ मनेरी प्रथम स्थान एवं गूंगेरि नवागांव द्वितीय स्थान पर रहे

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी विकास खण्ड डोंगरगांव में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष वैष्णव पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ऐ.आर. साहू, संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, के .पी साव ,विमल साहू,भुनेश्वर चन्द्रवंशी, वीरेंद्र यादव, साहू, रोमनाथ श्रीवास माधव साहू, किशन देशमुख गेंद लाल डहरे,रमा भिमटे, कीर्ति सिन्हा ,सरिता यादव,छत्तरपति गुरु, पूनम जोशी, शादिका अंसारी, रुकैया हनफ़ी, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कर्राम, विनोद शर्मा नीता साहू, कविता शर्मा केशरी देवांगन सुमन यादव चंदू लाल साहू आदि की उपस्थिती में संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य,रक्तदान शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का आयोजन

सुशासन, समृद्धि और विकास का एक साल हर वर्ग के विकास का संकल्प लेकर काम कर रही है सरकार

■ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने मितानिनों को किया सम्मानित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशाल स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर एवं मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू के अतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की, विशेष अतिथि रविंद्र वैष्णव,संजय सिन्हा,तेजराम साहू तथा पन्नालाल यादव थे। मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों एवं प्रशिक्षकों को शाल, श्रीफ्ल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल को सुशासन का काल बताते हुए कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओ, किसानों, मजदूरों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, आवास,आदिवासियों , बुजुर्गो, खिलाड़ियों सभी के हितों का ख्याल रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की गई है। एक साल में ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे है तथा प्रदेश के सभी आयु वर्ग के लोगो को इसका लाभ मिल रहा है।

सुशासन ... विष्णुदेव सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर मंत्री केदार कश्यप पहुंचे दंतेवाड़ा, गिनाई उपलब्धियां

विष्णुदेव सरकार का एक वर्ष विश्वास एवं जन जन के विकास का : केदार कश्यप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर केदार कश्यप -वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन व प्रभारी मंत्री दंतेवाड़ा पहुंचे दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने भव्य व जोशीला स्वागत किया । मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी के करकमलों से जिला प्रशासन के द्वारा जिला खनिज न्याय निधि के मद से जिले के अंदरूनी गावँ के स्व सहायता समूह के दीदीयो के स्वरोजगार व ग्रामीणो के आवागमन सुविधा हेतु टाटा मैजिक वाहन का चाबी सौंप कर वितरण किया गया । जनादेश परब कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रेससवार्ता में सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों से मंत्री व मुख्य अतिथि केदार कश्यप ने मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया । मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी को सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। सुशासन की स्थापना के लिए हम तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। सुशासन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमारी सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण नाम से नया विभाग बनाया है। विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के लोगों को जो गारंटियां दी थी, उनमें से अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने एक वर्ष की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिया है। हमारी सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकार्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसान भाई-बहनों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण भी किया।

न्यूज़ गैलरी

नए साल से कम दर पर होम लोन मिलने की आस

दिल्ली। आरबीआई ने ब्याज दरों को करीब दो साल से स्थिर रखा है। इससे होम लोन की दरें इस समय 13 फीसदी के ऊपर तक पहुंच गई हैं। ऐसे में अगर आप थोड़ा इंतजार करते हैं तो सस्ते दर पर कर्ज मिल सकेगा। होम लोन लेने वालों के लिए यह साल ऊंची ब्याज दरों वाला रहा है। हालांकि, कर्ज अब सस्ता होने की उम्मीद है, क्योंकि नए साल में ब्याज दर घट सकती है।?इसकी शुरुआत फरवरी से होने की संभावना है। इससे आपको राहत मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में कटौती की है। इससे बैंकों को कर्ज देने के लिए ज्यादा पैसा मिल सकेगा। इस कदम से कर्ज दरों में कमी आने की उम्मीद है। इससे कर्ज लेने को और प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। दिसंबर के पहले हफ्ते में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में दरों को जस का तस रखा गया है। लेकिन, जापानी बैंकर नोमुरा को उम्मीद है कि ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला अब शुरू हो सकता है। फरवरी में इसमें कम-से-कम 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद है। जब दरें घटने का सिलसिला चालू होगा तो यह एक फीसदी तक घट सकती है। यानी जो रेपो दर अभी 6.5 फीसदी पर है, वह 5.5 फीसदी पर आ सकती है। ऐसे में बैंक भी दरों को घटाने पर मजबूर होंगे। हालांकि, इसके साथ जमाकर्ताओं को नुकसान होगा, क्योंकि कर्ज के साथ जमा पर भी ब्याज दरें घटेंगी। ऐसे में होम लोन लेने वालों को अगले पूरे साल में ब्याज पर एक फीसदी का फायदा हो सकता है।

आसान क्लेम के लिए पूर्व बीमारियों की दें जानकारी

दिल्ली। प्री-एग्जिस्टिंग डिजीज (पीईडी) का अर्थ है...ऐसी कोई भी मेडिकल स्थिति, बीमारी या चोट, जिसका स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने से पहले इलाज किया गया हो या जिसके लक्षण मौजूद हों। प्री-एग्जिस्टिंग बीमारियां जोखिम आकलन व कवरेज शर्तों को निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। मेडिकल इमरजेंसी जैसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों में स्वास्थ्य बीमा मददगार होता है। हालांकि, यह तभी संभव है, जब स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में आपकी और कंपनी की ओर से दी गई जानकारियां स्पष्ट हों। स्पष्ट जानकारियों के अभाव में बीमा कंपनियां क्लेम खारिज कर देती हैं। इन्हीं जानकारियों में से एक है...प्री-एग्जिस्टिंग डिजीज (पीईडी) यानी पहले से मौजूद बीमारियां। पीईडी का अर्थ है...ऐसी कोई भी मेडिकल स्थिति, बीमारी या चोट, जिसका स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने से पहले इलाज किया गया हो या जिसके लक्षण मौजूद हों। प्री-एग्जिस्टिंग बीमारियां जोखिम आकलन व कवरेज शर्तों को निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, कोई भी मेडिकल स्थिति जिसका स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने से 48 महीने पहले इलाज किया हो, प्री-एग्जिस्टिंग डिजीज यानी पीईडी मानी जाती है।

रूस से कच्चे तेल का आयात ढाई साल के निचले स्तर पर

दिल्ली। छूट में कटौती के बाद भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नवंबर, 2024 में घटकर करीब ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया। इसके बावजूद रूस अब भी भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। इसके बाद इराक व सऊदी अरब का स्थान है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने रिपोर्ट में कहा, नवंबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में 55फीसदी की भारी गिरावट आई। यह जून, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने चीन ने सबसे ज्यादा 47त्न कच्चा तेल रूस से खरीदा। उसके बाद

दिसंबर में कंपोजिट पीएमआई 60.7 पर

भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 के अंत तक मजबूत स्थिति में रहेगी

नई दिल्ली। भारत के निजी क्षेत्र में दिसंबर में मजबूत वृद्धि देखी, जो चार महीनों में इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस दौरान विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों ने त्वरित वृद्धि दिखाई, जिसे नए व्यापार प्रवाह में वृद्धि और रोजगार सृजन में वृद्धि का समर्थन मिला। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स, जो विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के संयुक्त उत्पादन को ट्रैक करता है, दिसंबर में 60.7 पर पहुंच गया, यह नवंबर में 58.6 था। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित एचएसबीसी डेटा के अनुसार कंपोजिट पीएमआई में अगस्त 2024 के बाद से सबसे मजबूत विस्तार दिखा। भारत के निजी क्षेत्र में दिसंबर में मजबूत वृद्धि देखी, जो चार महीनों में इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस दौरान विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों ने त्वरित वृद्धि दिखाई, जिसे नए व्यापार प्रवाह में वृद्धि और रोजगार सृजन में वृद्धि का समर्थन मिला। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई दिसंबर में 57.4 पर पहुंच गया, जो नवंबर के 56.5 से ऊपर है, यह मजबूत कारोबारी परिस्थितियों का संकेत देता है। उत्पादन में वृद्धि, नए ऑर्डर और रोजगार ने घरेलू मांग में वृद्धि के समर्थन ने पीएमआई में रिकवरी को बढ़ावा दिया। सेवा क्षेत्र ने विकास की गति को आगे बढ़ाना जारी रखा। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर में 58.4 से दिसंबर में 60.8 पर चढ़ गया। सेवा प्रदाताओं ने बिक्री और बैकलॉग में तेज वृद्धि दर्ज की, जो इस क्षेत्र के लचीलेपन को दर्शाता है। निजी क्षेत्र की फर्मों ने दिसंबर में अपने कार्यबल का काफी विस्तार किया, रोजगार सृजन इस दौरान एक नए शिखर पर पहुंच गया। नियोक्ताओं ने बढ़ती मांग को पूरा

करने के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के कर्मचारियों को जोड़ा, जबकि मई 2024 के बाद से काम के बैकलॉग में सबसे तेज गति से वृद्धि हुई। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम के अनुसार इस फ्लैश रिलीज में, दिसंबर में हेडलाइन मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में मामूली वृद्धि मुख्य रूप से मौजूदा उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार में वृद्धि के कारण हुई। नए घरेलू ऑर्डर में विस्तार तेज हुआ, जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि की गति में तेजी का संकेत देता है। इसके अलावा, इनपुट लागत में निरंतर वृद्धि ने निर्माताओं को बिक्री मूल्य बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आउटपुट मूल्य सूचकांक फरवरी 2013 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। जुलाई के बाद से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की मांग में सबसे तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ऑर्डर ने वृद्धि में योगदान दिया। नए निर्यात ऑर्डर पांच महीनों में सबसे तेज दर से बढ़े, जिसमें निर्यात वृद्धि में विनिर्माण ने सेवा क्षेत्र को पीछे छोड़ दिया। लगातार दूसरे महीने कारोबारी आशावाद मजबूत हुआ, जो सितंबर 2023 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सकारात्मक मांग की उम्मीदों और मजबूत ग्राहक संबंधों ने निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं दोनों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाया। सितंबर के 15 महीने के उच्चतम स्तर से लागत दबाव थोड़ा कम हुआ, जो दीर्घकालिक औसत के अनुरूप है। हालांकि, खाद्य, माल ढुलाई और श्रम जैसी वस्तुओं के लिए इनपुट लागत में वृद्धि जारी रही। लागत दबाव कम होने के बावजूद, फर्मों ने बिक्री मूल्य में वृद्धि हासिल की, हालांकि नवंबर के 12 साल के उच्चतम स्तर की तुलना में यह धीमी रही। दिसंबर में निर्माताओं की इनपुट खरीद में तेजी दिखी, जिसका फायदा वेंडर्स के बेहतर प्रदर्शन से मिला।

राज्यसभा में बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण

भारत का संविधान 75 वर्षों में समय की कसौटी पर खरा उतरा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को राज्यसभा में संविधान पर बोलीं। अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कांग्रेस को उनके कार्यकाल के दौरान संविधान के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए घेरा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत का संविधान पिछले 75 वर्षों में समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इसी समय के आसपास अपने संविधान तैयार करने वाले 50 देशों में से अधिकांश देशों ने अपने संविधानों को या तो फिर से लिखा या उनमें बदलाव किया। राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷जैसा कि हम अपने संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मुझे लगता है कि यह समय है कि हम ऐसे भारत के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें जो इस पवित्र दस्तावेज में निहित भावना को कायम रखे।÷ वित्त

मंत्री ने कहा कि भारत का संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में संविधान के 75 वर्ष पर हो रही चर्चा पर बोलते हुए ये बातें कहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग जगत को कुशल जनशक्ति के लिए दुनिया भर की सरकारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। संविधान पर बोलते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने इतिहास में अपनी कुर्सी बचाने के लिए संविधान में संशोधन किए। वित्त मंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस के लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं, पर उन्हें याद करना चाहिए कि किसी के खिलाफ में महज कविता पढ़ने के कारण 1949 में मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी जैसे सिनेमा के दिग्गजों को जेल भेज दिया गया था। राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ÷...मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी दोनों को 1949 में जेल भेजा गया था। 1949 में मिल मजदूरों के लिए आयोजित एक बैठक के दौरान, मजरूह सुल्तानपुरी ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी गई एक कविता सुनाई और इसलिए उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने इसके लिए माफ़ी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल जाना पड़ा... अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कम करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं था। 1975 में माइकल एडवर्ड्स की लिखी गई राजनीतिक जीवनी नेहरू पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने किस्सा कुर्सी का नामक एक फिल्म पर भी प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठाए गए थ। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, इस देश के पहले प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की प्रेस जांच की निंदा की, ऐसा तब था जब वे सार्वजनिक रूप से प्रेस की स्वतंत्रता

कमजोर वैश्विक रुझानों से फिसला बाजार

थोक महंगाई के आंकड़ों से पहले सेंसेक्स-निफ्टी नरम पड़े



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की गिरावट के साथ 84.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.83 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट दर्शाता है। घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को गिरावट के साथ शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बाजार लाल निशान पर खुला। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 215.59 अंक की गिरावट के साथ 81,917.53 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 49.45 अंक फिसलकर 24,718.85 अंक पर रहा। इससे पहले शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,335.32 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी और सन फार्मा सबसे ज्यादा अधिक गिरावट में रहे। आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में तेजी रही। स्टॉक्सबॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, सीएफटीई, चार्टर्ड मार्केट टेक्नीशियन, अमेय रणदिवे ने कहा, ÷मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारत में शेयर बाजारों में सतर्कता रहने की उम्मीद है, क्योंकि निवेशक इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

निवेश और सट्टेबाजी में अंतर समझें; रणनीति बनाकर लगाएं गाढ़ी कमाई, घाटे का पीछा न करें

दिल्ली। आजकल डिजिटल दुनिया में निवेश के तमाम साधन हैं, लेकिन ये सभी साधन वास्तव में सही हैं, जिसकी आपको तलाश है, तो जवाब है...नहीं। पैसे लगाकर उससे कमाई करना और भारी जोखिम से बचना निवेश का एकमात्र तरीका है। बिना सोचे-समझे निवेश कर उसे गंवा देना, एक तरह की सट्टेबाजी हो सकती है। लखनऊ के डॉक्टर अजय राय (बदला नाम) को 2022 में क्लिनिक शुरू करने के लिए बड़ी रकम की जरूरत थी। एक दोस्त ने उन्हें वायदा और विकल्प (एफएंडओ) से परिचित कराया। हालांकि, राय को डेरिवेटिव के बारे में कुछ भी नहीं पता था। फिर भी उन्होंने एफएंडओ में 40 लाख रुपये लगा दिए, क्योंकि उनके दोस्त ने कम समय में पैसा दोगुना करने का दावा किया था। लेकिन, जल्द ही उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। घाटे की भरपाई के लिए उन्होंने और अधिक पैसे लगाए। जब यह रकम भी डूब गई तो कार बेच दी और बदले की भावना से बाजार में उतरे। छह महीने में उनके एक करोड़ डूब गए। वह अपना घर बेचने के लिए तैयार थे, तब पत्नी ने रोका और फिर वे मनोवैज्ञानिक के पास पहुंचे। कुल मिलाकर, जब अधिकांश निवेशक मुनाफा कमा रहे होते हैं, तो यह लोगों को अति आत्मविश्वास और जल्दी पैसा बनाने के रोमांच की झूठी भावना बढ़ा देता है। यह लापरवाह निवेश का अनोखा मामला है, लेकिन कई निवेशकों के लिए यह तेजी से पैसा कमाने की चाह रखने वाली हकीकत है। चाहे वह रोमांच के लिए हो, वित्तीय आपातकाल हो, लालच से प्रेरित हो या अविश्वसनीय रूप से वित्तीय लक्ष्यों के लिए निवेश विकल्प के रूप में

थोक महंगाई दर तीन महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई। अक्तूबर में यह 2.36 प्रतिशत थी। सरकार ने इससे जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं।

नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की थोक कीमतें कम होने से थोक महंगाई दर में नरमी आई है।सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं, विशेषकर सब्जियों और प्याज की कीमतों में भारी गिरावट के कारण भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में तीन महीने के निचले स्तर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, यह अक्तूबर में 2.36 प्रतिशत थी।पिछले वर्ष

नवंबर में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 0.39 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं, विशेषकर सब्जियों के दाम कम होने से नवंबर महीने में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति के कम होने में मदद मिली। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 8.63 प्रतिशत रह गई, जबकि अक्तूबर में यह 13.54 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण मुद्रास्फीति 28.57 प्रतिशत रही, जबकि अक्तूबर में यह 63.04 प्रतिशत थी।

हालांकि, आलू की बात करें तो मुद्रास्फीति 82.79 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही, जबकि प्याज की मुद्रास्फीति नवंबर में तीव्र गिरावट के साथ 2.85 प्रतिशत पर आ गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में नवंबर में 5.83 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि अक्तूबर में इस श्रेणी में 5.79 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई थी। विनिर्मित वस्तुओं के मामले में में नवंबर में मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत रही, जबकि अक्तूबर में यह 1.50 प्रतिशत थी।

भारत पहली पारी में 51 रन, राहुल-रोहित नाबाद लौटे; ऑस्ट्रेलिया 394 रन से आगे

ब्रिस्बेन। ब्रिस्बेन में सोमवार को दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट का तीसरा दिन बारिश के नाम रहा है। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर सोमवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही।

ऐसे में 33 ओवर ही डाले जा सके। स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 4 विकेट पर 51 रन बनाए। केएल राहुल 33 रन और कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर नाबाद लौटे। टी-ब्रेक से पहले ऋषभ पंत (9 रन) और विराट कोहली (3 रन) पवेलियन लौट गए थे। यशस्वी जायसवाल (4 रन) और शुभमन गिल (1 रन) को मिचेल स्टार्क ने आउट किया था। ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में

445 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम ने 40 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए हैं। एलेक्स कैरी 70 रन बनाकर आउट हुए।

जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट चटकाए। रविवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रैविस हेड (152 रन) और स्टीव स्मिथ (101 रन) के शतकों के सहारे 405 रन बनाए थे। पहले दिन बारिश के कारण 90 में से 13.2 ओवर ही डाले जा रहे। भारतीय टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारत÷ रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया÷ पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

सबसे कम उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले खिलाड़ी डी गुकेश

स्पोर्ट्स डेस्क। वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश भारत लौट आए हैं। सोमवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में 12 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए। स्कोर यहां 6.5-6.5 से बराबर था। गुकेश ने

14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया। विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी गुकेश चेस के वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे ही प्लेयर बने। 2012 में विश्वनाथन आनंद चेस चैंपियन बने थे। गुकेश ने 17 साल की उम्र में स्न्रढ्ढष्ठश्व कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट भी जीता था। तब वह इस खिताब को जीतने वाले भी सबसे युवा प्लेयर बन गए थे। गुकेश को मिले 11.45 करोड़ रुपए इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (स्न्रढ्ढष्ठश्व) के 138 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब एशिया के 2 खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन के खिताब के लिए आमने-सामने थे। क्लासिकल गेम में एक जीत पर प्लेयर को 1.69 करोड़ रुपए मिले। यानी 3 गेम जीतने पर गुकेश को 5.07 करोड़ और 2 गेम जीतने पर लिरेन को 3.38 करोड़ रुपए सीधे ही मिल गए। बाकी प्राइज मनी दोनों प्लेयर्स में बराबर बांटी गई, यानी गुकेश को 11.45 करोड़ और लिरेन को 9.75 करोड़ रुपए का इनाम मिला। कौन हैं डी गुकेश? गुकेश डी का पूरा नाम डोम्माराजू गुकेश है।

खबरों के गलियारे से ...

-कैलाश यादव

शाह के दौरे और साय सरकार का एक्शन...

गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के दौरान साय सरकार का राइस मिलों पर कड़ा एक्शन विष्णुदेव के विराट स्वरूप का दर्शन कराता है। क्या कहें,

धान खरीदी के सीजन में राइस मिलरों की हेकड़ी पर पहली बार सुदर्शन चक्र चलाने पर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। खाद्य विभाग की टीम ने रायपुर, धमतरी, महासमुंद और राजनांदगांव जिलों में स्थित राईस मिलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सरकार ने सुशासन की झलक दिखा दी है। राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी गप्पू मेमन के गरियाबंद स्थित राइस मिल को सील करने के साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के भतीजे के दोंदेकला स्थित राइस मिल में भी खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई कर यह जता दिया कि सरकार सबका साथ सबका विकास के रास्ते चल रही है, पहले जो शार्टकट था, वो रास्ता अब बंद समझा जाए।

हमारे संवारने का नंबर कब आएगा...

विष्णुदेव साय ने अपनी सरकार का एक सूत्र वाक्य निर्धारित किया कि 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे और इसी सूत्र वाक्य के साथ साय सरकार

ने कामकाज की शुरुआत की। 13 दिसंबर को सीएम विष्णुदेव साय ने शपथ लेते ही छत्तीसगढ़ राज्य के तीव्र विकास के लिए काम करना शुरू किया और एक साल बाद चारों ओर विकास और सुशासन की बयार दिख रही है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि अब चार साल डबल इंजन की सरकार की रफ्तार अब और तेज हो जाएगी। विपक्ष क्यों खामखा यह आरोप लगा रहा है कि एक साल बेमिसाल नहीं तंगहाल रहा। क्या विपक्ष ने सरकार के ध्येय वाक्य को शिरोधार्य नहीं किया। इस कारण वो बार-बार यही राग अलाप रहे है कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे तो आपने हमें विपक्षी बनाया है तो हमारे संवारने का नंबर कब आएगा।

एक बार और क्यूआर कोड वाले विज्ञापन की दरकार

बस्तर की तस्वीर बदल रही है, इस बात को लोगों तक पहुंचाने के लिए अखबारों में मैं हूँ बदलता बस्तर का विज्ञापन छपा है, जिसमें दिए

गए क्यूआर कोड को स्कैन करते ही बदलते बस्तर का एक वीडियो डिस्प्ले होता है, जिसमें बस्तर के बदलते हालात को देखा जा सकता है। यह विज्ञापन जनसम्पर्क विभाग ने जारी किया है, जो आज सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ है। जनसम्पर्क का यह अभिनव प्रयोग है, जिसमें फिक्स्ड विज्ञापन प्रदर्शित करने के साथ ही वीडियो भी डिस्प्ले हो रहा है। पिछले एक साल में राज्य सरकार ने नक्सली मोर्चे पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। कभी नक्सलियों के गढ़ रहे अधिकांश हिस्सों को नक्सलमुक्त कराने के साथ ही वहां विकास के काम शुरू किए गए हैं। यही सब बदलते बस्तर की तस्वीर में दिखाई गई है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि विपक्ष का तो सीधा आरोप है कि इस तरह के मन बहलाने वाले गालिब साहब की शायर की तरह है, जो मन बहलाने के लिए अच्छा कहा जाता है। इस क्यूआर कोड में कही भी एक साल में सरकार ने क्या विकास वो छुपा हुआ है, जो दिखाई ही नहीं दे रहा है। कृपया एक बार और क्यूआर कोड वाला विज्ञापन प्रकाशित करवा कर जनता को तो बता दीजिए सरकार कि कितना विकास हुआ है और कहां हुआ है।

हमने ही बर्खास्त किया, हम ही बहाली देंगे ...

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रजिस्ट्रार द्वारा मनोनीत सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता की बर्खास्तगी को गलत बताते हुए हाई कोर्ट ने निरस्त

कर दिया है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद जिन रजिस्ट्रार ने बर्खास्तगी आदेश जारी करने अश्विनी गुर्देकर को ही बहाली का भी आदेश जारी करना पड़ा। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि डॉ. राकेश गुप्ता फार्मेसी काउंसिल के मनोनीत सदस्य है जिसे षड्यंत्रपूर्वक काउंसिल से हटा दिया गया था। हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर की कार्रवाई को गलत बताते हुए बर्खास्तगी आदेश को निरस्त कर दिया है। डॉक्टर राकेश गुप्ता ने रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर पर फर्जी डिग्री पद हथियाने का आरोप लगाया है। वित्तीय अनियमितता के साथ पद में जमे गुर्देकर पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। नहीं तो फार्मेसी विभाग फेल हो जाएगा।

देखें महतारियों के तेवर ....

तखतपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनियारी में ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन कार्यक्रम था, जिसके लिए क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह पहुंचे थे।

मूर्ति का निर्माण समूह की महिलाओं ने आपस में चंदा करके कराया था, मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में उन्हें भी शामिल होना था। लेकिन मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में उनको शामिल नहीं किया गया। जिससे नाराज महिलाओं का गुस्सा फूटा और विधायक धर्मजीत सिंह व स्थानीय सरपंच जितेंद्र राज के खिलाफ नारेबाजी करती हुई महिलाएं सड़क पर उतर आई और बिलासपुर कोटा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। महिलाओं को समझाइश दी गई, समझाइश के बाद ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम खोला गया। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि नेताओं को अब समझ आ गया होगा कि छत्तीसगढ़ के महतारियों के तेवर क्या हो सकते है। यदि चुनाव में यही हाल रहा तो क्या होगा।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

संजय श्रीवास्तव को पितृशोक, सीएम ने जताया दुख

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के पिता ब्रजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक जताया है। वहीं मुयमंत्री विष्णुदेव साय ने भी श्री श्रीवास्तव के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के पिता ब्रजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। मैं दिवंगत पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान कर शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

समर्थन मूल्य पर 50 लाख मीट्रिक धान की खरीदी

धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था से किसान खुश

- राइस मिलर अघोषित हड़ताल से आ रहे वापस
- राइस मिलों के पंजीयन, अनुमति अनुबंध एवं मिलिंग अनुबंध में लगातार हो रही वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर अब तक कुल 50 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राइस मिलर और घोषित हड़ताल से वापस आ रहे हैं। राइस मिलों के पंजीयन, अनुमति अनुबंध एवं मिलिंग अनुबंध में लगातार वृद्धि हो रही है। अब तक रायपुर संभाग में 14.52 लाख मीट्रिक टन, बिलासपुर संभाग में 9.76 लाख मीट्रिक टन, दुर्ग संभाग में 17.79 लाख मीट्रिक टन, बस्तर संभाग में 4.13 लाख मीट्रिक टन और सरगुजा संभाग में 3.80 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। किसान धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था से खुश हैं।

10.66 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा

प्रदेश में कुल 27.78 लाख पंजीकृत किसानों में से अब तक 10.66 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। इनमें 2.92 लाख लघु एवं सीमांत कृषक और 6.26 लाख दीर्घ कृषक शामिल हैं। किसानों को उनकी फसल का भुगतान तेजी से किया जा रहा है। अब तक विपणन संघ द्वारा 10,770 करोड़ रुपये की राशि अपेक्स बैंक को अंतरित की जा चुकी है। इसके तहत, संबंधित किसानों के बैंक खातों में नियमित रूप से राशि स्थानांतरित की जा रही है।किसानों की सुविधा हेतु उपार्जन केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है। साथ ही, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बारदानों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान

धान उपार्जन के लिए बारदानों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत सरकार की नीति के अनुसार, पुराने और नए बारदानों का उपयोग 50:50 अनुपात में किया जा रहा है। प्रदेश में अनुमानित 160 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन के लिए 4 लाख गठान नए बारदानों की आवश्यकता है, जिसमें से अब तक 3.65 लाख गठान उपलब्ध कराए जा चुके हैं। शेष बारदान अगले 15-20 दिनों में प्राप्त हो जाएंगे। अब तक पीडीएस बारदानों के रूप में 54,153 गठान, मिलर बारदानों के रूप में 1,40,924 गठान और किसान बारदानों के रूप में 12,747 गठान उपयोग किए जा चुके हैं।

कस्टम मिलिंग के लिए 2133 मिलरों के आवेदन

कस्टम मिलिंग के लिए 2133 मिलरों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1672 राइस मिलरों का पंजीकरण हो चुका है। इन मिलरों को 3.37 लाख मीट्रिक टन धान के वितरण आदेश जारी किए गए हैं। धान उपार्जन में रिसाइक्लिंग रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक 733 प्रकरण दर्ज कर 41,303 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। सीमावर्ती जिलों में 273 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां नियमित निगरानी की जा रही है। नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों पर भौतिक सत्यापन और पोर्टल पर डेटा अपलोड करने का कार्य भी जारी है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राइस मिलर और घोषित हड़ताल से वापस आ रहे हैं। राइस मिलों के पंजीयन, अनुमति अनुबंध एवं मिलिंग अनुबंध में लगातार वृद्धि हो रही है।

कोरिया जिले में अब तक 3.94 लाख क्विंटल धान की खरीदी

- 90 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान
- धान खरीदी में तेजी, राइस मिलों से उठाव कार्य जारी

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान के तहत अब तक 8,554 किसानों से कुल 3,94,596 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीदी के बदले किसानों को 90.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। धान का उठाव सुनिश्चित करने के लिए जिले में 10 राइस मिलों से अनुबंध किया गया है। इनमें से 7 राइस मिलों ने अब तक 17,480 क्विंटल धान उठाया है, जबकि संग्रहण केंद्र से 18,460 क्विंटल, कुल मिलाकर 35,940 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। 15 दिसंबर को अकेले 4,720 क्विंटल धान का उठाव किया गया।

22 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन - इस खरीफ सीजन में जिले के 22,978 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। अब तक इनमें से 8,554 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। किसानों को भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के माध्यम से किया जा रहा है।

कलेक्टर के निर्देश, किसानों को न हो असुविधा - कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी धान उपार्जन केंद्रों पर तौल प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नोडल अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि किसानों को खरीदी केंद्रों पर किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, सभी केंद्रों पर पर्याप्त हमाल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 07836-232330 और कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 जारी किए हैं।

महाकुंभ के मद्देनजर सारनाथ एक्सप्रेस फिर से बहाल

- दो दिसंबर से 27 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में हो गई थी रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। प्रयागराज में महाकुंभ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को पुनः संचालित करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन मंगलवार 17 दिसंबर से फिर से नियमित रूप से दौड़ेगी। इस ट्रेन का संचालन करने की घोषणा रेलवे को प्रयागराज में लगने जा रहे कुंभ मेले को ध्यान में रखकर करना पड़ा।

रेलवे ने पिछले दिनों उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे का हवाला देते हुए दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को दो दिसंबर से 27 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रद कर दिया था। रेलवे के इस फैसले का विभिन्न संगठनों के अलावा यात्रियों ने विरोध करते हुए इस ट्रेन की नियमित सेवा की मांग की थी। चौतरफा दवाब पडऩे पर रेलवे प्रशासन को यह फैसला वापस लेना पड़ा। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में कुंभ मेला लगने जा रहा है। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने सभी रेलवे की 77 ट्रेनों के साथ छत्तीसगढ़ से प्रयागराज जाने वाली सारनाथ को भी कोहरे के कारण 76 दिन तक(तीन माह के लिए) अलग-अलग दिनों में रद किया था। अब फिर से सारनाथ के चलने से यात्रियों को राहत मिलेगी। संगठनों और नेताओं ने रेलवे के इस फैसले पर आभार व्यक्त किया है। साथ ही भविष्य में भी सारनाथ एक्सप्रेस को कोहरे के कारण रद न करने की मांग की है।

बम्लेश्वरी राईस मिल के मालिक पर धोखाधड़ी का मुकदमा

कोरबा/नवप्रदेश। मेसर्स विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, ग्राम-जेंजरा, कटघोरा के जरिए मां बम्लेश्वरी राईस मिल के मालिक संजय सिंघानिया पिता बसंता अग्रवाल पोंडी उपरोड़ा कोरबा के द्वारा राइस मिल लगवाया गया। संजय सिंघानिया के आदेश पर 14.09.2023 से आवश्यक सामग्री उनके निर्माण स्थल पर मेसर्स विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के द्वारा भेजा गया और दिनांक 08.12.2023 तक सभी आवश्यक सामग्री निर्माण स्थल पर पहुंच गई। विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज को इसके एवज में 35 लाख 78 हजार 468 रुपए में से सिर्फ 22 लाख रुपए ही मां बम्लेश्वरी राइस मिल द्वारा दिया गया। बकाया 13 लाख 78 हजार 468 रुपए एवं 41 हजार 358 रुपए कुल 14 लाख 19 हजार 820 रुपए की मांग विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09.03.2024 को नोटिस भिजवा कर की गई किन्तु उन्होंने नोटिस के बावजूद भी राशि अदा नहीं की। जिसकी वजह से राशि वसूली के लिए बाद में प्रकरण एम.एस.एम.ई. फेसिलिटेशन कॉऊसिंल रायपुर में लगाया गया है। विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज के संचालक ने बताया कि कोरबा एस.पी. ऑफिस और थाना कटघोरा में भी इस बावत पूर्व में शिकायत किया गया है।

सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बनेगा अंडरब्रिज, कवायद तेज

कोरबा/नवप्रदेश। करोड़ों की लागत से सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग के पास अंडर पास बनाने की कवायद जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिला प्रशासन की एक टीम रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची और आसपास के कब्जा हटाने का कार्य शुरू कर दिया। जेसीबी के माध्यम से कुछ कब्जा को हटाया गया। जिसमे एक गुमटी और एक खाली मकान तोड़ा गया। वहीं अन्य लोगों को जल्द ही मकान खाली करने के लिए कहा गया है। ताकि अंडरपास का काम जल्द से जल्द शुरू हो सके।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। गोल चौक रोहिणीपुरम के पास घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलम कुमार वर्मा 38 वर्ष गोल चौक रोहिणीपुरम का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होण्डा साइन बाइक क्रमांक सीजी 07 सीई 7388 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

माना एयरपोर्ट की सुरक्षा में चूक, रनवे पर घुस गया युवक

- सीआईएसएफ के जवानों ने दौड़ाकर पकड़ा, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायपुर/नवप्रदेश। माना एयरपोर्ट की सुरक्षा में भारी चूक हो गई। एक शराबी दीवार फांदकर एयरपोर्ट परिसर में घुसा और नए एटीसी टावर की ओर से रन-वे पर आ गया। वह एरोप्लेन को नजदीक से देखना चाहता था। इसके लिए वह महासमुंद से रायपुर आया था। युवक को दौड़ता देखकर एयरपोर्ट में हड़कंप मच गया।

सीआईएसएफ के जवान युवक की ओर दौड़े और उसे दबोच लिया। पकड़कर बाहर लाया गया। उससे पूछताछ की गई। वह ठीक से जवाब नहीं दे पा रहा था। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ सेंधमारी का केस दर्ज किया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। माना टीआई भावेश गौतम ने बताया क सरायपाली निवासी पारसमणि ध्रुव (24) मजदूरी करता है। वह 13 दिसंबर की सुबह बस से रायपुर आया। फिर माना एयरपोर्ट पहुंचा। वह बरौंदा और रमचंडी गांव के आसपास भटकता रहा और मौका देखकर एयरपोर्ट की दीवार फांदकर भीतर आ गया। वह नए एटीसी टावर की ओर से दौड़ते हुए रनवे पर आ गया। वह आने वाली फ्लाइट को देखने लगा। रन-वे पर युवक को दौड़ता देखकर हड़कंप मच गया। वायरलेस से लगातार प्वाइंट आने लगा। इसके बाद युवक को दबोच लिया गया।

देशी शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नेवरा पुलिस ने ग्राम सिनोधा रोड स्थित तालाब के पास एक बाइक सवार के पास से 36 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिनोधा रोड स्थित तालाब के पास बाइक सवार युवक की रोककर तलाशी लिए, तो उसके पास से 36 पाव देशी शराब मिला। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ किया तो उसने अपना नाम राहुल निषाद 21 वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

5 आरा मिलों में वन विभाग की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अभनपुर में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है, नवापारा और अभनपुर में वन विभाग ने अवैध रूप से गिला कहुआ अर्जून की लकड़ी मिलने पर 5 आरा मिलो को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 5 मिलों पर कार्रवाई हुई है, कई दिनों से मिल वाले कहुआ अर्जुन लकड़ी की इस्तमाल कर रहे थे, वहीं आज वन विभाग ने अभनपुर में एक तो नवापारा की 4 मिलों पर कार्रवाई की है, अभी कई आरा मिलों में और भी कार्रवाई हो सकती है।

डीजे बजाने का ऐसा चढ़ा नशा, 11 केवी करंट की चपेट में

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में एक युवक 11केवी लाइन की चपेट में आ गया। वह जिले के परसाखोल पिकनिक स्पॉट पर 11केवी लाइन से अवैध रूप से कनेक्शन जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अन्य कई पर्यटक भी बाल-बाल बचे। जानकारी के मुताबिक, युवक डीजे चलाने के लिए जनरेटर के बजाय मेन लाइन (11केवी लाइन) से कनेक्शन जोडऩे की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक उसे करंट लग गया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। घायल युवक को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस ने रजबंधा मैदान के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस को सूचना मिली कि रजबंधा मैदान के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रूपेश यादव 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

हड्डी फोड़ ठंड... *ठंड का कई जिलों में टूटा रिकार्ड, शीत लहर से कांपा छत्तीसगढ़*

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी, कहीं-कहीं बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीते दो वर्ष से भी कम पारा गिर गया है। रविवार को 12.1 डिग्री दर्ज किया गया है।

इससे पहले 15 दिसंबर न्यूनतम तापमान में 12.8 डिग्री व दो दिसंबर को न्यूनतम तापमान में 12.2 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके अलावा सरगुजा में भी पांच साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां 2019 में 3.8 डिग्री पारा दर्ज किया गया था। रविवार को पारा 3.7 डिग्री दर्ज किया गया है। प्रदेश के उत्तरी भाग में कुछ पैकेट में शीतलहर चल रही है। साथ ही साथ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ पैकेट में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। सरगुजा संभाग के अनेक जिलों में पाले की स्थिति बनी हुई है। अगले तीन दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों के न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री और दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों के न्यूनतम तापमान में चार से छह डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

आज और कल इन जिलों में बारिश की संभावना

17 दिसंबर से प्रदेश में बादल छाए रहने और 18 दिसंबर से दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। रविवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सुकमा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 02.4 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया। आगामी 24 घंटों में दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

इन जिलों में इतना रिकार्ड हुआ पारा

अंबिकापुर में अधिकतम 23.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री, बीजापुर में अधिकतम पारा 29.2 और न्यूनतम 10.8 डिग्री, बिलासपुर में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम पारा 11.0 डिग्री दर्ज किया गया। दंतेवाड़ा में 28.9 डिग्री, न्यूनतम पारा 9.2 डिग्री, डुमरबहार में अधिकतम 26.9 डिग्री और न्यूनतम 6.3 डिग्री रहा।

मौसम का कुछ बन रहा सिस्टम

अगले दो दिनों में इसके और अधिक स्पष्ट होने व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में तमिलनाडु तट की ओर बढऩे की संभावना है। जिससे आगामी तीन दिनों में मौसम बदलने के आसार हैं। प्रदेश में बीते 24 घंटे में न्यूनतम तापमान एक से दो डिग्री तक गिर गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654